भाद्रपद कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 23 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 277, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शांति के लिए भारत हर सहयोग को तैयार 14

सलमान के नए गाने यू आर माइन का टीजर रिलीज 13







भदरसा दुष्कर्म कांड में एक्शन

# आरोपी मोईद खान के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर

## दो बिस्वा से अधिक एरिया में बने शॉपिंग कॉम्पलेक्स की 52 दुकानें जमींदोज

- कब्जे की भूमि पर तीन करोड़ से अधिक में बनाया था कॉम्पलेक्स

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** भदरसा में बालिका से सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान का 52 दुकानों वाला आलीशान शॉपिंग कॉम्पलेक्स गुरुवार को ध्वस्त कर दिया गया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चली कार्रवाई के दौरान तीन जेसीबी और एक पोकलैंड ने दो बिस्वा जमीन में करीब साढ़े तीन करोड़ की लागत से बने कॉम्पलेक्स को ढहा दिया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान तीन किलोमीटर का क्षेत्र पूरी तरह से सील रहा और भारी पुलिस बल के अलावा पीएसी भी तैनात थी।

अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र कुमार और सोहावल एसडीएम अशोक कुमार सैनी खुद कार्रवाई की निगरानी कर रहे थे। दोपहर करीब 1 बजे तीन जेसीबी और एक पोकलैंड मशीन पहुंच गई। सबसे पहले शॉपिंग कॉम्पलेक्स से खाद्य विभाग की निगरानी में सील की गई बेकरी खाली कराई गई। इसके बाद पिछले हिस्से से पोकलैंड मशीन और एक जेसीबी द्वारा ध्वस्तीकरण शुरू किया गया। दोपहर करीब 2 बजे ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू होते ही आधे घंटे में शॉपिंग कॉम्पलेक्स का एक चौथाई से अधिक पिछला हिस्सा ढहा दिया गया। इसके बाद आगे के हिस्से में दो जेसीबी से ध्वस्तीकरण शुरू किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। आगे और पीछे के हिस्से में स्थित 52 दुकानों में से 32 दुकानें एक घंटे के दौरान ध्वस्त कर दी गईं। इस दौरान कॉम्पलेक्स के बगल बनी दुकानों को बंद करा दिया गया था।



मोईद खान का शापिंग कॉम्पलेक्स ध्वस्त करती पोकलैंड मशीन। ● अमृत विचार

### आरोपी मोईद खान को एक और झटका

आरोपी मोईद खान की जमानत अर्जी पर सुनवाई गुरुवार को फिर टल गई। इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र पर कोर्ट ने सुनवाई स्थगित कर दी। अब अगली पेशी 28 अगस्त नियत की गई है।

### 30 जुलाई को हुई थी मोईद की गिरफ्तारी

अयोध्या पुलिस ने 30 जुलाई को जिले के पुराकलंदर थाना क्षेत्र के भदरसा नगर में बेकरी की दुकान चलाने वाले मोईद खान और उसके कर्मचारी राजू खान को किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में अरेस्ट किया गया। पीड़िता के गर्भवती होने के बाद इस घटना का खुलासा हुआ था।

> शॉपिंग कॉम्पलेक्स बिना नक्शा स्वीकृत कराए अवैध रूप से निर्माण किया गया था। इसलिए पूरे कॉम्पलेक्स के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई तहसील प्रशासन और पुलिस बल के सहयोग से की गई है। आरोपी को प्राधिकरण की ओर से नोटिस भी दिया गया है।
> –**सत्येन्द्र सिंह**, सचिव, अयोध्या विकास प्राधिकरण।

# बरेली में इंस्पेक्टर ने 7 लाख लेकर दो तस्कर छोड़े, आवास से 10 लाख मिले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसपी दक्षिणी मानुष पारीक और सीओ को देखते ही दीवार कूदकर भागा



रामसेवक

**अमृत विचार :** फरीदपुर के कोतवाल रामसेवक ने सात लाख की रिश्वत लेकर दो अफीम तस्करों को छोड़ दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के आदेश पर एसपी दक्षिणी मानुष पारीक जांच के लिए फरीदपुर कोतवाली पहुंचे तो रामसेवक दीवार कूदकर भाग गया।

कोतवाली परिसर में रामसेवक के आवास से रिश्वत के वसूले गए 9.96 लाख रुपये बरामद हुए हैं। सीओ फरीदपुर गौरव सिंह की तहरीर पर थाना फरीदपुर पुलिस ने आरोपी कोतवाल रामसेवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एसएसपी ने कोतवाल रामसेवक को निलंबित कर दिया है। बुधवार की रात नवदिया अशोक निवासी आलम, नियाज और एक अन्य को इंस्पेक्टर फरीदपुर रामसेवक ने पकड़ा था। दोनों को पुलिस फरीदपुर कोतवाली ले आई, लेकिन बाद में सौदा तय होने पर रामसेवक ने गुरुवार सुबह सात लाख रुपये की रिश्वत लेकर आलम और नियाज को छोड़ दिया। इसकी भनक थाने के पुलिसकर्मियों को लगी तो मामला एसएसपी अनुराग आर्य तक पहुंच गया।

एसएसपी के आदेश पर एसपी दक्षिणी मानुष पारीक दोपहर में कोतवाली पहुंचे और सीओ फरीदपुर को भी बुला लिया। इसकी भनक रामसेवक को लगी तो वह अपने आवास में ताला लगाकर कोतवाली की दीवार कूदकर भाग निकला। आवास का ताला तोड़कर तलाशी लेने पर उसके कमरे से 9.96 लाख रुपये बरामद हुए। सीओ गौरव कुमार सिंह ने थाना फरीदपुर में तहरीर देकर आरोपी कोतवाल रामसेवक खिलाफ वसूली, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, गलत तरीके से किसी व्यक्ति को बंधक बनाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

> फरीदपुर कोतवाल रामसेवक ने दो अफीम तस्करों को सात लाख रुपये लेकर छोड़ा है। आवास से 9 .96 लाख रुपये बरामद हुए हैं। कोतवाली फरीदपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई हैं।
> – **अनुराग आर्य**, एसएसपी, बरेली

# मौत का मामला दर्ज करने में देरी परेशान करने वाली

डॉक्टर हत्याकांड

- सुप्रीम कोर्ट ने जांच में खामियों के लिए कोलकाता पुलिस को फटकार लगाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के संबंध में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज करने में कोलकाता पुलिस की देरी बेहद व्यथित करने वाली है।

कोर्ट ने सख्त लहजे में घटनाओं के क्रम तथा प्रक्रियागत औपचारिकताओं के समय को लेकर भी सवाल उठाए। शीर्ष अदालत ने चिकित्सक की मौत के मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि 'न्याय और औषधि' को रोका नहीं जा सकता। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने कोलकाता पुलिस को फटकार लगाते हुए उसकी जांच में खामियों को उजागर किया। पीठ ने पुलिस अधिकारी को अगली सुनवाई पर पेश होकर यह बताने का निर्देश दिया कि मामले की प्रविष्टि किस समय दर्ज की गई।

## अस्पताल के पूर्व प्राचार्य घोष का होगा पॉलीग्राफ टेस्ट

**कोलकाता।** डॉक्टर दुष्कर्म-हत्याकांड मामले में सीबीआई ने कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को स्थानीय अदालत में पेश किया। यहां सीबीआई ने घोष के अलावा कुछ अन्य लोगों के पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की मांग की। कोर्ट ने इस मांग को स्वीकारते हुए टेस्ट की इजाजत दे दी। डॉक्टर घोष के अलावा चार अन्य डॉक्टरों के पॉलीग्राफ टेस्ट की भी मंजूरी मिल गई है। सीबीआई संदीप घोष और घटना के दिन ड्यूटी पर मौजूद चार अन्य डॉक्टरों विशेष अदालत लेकर गई थी।

## फास्टैग में पैसे अपने आप जमा होने की व्यवस्था लागू

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को अपने ई-मंजूरी ढांचे में संशोधन करते हुए फास्टैग एवं नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) में अपने आप पैसा जमा होने की मंजूरी दे दी। मौजूदा ई-मंजूरी ढांचे के तहत ग्राहक के खाते से वास्तविक निकासी से कम से कम 24 घंटे पहले कटौती पूर्व अधिसूचना की जरूरत होती है। जून में आरबीआई ने घोषणा की थी कि फास्टैग और एनसीएमसी में राशि खुद ब खुद जमा होने की व्यवस्था को ई-मंजूरी ढांचे के तहत सुगम बनाया जाएगा। आरबीआई के मुताबिक, इस सुविधा के लिए भुगतान आवर्ती (रेकरिंग) प्रकृति के होते हैं, लेकिन इसमें कोई नियत अवधि नहीं होती। ऐसे में यह कटौती पूर्व अधिसूचना की शर्त से मुक्त होंगे।

## बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन फिर प्रवेश, केंद्रों के बाहर जैमर

सिपाही भर्ती परीक्षा

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी सिपाही भर्ती परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए फूल प्रूफ प्लान तैयार किया है। परीक्षा शुक्रवार से दो पालियों में शुरू हो रही है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जबकि केंद्र में अभ्यर्थियों की संख्या के अनुरूप केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में पुलिस उपाधीक्षक से लेकर सब इंस्पेक्टर मौजूद रहेंगे। सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की जाएगी। सभी अभ्यर्थियों के बायोमैट्रिक वेरिफिकेशन के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। मालूम हो कि इसी वर्ष फरवरी माह में सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो गया था। इसके बाद प्रदेश सरकार की काफी किरकिरी हुई थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दोबारा परीक्षा कराने का फैसला लिया था।

## पर्चा लीक की अफवाह फैलाई सपा के पूर्व विधायक पर केस

**लखनऊ।** सिपाही भर्ती परीक्षा 2024 के पेपर लीक होने की अफवाह फैलाने के आरोप में हुसैनगंज थाने में सपा नेता और पूर्व विधायक यासर शाह समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। भर्ती बोर्ड में तैनात इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार के मुताबिक टेलीग्राम पर यूपी पुलिस पेपर लीक 2024 और वेनम नाम से दो चैनल बनाए गए। इनमें दावा किया गया है कि रुपये जमा करने वालों को पेपर उपलब्ध कराया जाएगा। भरोसा हासिल करने के लिए फर्जी प्रश्न पत्र की फोटो भी अपलोड की गई। आरोपियों ने अपने चैनल पर कुछ क्यूआर कोड भी शेयर किए। इनके जरिए पेपर के बदले रुपये ट्रांसफर कराने का प्रयास किया गया। इसी तरह एडमिन सीएचपी और प्रूफ ऑफ स्टूडेंट के नाम से भी टेलीग्राम चैनल बना कर रुपयों की मांग की जा रही है।



# 12 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा आज पहली पाली में बैठेंगे 5256 परीक्षार्थी

## 10 पालियों में 23, 24, 25, 30 व 31 को होगा परीक्षा का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती प्रवेश परीक्षा आज से जिले में शुरू हो रही है। पहले दिन 12 केंद्रों पर पहली पाली में 5256 परीक्षार्थी बैठेंगे। इसके अलावा 23, 24, 25, 30 व 31 को आयोजित होने जा रही परीक्षा प्रत्येक दिन दो शिफ्टों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। पूरी परीक्षा में कुल 52 हजार 560 परीक्षार्थी बैठेंगे। बुधवार शाम प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली।

परीक्षा पांच दिन चलेगी, जिसमें कुल दस पाली में 52 हजार 560 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रत्येक पाली में 5256 अभ्यर्थी पंजीकृत है। पहली पाली सुबह 10-12 बजे व दूसरी पाली 3-5 बजे तक होगी। इसके लिए 12 स्टैटिक, 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 12 परीक्षा सहायक केंद्र व्यवस्थापक व 12 परीक्षा सहायक द्वितीय तैनात किए गए हैं। परीक्षा केंद्र से 500 मीटर दूरी तक सभी फोटोकॉपी, प्रिंटिंग प्रेस, स्टेशनरी की दुकान परीक्षा के दिनों में बंद रखी जाएगी। इसके लिए डीएम उमेश प्रताप सिंह ने आदेश जारी कर दिया है।

डीएम ने कहा है कि जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक व्यवस्था का पूरी जिम्मेदारी से पालन करें। परीक्षा नकलविहीन सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से कराई जाए। निर्धारित किए गए परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट, जिन केंद्रों पर 504 से अधिक अभ्यर्थियों की संख्या है उन पर दो स्टेटिक मजिस्ट्रेट व प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर जिला प्रशासन की ओर से नामित सहायक केंद्र व्यवस्थापक की ड्यूटी लगाई जाए। परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ व अन्य संचार संबंधी उपकरण और आईटी गजेट्स ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। किसी प्रकार लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एडीएम प्रशासन/परीक्षा सहायक नोडल अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इंतजाम किए गए है।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एएसपी सिटी संजय कुमार। ● अमृत विचार

### इन केंद्रों पर संपन्न होगी परीक्षा

आर्य महिला इंटर कॉलेज, आर्य महिला पीजी कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कालेज, जीएफ कॉलेज ब्लॉक-1, जीएफ कॉलेज ब्लॉक-2, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय पालीटेक्निक, इस्लामिया इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, एसएस कालेज, एलबीजेपी इंटर कॉलेज तिलहर

पुलिस भर्ती परीक्षा 12 केंद्रों पर होगी। सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर ली गई हैं। सभी प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वह पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा कराएं।

– हरिवंश कुमार, डीआईओएस

### एडीएम प्रशासन को सहायक नोडल अधिकारी बनाया

डीएम ने परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय को सहायक नोडल अधिकारी परीक्षा नामित किया है। परीक्षा केंद्रों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को लगाया है। सीओ सिटी के साथ रहकर संयुक्त रूप से कानून व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को देखेंगे।

### खुटार में सुबह चार बजे से लगने लगती है लोगों की लाइन

# उप डाकघर में आधार कार्ड बनवाने को मारामारी

संवाददाता, खुटार



खुटार में उप डाकघर के बाहर आधार कार्ड बनवाने के लिए कतार में खड़े लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : उप डाकघर में नए आधार कार्ड बनवाने और संशोधन कराने को लेकर सुबह से शाम तक भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा रहती है। लोगों के बीच धक्का मुक्की होने पर कई बार विवाद की स्थिति बन जाती है। कई लोगों के घंटों लाइन में लगे होने के बावजूद भी आधार कार्ड नहीं बन पाते।

गुरुवार सुबह उप डाकघर के बाहर महिलाओं, बच्चों और पुरुषों की लाइन लगी थी। लोगों ने बताया कि रोजाना सुबह करीब चार बजे से यहां भीड़ लग जाती है। जबकि उप डाकघर दस बजे खुलता है। पहले नंबर के चक्कर में धक्का-मुक्की के बीच कई बार विवाद हो जाता है। हालात यह है कि सुबह से शाम होने तक भूखे प्यासे लाइन में लगे रहते हैं। लोगों को बच्चों का स्कूल में दाखिला और महिलाओं, पुरुषों को आधार कार्ड में संशोधन कराने के लिए केंद्र पर आना पड़ रहा है। भारी भीड़ के बीच भूखे प्यासे लोग सुबह से शाम तक लाइन में लगे रहते है। इसके बाद भी कुछ लोगों को मायूस होकर वापस होकर लौटना पड़ता है। जिम्मेदार जरा भी ध्यान नहीं देर रहे हैं। लोगों ने शासन-प्रशासन से कैंप लगाने की मांग की है।

● धक्का- मुक्की में बन जाती है विवाद की स्थिति

### अलग से नहीं बनाए गए केंद्र

आधार कार्ड बनवाने और संशोधन कराने में आ रही समस्याओं को लेकर ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने डीएम उमेश प्रताप सिंह को करीब 20 दिन पहले पत्र सौंपा था। जिसमें कहा गया था कि खुटार ब्लॉक में डाकघर में आधार कार्ड बनाए जाते हैं, जहां भारी भीड़ से समस्याएं पैदा हो रही है। डाकघर खुलने से पूर्व सुबह तड़के लोग पहुंच जाते है। डीएम ने मामले का संज्ञान लेकर अग्रणी जिला प्रबंधक को खुटार में दो अन्य केंद्र खुलवाने के लिए आदेश दिए थे लेकिन इस मामले में अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

## पुलिस परीक्षा अवधि में बंद रहेगा एसएस कॉलेज

शाहजहांपुर, अमृत विचारः एसएस कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद ने बताया है कि 23, 24, 25 एवं 30 और 31 अगस्त को उनके कालेज में दोनों पालियों में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी परीक्षा का केंद्र बनाया गया है, इसलिए परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए इन तिथियों में कॉलेज में अवकाश रहेगा। इसके बाद 26 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का अवकाश होगा। प्राचार्य ने बताया कि 23 और 24 अगस्त को स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय के कक्ष संख्या 102 से 105 में चलेगी। प्रवेश के लिए संबंधित विद्यार्थी आवास विकास कॉलोनी की ओर से विधि महाविद्यालय में प्रवेश कर पाएंगे। इसके अतिरिक्त 27 और 28 अगस्त को प्रवेश प्रक्रिया एसएस कालेज में यथावत पूर्ण की जाएगी।

# सचिव पर लापरवाही बरतने का आरोप

संवाददाता, सिंधौली

● प्रधानों ने बीडीओ के नाम संबोधित ज्ञापन एडीओ को सौंपा

● गांव में कराए गए विकास कार्यों का समय से भुगतान करने की मांग

अमृत विचारः क्षेत्र के प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी के नाम ज्ञापन एडीओ आईएसबी अनूप कुमार को सौंपा, जिसमें कराए गए विकास कार्यों का भुगतान किए जाने की मांग की गई और अन्य समस्याओं को भी उठाया है।

गांव सुहेली, बिलंदपुर, मियांपुर अख्तियारपुर, भायपुर, गरगया त्रिलोकपुर आदि के प्रधानों ने बताया कि ग्राम पंचायत में तैनात ग्राम विकास अधिकारी अरुंधति द्विवेदी कई माह से ग्राम पंचायतों में नहीं आ रही है, जिस वजह से पंचायत के विकास कार्यों एवं जनसमस्याओं का समय से निस्तारण नहीं हो पा रहा है और जन्म प्रमाण, मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर नकल एवं प्रधान का मानदेय और पंचायत सहायक केयर टेकर, सरकारी टेंडर, शासन की प्राथमिकता के अनुसार कराए गए विकास कार्यों का एमबी होने बाद भी समय से भुगतान नहीं किया जा रहा है। विधवा, आवास, दिव्यांग आवासों का मानक पूरे होने बाद भी अपात्र करना आम बात हो गई है।आरोप लगाया कि मैडम के साथ रह रहे उनके पति कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। कई बार अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए प्रधानों को हड़काने का प्रयास किया जाता है। इस दौरान प्रधान गीता देवी, तारा देवी, रघुवीर सिंह यादव, राजेश्वरी देवी, श्रीपाल पटेल, दीपू शुक्ला, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति अवधेश सिंह मौजूद रहे। वहीं ग्राम विकास अधिकारी अरुंधति द्विवेदी ने लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताया है।



एडीओ आईएसबी अनूप कुमार को ज्ञापन सौंपते प्रधान। ● अमृत विचार

### एक नजर

#### पुलिस अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर, अमृत विचार : शहर में शुक्रवार से 12 केंद्रों पर होने वाली पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए गुरुवार को पुलिस अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रो पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स और ट्रैफिक सिपाहियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा 23 अगस्त से 25 अगस्त और 30 व 31 अगस्त को होगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की डियूटी लगायी गयी है। एएसपी सिटी संजय कुमार ने सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर लिया है। इसके अलावा सभी सीओ की डियूटी भी लगायी गयी है। एसपी ने बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था का प्लान तैयार कर लिया गया है। प्रत्येक चौराहे और तिराहे पर ट्रैफिक सिपाहियों की डियूटी लगायी गयी है। टीएसआई को निर्देश दिए गए कि कहीं भी जाम नहीं लगना चाहिए।

#### स्टेशन पर खोले जाएंगे टिकट घर के तीन काउंटर

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सीएमआई एके ठाकुर ने बताया कि पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर मंडल के अधिकारियों के निर्देश पर जनरल टिकट घर के तीन काउंटर खोले जाएंगे। टिकट लेने में किसी प्रकार दिक्कत न हो। इसके अलावा चौबीस घंटे टिकट के लिए मशीन भी चालू रहेगी। सभी स्टाल संचालकों को निर्देश दिए गए है कि प्रिंट रेट पर ही वस्तु बेचेंगे। इधर आरपीएफ और जीआरपी के सिपाही प्लेटफार्म पर ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। जनरल टिकट घर पर भी जीआरपी के सिपाहियों की ड्यूटी लगायी है। इसके अलवा रोडवेज बस अड्डे पर दरोगा व सिपाहियों की डियूटी लगायी है।

# ऑपरेशन कर किशोरी के पेट से निकाला बालों का गुच्छा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● डॉक्टर बोले, लड़की अपने ही बाल खाती थी, जो उसके पेट में होते रहे इकट्ठे

अमृत विचार : राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में एक किशोरी के पेट का ऑपरेशन कर 16 सेंटीमीटर लंबा और पांच सेंटीमीटर गोलाकार बालों का गुच्छा निकाला गया। लड़की पूर्ण रूप से स्वस्थ है।



खुशी गौतम।

मेडिकल कॉलेज की पीआरओ डॉ. पूजा पांडेय त्रिपाठी ने बताया कि सिंधौली क्षेत्र के गांव आमडर निवासी सिद्धार्थ कुमार की बेटी खुशी गौतम(17) के पेट में दर्द की समस्या थी, जिस कारण उसे मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए लाया गया था। खुशी के पेट का अल्ट्रासाउंड करने पर पता चला कि उसके पेट में बालों का गुच्छा है, जिस कारण उसके पेट में दर्द रहता है। मंगलवार की सुबह सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विभोर जैन और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आदित्य कुमार सिंह ने एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव की सहायता से मरीज का ऑपरेशन कर उसके पेट में फंसे बालों के गुच्छे निकालने में सफलता हासिल की। ऑपरेशन के बाद मरीज पूर्णतया स्वस्थ है। डॉक्टरों ने बताया कि लड़की काफी समय से अपने ही बाल खाती रहती थी, जो उसके पेट में इकट्ठे होते रहे और गुच्छा बनता गया।

# समायोजन प्रक्रिया में दोहरे मापदंड का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बीएसए दिव्या गुप्ता को ज्ञापन देते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए को दर्ज कराई आपत्ति

अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को बीएसए दिव्या गुप्ता से वार्ता कर परिषदीय विद्यालय में संचालित समायोजन प्रक्रिया के कतिपय बिंदुओं पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। इस संबंध में ज्ञापन भी दिया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शिक्षकों के समायोजन और पदोन्नति में दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। माह दिसंबर 2023 में प्रत्येक विद्यालय में प्रधान अध्यापक का पद सृजित करते हुए पदोन्नति सूची पोर्टल पर अपलोड की गई, जबकि समायोजन में 150 संख्या से कम वाले विद्यालयों में प्रधान अध्यापक को हटाया जा रहा है। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्रा ने कहा कि किसी संस्था के संचालन के लिए संस्था अध्यक्ष का पद होना बहुत जरूरी है, इसलिए प्रत्येक विद्यालय में प्रधान अध्यापक पद को सरप्लस न माना जाए। साथ ही शिक्षामित्र को शिक्षकों की संख्या में आगणित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों की लंबित समस्याओं का समाधान नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई।

जिला मंत्री देवेश वाजपेयी ने कहा कि शिक्षकों के सत्यापन, एरियर भुगतान, शैक्षिक प्रमाण पत्रों की वापसी तथा बुनियादी भाषा एवं गणित प्रशिक्षण के मानदेय का भुगतान न किया आदि ऐसी समस्याएं हैं, जिनको दूर करने के लिए बार-बार पत्र दिए गए, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। प्रतिनिधि मंडल में जिला कोषाध्यक्ष रवींद्र प्रजापति, संयुक्त मंत्री डॉ. विनय गुप्ता, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष यशपाल सिंह, अश्वनी कुमार अवस्थी, मनमोहन त्रिवेदी आदि शिक्षक शामिल रहे।

# दुर्गा वाहिनी ने फूंका ममता बनर्जी सरकार का पुतला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



ममता बनर्जी का पुतला फूंकतीं विहिप दुर्गा वाहिनी की महिलाएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति शाहजीपुर ने गुरुवार को कोलकाता निर्भया कांड के विरोध में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका। महिलाओं ने ममता बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को दिया।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की ट्रेनी डॉक्टर के साथ बर्बरता पूर्ण ढंग से बलात्कार करके उसकी हत्या किए जाने से आक्रोशित महिलाओं ने खिरनीबाग चौराहा पर विरोध स्वरूप ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा अघोषित रूप से साक्ष्य को मिटाने और पीड़िता के परिजनों को दबाने की कार्रवाई की गई। पश्चिम बंगाल सरकार और पुलिस के कृत्य से हिंदू समाज एवं संगठन की भावनाएं आहत हुई हैं। दुर्गावाहिनी/मातृशक्ति ने जघन्य घटनाओं में संवेदनहीन बनी पश्चिम बंगाल सरकार को बर्खास्त किए जाने की भी मांग उठाई। साथ ही लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाई किए जाने और पीड़िता के परिजनों को 50 लाख रुपए आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग उठाई। पुतला दहन व ज्ञापन देने वालों में महानगर उपाध्यक्ष अंशु राजानी, संयोजक वृंदा जेटली, सह संयोजक अन्वेषी पांडेय, सत्यभामा, प्रीति शुक्ला, राखी जेटली, करिश्मा रावत, नीलम जेटली, मीनाक्षी श्रीवास्तव, रितिका गुप्ता, सोमवती यादव, निवेश यादव, नमिता शर्मा, नेहा, गीता, गौरी शर्मा आदि शामिल रहे।

● कोलकाता में डॉक्टर से रेप के बाद हत्या मामले में पश्चिम बंगाल सरकार बर्खास्त करने की मांग

### कार्यक्रम — स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वाबलंबी भारत अभियान का संयुक्त सम्मेलन

# राष्ट्र को विकसित करने के लिए आत्मनिर्भर बनें युवा



संबोधित करते स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संयोजक डॉ. अमितेश अमित।



आर्य महिला इंटर कॉलेज में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● आर्य महिला इंटर कॉलेज में विश्व उद्यमिता दिवस पर हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार : स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया।

आर्य महिला इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मेलन में स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संयोजक डॉ. अमितेश अमित ने कहा कि राष्ट्र को विकसित करने के लिए युवाओं को आत्मनिर्भर बनना होगा। क्षेत्रीय संयोजक डॉ. अमितेश ने कहा कि युवाओं को स्वाबलंबी बनाने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर संचालित स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत शिक्षण संस्थाओं में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वह नौकरी करने के स्थान पर नौकरी देने वाले युवा उद्यमी बनें, जिससे उनकी स्वयं की बेरोजगारी के साथ साथ में काम करने वाले लोगों की भी बेरोजगारी दूर हो सके। बताया कि युवा उद्यमियों को समय-समय पर सम्मानित भी किया जाएगा।

स्वदेशी जागरण मंच के महानगर संयोजक अरविंद मिश्रा ने कहा कि छात्राएं अपनी शिक्षा पूर्ण कर उच्च स्तरीय अध्ययन के साथ-साथ कुछ घरेलू उत्पाद बनाएं और उसको अपने निकट संबंधियों एवं सहयोगियों को प्रयोग करने के लिए प्रेरित भी करें। इस अवसर पर सहकार भारती के प्रदेश सह प्रमुख अभिनव कश्यप, शिवनंदन सागर, शिक्षिका सुमन मिश्रा समेत अलीना, संजना आदि छात्राओं ने भी विचार रखे। अर्पणा त्रिपाठी के संचालन में चले सम्मेलन में प्रधानाचार्य पूनम रानी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान संध्या आनंद, अनीता वाजपेई, चंद्र रेखा, मनीष मिश्रा, विनोद कुमार, संजय, ऋषभ शुक्ला, हिमांशु सोनवानी, राकेश वर्मा, सोनू आदि का सहयोग रहा।

# अभियानः सीडीओ ने की पौधरोपण की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह का स्वागत करते संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में सहयोग संस्था की ओर से हुआ आयोजन

अमृत विचार : सहयोग संस्था के पदाधिकारियों ने गुरुवार को बरेली मोड़ स्थित मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह ने एक पौध रोपित कर अभियान की शुरुआत की।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से हो रहे जलवायु परिवर्तन को अगर समय पर न रोका गया तो जीवन दायिनी गंगा तबाही ले आएगी। तापमान बढ़ता जाएगा। इसलिए अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए 20 साल पहले सोचकर चलना ही समझदारी है। स्कूल के चेयरमैन पूर्व आईएएस राजीव कुमार सिंह ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अच्छे कार्यों के लिए हम हमेशा सहयोग संस्था के साथ खड़े हैं। संस्था के संरक्षक अनिल कुमार गुप्ता प्रधान व शाहनवाज खां एडवोकेट ने बताया कि मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य है जिसकी आज से शुरुआत कर दी गई है। लगातार तीन दिन यह कार्य चलेगा। जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर ने कार्यक्रम में पूरा सहयोग देने का वादा किया और कहा कि पंचायत विभाग के सभी कर्मचारी पौधारोपण के कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष नेहा यादव सक्सेना, महासचिव अनूप कुमार एडवोकेट, कार्यक्रम प्रभारी कोषाध्यक्ष प्रगतिशील कृषक महेंद्र दुबे, उपाध्यक्ष शिवम वर्मा, नुजहत अजुंम, सरदार हरजीत सिंह, सह कोषाध्यक्ष शालू यादव, रम्मन गुप्ता, स्तुति गुप्ता, रजनी गुप्ता, सुधीर कुमार, पवन वर्मा आदि ने अपने अपने नाम का एक एक पौधा रोपित किया। इस दौरान कालेज समिति के सभी सदस्य व शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।




## वर्ष 2014 में मऊ खालसा में रंजिशन गोली मारकर की गई थी हत्या

# राजमिस्त्री की हत्या में दो भाइयों सहित तीन को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **काम कर घर लौट रहा था राजेश, भाई ने दर्ज करवाई थी मामले की रिपोर्ट**
- **घर के पास आरोपियों ने गाली-गलौज के बाद तमंचे से पेट में मार दी थी गोली**

**अमृत विचार :** वर्ष 2014 में मऊ खालसा में राजमिस्त्री की गोली मारकर की गई हत्या के मामले की सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध होने पर कोर्ट ने दो भाइयों सहित तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा और 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

थाना सदर बाजार क्षेत्र के गांव मऊ खालसा निवासी मनोज कुमार ने बताया कि उसका भाई राजेश कुमार राजमिस्त्री था। वह 15 दिसंबर 2014 को काम समाप्त करके घर लौट रहा था। रात करीब 8:40 बजे जब वह घर के पास पहुंचा, तभी गांव के ही गुलजारी पुत्र दुलारे अपने भाई गजोधर, साथी सोनू और रामासरे के साथ मिलकर भाई राजेश के साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान गुलजारी ने तमंचे से राजेश के पेट में गोली मार दी और तमंचा लहराते हुए भाग गए। मनोज ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचा तो वह खून से लथपथ पड़ा था। उसने हमलावरों का नाम बताते हुए कहा कि उसे गुलजारी ने तमंचे से पेट में गोली मार दी। मनोज ने बताया कि पूर्व में उसके घर वालों ने गुलजारी के खिलाफ सदर थाने में एनसीआर दर्ज कराई थी, इसलिए वह रंजिश मानता था और इसी रंजिश में विपक्षियों ने यह घटना की। मनोज की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के प्रयास आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। विवेचना के दौरान राजेश कुमार की मृत्यु हो गई। विवेचना के उपरांत विवेचक ने गुलजारी, गजोधर, सोनू के खिलाफ हत्या आदि धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-43 में मुकदमे की सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान सुनने और शासकीय अधिवक्ता श्रीपाल वर्मा के तर्कों को सुनने के बाद न्यायाधीश अपर्णा त्रिपाठी ने पत्रावली का अवलोकन कर दोष सिद्ध होने पर गुलजारी और उसके भाई गजोधर, साथी सोनू को आजीवन कारावास की सजा और 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## हाईवे पर वाहन से टकराया युवक, अस्पताल में दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन से टकराकर एक युवक घायल हो गया। घायल युवक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

तिलहर थाना क्षेत्र के गांव रानी खिरिया निवासी रजनीश कुमार(30) चौक कोतवाली क्षेत्र में मोहल्ला अजीजगंज में किराए के मकान में रहकर मजदूरी करता था। बुधवार की शाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन से टकराकर घायल हो गया था। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। उसके भाई विनीत को शाम सात बजे सूचना मिली कि उसके भाई का एक्सीडेंट हो गया है। वह अपने भाई को देखने मेडिकल कॉलेज पहुंचा। जहां इलाज के दौरान रात उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसने पांच साल पहले शादी की थी। दो साल पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। वह कभी-कभी तिलहर घर पर माता-पिता से मिलने के लिए आ जाता था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## एक नजर

### छह भाइयों समेत सात के खिलाफ फायरिंग की रिपोर्ट

**पुवायां, अमृत विचार :** मुकीमपुर गांव के टिल्लू ने बताया कि गुरुवार सुबह वह रिषभ अवस्थी के साथ पुवायां जा रहे थे। गांव में धर्मस्थल के पास मररू, गणेश, राजू, बाबू जी, पिंटू व टिक्कू व अंश ने रंजिशन गाली-गलौज करने लगे विरोध करने पर डंडों से पीटकर घायल कर दिया। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायरिंग की गई। विवाद की सूचना पर पहुंचे पिता रामस्नेही व मां रीना देवी के साथ मारपीट की। मारपीट में दो लोगों को गंभीर चोटें आई। कोतवाल हरपाल सिंह बालियान ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

### पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**पुवायां, अमृत विचार :** पुलिस ने अलग-अलग मामले में वांछित चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। कोर्ट के आदेश पर बुधवार को पुवायां पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित चल रहे आरोपियों की तलाश की और उन्हें दबोच लिया। गांव मझिगवां निवासी अर्जुन वाजपेयी व नगर के मोहल्ला कुरगंजा निवासी राधेश्याम को गिरफ्तार कर लिया गया और दोनों वारंटियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### कुकर्म करने की नीयत से खींचने का आरोप

**कुर्रिया कला, अमृत विचार :** कुकर्म करने की नीयत से एक युवक ने बालक को खेत में खींच लिया। मना करने पर उसके के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी मंदबुद्धि है। चौकी इंचार्ज सत्येंद्र सिंह ने बताया कि इस तरह के मामले की जानकारी नहीं है।

### तमंचा समेत गिरफ्तार

तिलहर। थाना के उप निरीक्षक सुखपाल सिंह को बुधवार की रात दस बजे सूचना मिली कि एक युवक चीनी मिल कालोनी में संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसके कब्जे से तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक सुखपाल सिंह आदि थे।

### जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी सीपी शुक्ला ने बताया कि शकील उर्फ बाबा निवासी गढ़ी गाड़ीपुरा थाना रामचंद्र मिशन को जिला मजिस्ट्रेट ने तीन माह पूर्व जिला बदर घोषित किया था। पुलिस ने सूचना मिलने पर जिला बदर अपराधी शकील मिश्रीपुर के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। अभियुक्त पर विभिन्न धाराओं के दस मुकदमे दर्ज है। टीम में उप निरीक्षक रोहिताश आदि थे।

# सड़कों पर छुट्टा पशुओं का कब्जा...धूल फांक रहे सरकारी आदेश

## हवा में उड़ता दिख रहा पशुओं को सड़क से गोशालाओं में भेजने का आदेश, छुट्टा पशु पकड़ने में फेल हो रहा निगम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं को सड़क से हटाकर गोशाला भेजने के सरकारी आदेशों पर धूल जम रही है। छुट्टा पशु पकड़ने में नगर निगम फेल साबित हो रहा है। आज भी छुट्टा पशु सड़कें कब्जाए देखे जा रहे हैं। हाईवे हो या गली मोहल्लों की सड़कें सभी पर भारी संख्या में छुट्टा पशु देखे जा रहे हैं।

वर्तमान में छुट्टा गोवंशीय पशुओं की महानगर में बाढ़ आ गई है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पशु घूमते देखे जा रहे हैं। जबकि छुट्टा पशुओं को गोशाला पहुंचाने को लेकर शासन सख्त है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद निर्देश दे चुके हैं कि पशु निराश्रित न रहें, उन्हें गोशालाओं में शरण दी जाए। इसको लेकर अब तक न जाने कितने आदेश जारी हो चुके हैं, लेकिन अब प्रतीत होता है कि यह आदेश सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह गए हैं। इन सरकारी आदेशों पर धूल जम रही है और छुट्टा पशु सड़कों पर कब्जा किए बैठे हैं। हाईवे से लेकर गली और मोहल्लों तक की सड़कों पर छुट्टा पशुओं का कब्जा है। जबकि जिले में लगातार छुट्टा पशुओं के हमले में लोग मारे जा रहे हैं। अब तक न जाने कितने ही लोगों की जान छुट्टा पशुओं के कारण चली गई और न जाने आगे कितनों की और जाएगी। गोवंशीय पशुओं के संरक्षण के लिए एक नवंबर से 31 दिसंबर तक विशेष अभियान पूरे प्रदेश में शुरू किया गया था। अभियान के तहत जिले में 6000 बेसहारा पशुओं के संरक्षण का लक्ष्य रखा गया था। इस अवधि में 6158 पशु संरक्षित किए गए। इसके बाद भी सड़कों से पशु नहीं हट सके। इसके बाद अभियान को 16 जनवरी तक विस्तार दिया गया। दूसरे अभियान में भी पशु सड़कों से नहीं हट सके। शेष के संरक्षण के लिए अभियान को 31 जनवरी तक विस्तार दिया गया था, लेकिन यह तीसरा अभियान भी कम पड़ गया। पशु लगातार सड़कों पर दिखाई दे रहे हैं। कई जगह तो पशुओं के अड्डे बन गए हैं। पशु सड़कों को घेरकर बैठे हुए देखे जा रहे हैं। लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।



कचहरी पुल के पास व्यस्त सड़क पर खड़ा पशु। ● अमृत विचार



कचहरी के पास आधी सड़क घेरे पशु। ● अमृत विचार



आगे छुट्टा पशु, पीछे बचकर चलते लोग।

- **मुख्यमंत्री मंत्री और सचिव दे चुके हैं निस्तारण के निर्देश**
- **आए दिन हो रहे हादसों के बाद भी नहीं चेत रहे जिम्मेदार**

### आए दिन जा रही लोगों की जान......

छुट्टा पशुओं के हमलों में लगातार लोगों की जान जा रही है। इससे पहले 16 जनवरी 2020 को गांव फरीदापुर में 52 वर्षीय चंद्रपाल को खेत में फसल की रखवाली के दौरान हमलावर हुए सांड ने पटक-पटक कर मार दिया। 16 जून 2022 को फर्रुखाबाद-बरेली हाईवे पर गांव खाई खेड़ा के चौराहे के पास 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को सांड ने हमलाकर मार डाला। 23 जनवरी 2023 को ग्राम पंचायत कुंडरा के मजरा स्थित आलू के खेत में घुसे जानवरों को भगाने के दौरान शिवलाल की पत्नी रीना देवी की मौत हो गई थी। 12 फरवरी 2023 को गांव हथिनापुर से रिश्तेदारी में शादी से लौट रहे बाइक सवार कांट क्षेत्र के गांव कुर्रिया निवासी योगेश की रास्ते में सांड़ से टकराने से मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे उनके साथी इसी गांव के जय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। 24 दिसंबर 2023 को ग्राम पंचायत कोला के मजरा रैपुरा निवासी साधुराम को खेत की रखवाली के दौरान छुट्टा पशुओं ने दौड़ा लिया। इस दौरान तालाब में गिरे साधुराम की डूबने से मौत हो गई। इसके अलावा छह मार्च 2024 को खाई खेड़ा चौराहे के पास बाइक से जा रहे गांव चंदौरा बहादुरपुर निवासी युवक सुमोध(27) की सांड़ से टकराकर मौत हो गई।



रेती में आधी सड़क घेर कर जाते पशु। ● अमृत विचार

> मघईटोला में गोशाला बनकर तैयार हो गई है, लेकिन उसमें बिजली कनेक्शन व अन्य कुछ काम होने शेष हैं। जिस कारण अभी तक उसमें पशु संरक्षित नहीं किए जा रहे हैं। हमारे पास जो गोशालाएं हैं उनमें क्षमता से ज्यादा पशु संरक्षित हैं। **-सौरभ श्रीवास्तव, जीएम जल।**

### 19 अगस्त को किसान को पटक कर मार डाला

19 अगस्त को जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी 50 वर्षीय चरन सिंह सोमवार की रात नौ बजे खेत पर धान की फसल की रखवाली करने के लिए गया। वह खेत पर पड़ी झोपड़ी में चारपाई पर लेटा था। इसी बीच सोमवार की सुबह पांच बजे उसके खेत में छुट्टा पशुओं का झुंड घुस आया। जानवरों की आवाज सुनकर वह झोपड़ी से बाहर निकला। किसान ने देखा कि धान के खेत में जानवर घुसे हुए हैं। चरन सिंह खेत पर जानवरों को भगाने के लिए गया। वह लाठी लेकर पशुओ को खेत से खदेड़ रहा था। पशु आगे थे और वह पीछे से उन्हें खदेड़ रहा था। इसी बीच एक सांड़ ने उसके ऊपर हमला कर दिया। उसे उठाकर खड़ंजे पर पटक दिया। सांड़ ने उसे कई बार पटका, जिससे उसकी मौत हो गई।

### बिजली कनेक्शन के इंतजार में खाली पड़ी गोशाला

बिजली कनेक्शन के इंतजार में नगर निगम की गोशाला खाली पड़ी हुई है। मघईटोला में बनाई गई गोशाला बनकर तैयार हो चुकी है, लेकिन इसमें बिजली कनेक्शन न होने के चलते पशुओं को नहीं रखा जा रहा है। पशु महानगर के लोगों के लिए बड़ी समस्या बने हुए हैं, लेकिन नगर निगम के कुछ अधिकारी इसे हल्के में ले रहे हैं। जिसके चलते छुट्टा पशु लगातार सड़कों पर देखे जा रहे हैं। नगर निगम के पास वर्तमान में दो गोशालाएं हैं। इनकी क्षमता दो सौ से तीन सौ पशु प्रति गोशाला है, लेकिन यहां क्षमता से कहीं ज्यादा लगभग 700 पशु हैं।

## फर्जी साइन कर चालक ने 11 लाख में बेच दिया ट्रक में लदा आलू

**खुटार, अमृत विचार :** दस्तावेजों पर फर्जी हस्ताक्षर करके ट्रक चालक ने ट्रक में भरा आलू किसी के हाथ बिक्री कर दिया और वाहन घर ले जाकर खड़ा कर लिया। ट्रक मालिक की मिलीभगत उजागर होने पर इस मामले में व्यापारी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। लेकिन पुलिस जांच की बात कहकर मामले को टरकाती रही। व्यापारी ने कई बार थाने के चक्कर लगाए, तब पुलिस ने गुरुवार को दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

कानपुर के थाना बिधुनु के गांव हसनपुर निवासी आसरे ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि चार मार्च को खुटार क्षेत्र के गांव मैनिया के एक किसान से 11 लाख रुपये का आलू खरीदा था। उसने मथुरा के थाना राया के गांव बुर्ज के निवासी जितेंद्र सिंह का ट्रक बुक किया। गाड़ी मालिक के गांव का चालक गोपाल छह मार्च को ट्रक में आलू लादकर प्रांत गुजरात के लिए निकला था। पता चला कि गोपाल आलू भरा ट्रक लेकर गुजरात नहीं पहुंचा। जिसके बाद पीड़ित आसरे ने मामले की जानकारी की। उन्होंने बताया कि चालक गोपाल ने उसके दस्तावेजों पर फर्जी हस्ताक्षर करके ट्रक में भरा आलू किसी दूसरे के हाथ बिक्री कर दिया और खाली ट्रक लेकर मालिक जितेंद्र सिंह के घर पहुंच गया। गाड़ी मालिक और चालक ने मनगढ़ंत योजना बनाकर 11 लाख रुपये का चूना लगा दिया। पीड़ित ने खुटार थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। गुरुवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## अनियंत्रित ट्रक ने कई वाहनों को कुचला, दो लोग घायल

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** नगर के बारह पत्थर चौराहे पर एफसीआई का ट्रक गुरुवार दोपहर दो बजे चावल उतार कर शाहजहांपुर जा रहा था। उसके ब्रेक फेल हो गए, जिससे गाड़ी अनियंत्रित हो गई।

ट्रक ने दो बाइक व एक ई-रिक्शा को रौंद दिया। जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। ई रिक्शे पर बैठे मोहम्मद खालिद को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि एक बाइक सवार रमेश भी घायल हो गया। लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। गनीमत रही कि किसी तरह का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने ड्राइवर अनीस अहमद को को हिरासत में ले लिया है।



घटना के बाद पकड़ा गया ट्रक।

## शारदा में उतरा रहा शव विपिन का होने की संभावना

**मकसूदापुर, अमृत विचार:** गुरुवार शाम को शारदा नहर में बंडा क्षेत्र के गांव संडिया की ओर जाने वाले मोड़ के निकट नहर में एक अज्ञात शव उतराता हुआ दिखाई दिया। जिसकी सूचना पाकर कुछ दिन पूर्व नहर में कूदे मुड़िया निवासी दो भाईयों के परिजन पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। परंतु रात तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंच सकी जिसके चलते परिजन अपने पुत्र विपिन का शव होने की संभावना जताते हुए वापस लौट गए। इस संबंध में जानकारी लेने पर प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि अज्ञात शव की सूचना मिली है। जिसे निकलवाकर शिनाख्त कराई जाएगी।

## मवेशी से टकराई बाइक, गिरकर युवक की मौत

संवाददाता मदनापुर/शाहजहांपुर

- **बरेली से माता-पिता से मिलने जलालाबाद आ रहा था संदीप**
- **नौकरी के चलते पत्नी और बच्चों के साथ बरेली में रहता था**

**अमृत विचार :** जलालाबाद कटरा रोड पर चंदोखा गांव के सामने बाइक मवेशी से टकरा गई, जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह बरेली से अपने माता-पिता से मिलने के लिए आ रहा था।



मृतक संदीप।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव उमरपुर निवासी संदीप(30) पत्नी और बच्चों के साथ बरेली में रहता है। वह बरेली में प्राइवेट में नौकरी करता था। उसने बरेली में मकान बना रखा था। वह अपने माता-पिता से अक्सर जलालाबाद मिलने आता था। बुधवार की रात नौ बजे संदीप बरेली से बाइक से जलालाबाद जा रहा था। मदनापुर-जलालाबाद मार्ग पर चंदोखा गांव के सामने सड़क पर मवेशियों का झुंड था। अचानक उसकी बाइक के सामने मवेशी आ गया और बाइक संभाल नहीं पाया। अचानक बाइक से गिरकर घायल हो गया।



घटना के बाद गुमसुम खड़े मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

मदनापुर पुलिस ने घायल संदीप को मेडिकल कॉलेज लाया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके परिवार वाले देर रात मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। मौत की खबर सुनकर उसकी पत्नी जलालाबाद आ गई। गुरुवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

**गणना** | मंडल भर में पीलीभीत में सबसे कम लिंगानुपात, 1000 पुरुषों पर मात्र 814 बेटियां

# बेटियां बचाने में बरेली आगे, पीलीभीत फिसड्डी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **अल्ट्रासाउंड सेंटरों की गुपचुप कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल**
- **गर्भ में पल रहे बच्चे का लिंग बताने के चलते गिरावट की आशंका**
- **एनएफएचएस सर्वे की रिपोर्ट, बरेली में सबसे ज्यादा 1084 लिंगानुपात**

**अमृत विचार :** बेटिंया बचाने में मंडल भर में बरेली अव्वल है। जबकि पीलीभीत सबसे फिसड्डी है। पीलीभीत का लिंगानुपात मात्र 814 है जबकि बरेली का 1084, शाहजहांपुर का 1064 और बदायूं का लिंगानुपात 870 है। एनएफएचएस सर्वे की रिपोर्ट से इसका खुलासा होने के बाद पीलीभीत स्वास्थ्य विभाग में खलबली मची हुई है। विभाग की ओर से लिंगानुपात बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। एनएफएचएस रिपोर्ट के अनुसार बरेली और शाहजहांपुर में लिंगानुपात सामान्य है। जबकि बदायूं और पीलीभीत में कम है।

यहां के अल्ट्रासाउंड सेंटरों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आशंका है कि शायद पीलीभीत और बदायूं में अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर लगाम नहीं है। अल्ट्रासाउंड सेंटर गर्भ में पल रही बच्चियों का लिंग बताते हैं, जिससे कोख में उनका कत्ल किया जा रहा है। बेटियों का कोख में कत्ल किए जाने के आरोप समय समय पर लगते रहे हैं। इसके लिए काफी हद तक अल्ट्रासाउंड सेंटरों को जिम्मेदार माना जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि किसी भी महिला की कोख में बेटा है या बेटी यह जानने का तरीका सिर्फ अल्ट्रासाउंड ही है। इसलिए लिंगानुपात कम होने को अल्ट्रासाउंड सेंटर और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली से जोड़कर देखा जाता है। हाईकोर्ट के निर्देश पर पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत सरकार ने अल्ट्रासाउंड सेंटरों के लिए कड़े नियम बनाए हैं। इसके बाद भी अक्सर अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर भ्रूण लिंग जांच के आरोप पर लगते हैं। लिंगानुपात गिरता है तो कहा जाता है कि अल्ट्रासाउंड सेंटर कोख में पल रहे बच्चे का लिंग बता रहे हैं। इसके लिए वह मोटी रकम वसूल रहे हैं। ऐसा सिर्फ इसलिए हो पा रहा है क्योंकि स्वास्थ्य विभाग अल्ट्रासाउंड सेंटरों से नियमों का पालन नहीं करवा पा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और अल्ट्रासाउंड सेंटर दोनों को जिम्मेदार माना जाता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) 2019-2020 के अनुसार वर्तमान में बरेली मंडल में सबसे कम लिंगानुपात पीलीभीत का है। यहां प्रति 1000 लड़कों पर 814 लड़कियां हैं। यह मंडल के सभी जिले बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं में सबसे कम है। बदायूं का वर्तमान लिंगानुपात 870 है। जबकि जबकि बरेली में 1000 लड़कों पर 1084 लड़कियां हैं। यहां लड़कों की संख्या की अपेक्षा लड़कियां ज्यादा हैं। इसी तरह शाहजहांपुर में प्रति एक हजार लड़कों पर 1064 लड़कियां हैं, यहां भी लड़कियों की संख्या लड़कों से ज्यादा है। बदायूं का लिंगानुपात 870 है, इसे भी बहुत कम माना जाता है। हालांकि पीलीभीत से कुछ ज्यादा है। मंडल में बदायूं व पीलीभीत का लिंगानुपात चिंताजनक है। इस संबंध में पीलीभीत के सीएमओ डॉ. आलोक शर्मा से बात करने का प्रयास किया गया, उन्होंने फोन रिसीव ही नहीं किया।

> हमारे यहां लिंगानुपात संतोषजनक है। कमारा प्रयास रहता हैं कि अल्ट्रासाउंड सेंटर सभी नियमों का पालन करें। इसके बाद भी अगर कोई नहीं मानता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। **-डॉ. आरके गौतम सीएमओ शाहजहांपुर**

## लूटे गए मोबाइल समेत आरोपी को पकड़ा

**शाहजहांपुर/रोजा, अमृत विचार:** रोजा पुलिस ने लूट व छेड़खानी की घटना करने के अभियुक्त को गिरफ्तार कर ऑटो व लूटा गया मोबाइल बरामद कर चालान कर दिया।

रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि 18 अगस्त को जमुही मोड़ पर बाइपास पर ऑटो चालक ने एक महिला के साथ छेड़खानी की थी और उसका मोबाइल लूट लिया था। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने गुरुवार की दोपहर दिउरिया मोंड़ से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया अभियुक्त सोनू निवासी बाजीद खेल चौक कोतवाली है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ऑटो व लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि दिन में आटो पर लड़की को बैठाकर नेशनल हाईवे होते हुए जमुका के पास पहुंचा। आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की और उतर कर जाने लगी तो उसका मोबाइल छीन लिया और भाग गया था।

## महिला पर तेजाब फेंकने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बंडा/ शाहजहांपुर

- **कांच की बोतल बरामद, पुलिस ने किया चालान**

**अमृत विचार :** बंडा क्षेत्र में एक महिला पर तेजाब फेंकने वाले के खिलाफ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तेजाब की कांच की बोतल बरामद की है।



आरोपी।

पीलीभीत के बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव जाटवपुरा निवासी गुड्डू पत्नी लीलावती को रक्षा बंधन वाले दिन बाइक पर बैठाकर बंडा थाना क्षेत्र के गांव घुंघचाई ससुराल जा रहा था। बाइक पर उसकी पांच वर्षीया पुत्री आगे बैठी थी। शारदा नहर की पटरी पर गहलुइया गांव के सामने एक युवक ने कांच की बोतल से तेजाब उसकी पत्नी के ऊपर फेंक दिया था, जिससे उसका चेहरा झुलस गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। बंडा पुलिस ने आरोपी भगवानदास निवासी इदारतपुर पगार थाना बिलसंडा, पीलीभीत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से कांच की बोतल बरामद की है। पकड़े गए युवक ने बताया कि मधुमक्खी का शहद निकालने का काम करता है और छत्ते में शहद निकालने के लिए तेजाब का प्रयोग करता है। पेड़ पर डालने के दौरान महिला के ऊपर गिर गया। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया। अभियुक्त पर पहले से विभिन्न धाराओं के चार मुकदमे है। टीम में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य, उप निरीक्षक जयचन्द गिरी आदि थे।

## प्रेमी के साथ गई किशोरी बरामद

**खुटार, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीया किशोरी पुवायां रोड पर स्थित कोल्ड स्टोरेज में आलू की छंटाई का काम करती थी। उसके घर में मां है, पिता का निधन हो चुका है।

बंडा रोड स्थित एक गांव निवासी युवक उस किशोरी के साथ काम करता था। दोनों में नजदीकियां बढ़ी तो प्रेम प्रसंग हो गया था। बुधवार को घर में किशोरी की मां नहीं थी। शाम करीब पांच बजे प्रेमी ने फोन किया और उसे घर से लेकर चला गया। मां घर पहुंची तो पुत्री घर में नहीं थी। उसने आसपड़ोस और रिश्तेदारों में बेटी को तलाश किया। पता चला कि एक युवक उसकी पुत्री को ले गया है। महिला ने परिजनों के साथ थाने पहुंच कर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए किशोरी को खीरी से एक घर से बरामद कर लिया। गुरुवार को दोनों पक्षों में थाने में पंचायत चल रही है।

# वाहन में फंसकर टूटी केबल खतरे के बीच गुजरते रहे लोग

## खिरनीबाग में पेड़ की टहनी काटने के चलते लटक गए थे तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



सड़क पर झूल रही बिजली की केबल और गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

- घटना के समय बड़ी संख्या में गुजर रहे थे वाहन
- नीचे से गला था खंभा, बेल्डिंग करके चल रहा था काम
- कई बार शिकायतें की गई, लेकिन नहीं कराया गया सही

**अमृत विचार:** डीसीएम से टकरा कर खिरनीबाग में खेल मैदान के पास बिजली की दो केबल टूट कर बीच सड़क पर जा गिरीं। जिससे अफरा तफरी मच गई। सड़क पर उस समय भारी संख्या में वाहन गुजर रहे थे जिसके चलते लोगों को खतरा पैदा हो गया। लोगों ने तुरंत ही बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। कर्मचारी एक घंटे में पहुंचे और केबल को ऊपर बांध दिया।

शहर का खिरनी बाग चौराहा सबसे व्यस्त चौराहा है, क्योंकि यहां से सदर बाजार और कालीबाड़ी को रास्ता जाता है। इन्हीं रास्तों की ओर रामलीला मैदान के पश्चिमी छोर पर लगा बिजली का खंभा नीचे से गला हुआ है, लोहे के टुकड़ों में बेल्डिंग करके जोड़ा गया है और इसी खंभे के सहारे दी जा रही बिजली सप्लाई में लोगों के घरों के केबल जोड़े गए हैं, जो नीचे तक लटक रहे हैं। इन केबिल को सही कराने के लिए कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायतें की गई, लेकिन केबल सही नहीं कराया गया। गुरुवार को अपरान्ह तीन बजे एक वाहन की चपेट में आकर केबल और नीचे आ गया। कर्मचारियों से शिकायत की गई, करीब 15 मिनट बाद बिजली कर्मचारी बिना किसी तैयारी पहुंचे और केबल देखने के बाद सीढ़ी लाने की बात कह कर लौट गए। इसके करीब 20 मिनट बाद सदर बाजार की ओर से खिरनी बाग चौराहे की ओर जाने वाली डीसीएम ने दो केबल को चपेट लिया और तोड़ते हुए आगे निकल गई। जिससे प्राइवेट संस्थान को जाने वाली बिजली सप्लाई बंद हो गई और करंट प्रवाहित दोनों केबल सड़क पर गिर गए। उस वक्त भैंसें भी निकल रहीं थी, वह भी चपेट में आने से बची। केबल सड़क पर पड़ा होने की वजह से खतरे की आशंका में वाहनों के पहिए थम गए। कुछ देर के लिए सड़क पर जाम लग गया, लेकिन जल्दी जाने वालों ने इधर-उधर से रास्ता तय कर लिया।

लेकिन इसके बाद अंजान लोग टूटे पड़े केबल के पास से खतरे के बीच होकर गुजरते रहे। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों से शिकायत की। कर्मचारियों ने एक घंटे के अंदर केबल को जोड़ा

### जमीन पर पड़ी केबल में दौड़ रहा था करंट

खिरनीबाग में मंदिर वाले पेड़ की बीते दिनों नगर निगम की ओर से छंटाई करवाई गई थी। टहनी गिरने से दो केबल नीचे लटक गई थीं। इससे पहले किसी की इन पर नजर पड़ती बुधवार दोपहर एक स्कूल बस ने तार तोड़ दिया। रही बची कसर एक डीसीएम ने पूरी कर दी। इसके बाद बिजली प्रवाहित तार सड़क पर गिर गए। इस दौरान सड़क पर भारी संख्या में लोग गुजर रहे थे। गनीमत रही कि बिजली का करंट किसी को लग नहीं गया वरना कुछ भी हो सकता था। हालांकि अधिकारी और कर्मचारियों ने भी तत्परता दिखाई और एक घंटे के अंदर पहुंच कर लाइन को सही कर दिया गया।

# बंडा चौराहे पर धूं-धूं कर जल उठी केबल, मच गई भगदड़



खुटार में बंडा चौराहे पर जलती बंच केबल। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

- बोले लोग, आए दिन जलते हैं तार कई बार कर चुके शिकायत, नहीं लियर किसी ने संज्ञान

**अमृत विचार:** बंडा रोड पास पड़ी बंच केबल आए दिन जलती रहती है। जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बुधवार को भी बंच केबल जलने से लोग बाल-बाल बच गए।

नगर के बंडा चौराहे से लेकर सिल्हुआ गांव की मोड तक पड़ी बंच केबल में जगह-जगह जोड़ पड़े होने की वजह से केबल आए दिन धूं-धूंकर जलने लगती है। बुधवार को बंडा रोड स्थित सिंह पेस्टीसाइड के सामने से निकली बंच लाइन बिजली आने पर अचानक जलने लगी जिससे लाइन के नीचे खड़े राहगीर और दोपहिया व चौपहिया वाहन जलने से बच गए। केबल जलने से उसके नीचे खड़े लोगों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और अपने वाहनों को हटाया। अगर लाइन के नीचे से न हटते, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

दुकानदारों ने बताया कि आए दिन जल रही बंच केबल की जानकारी उन्होंने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को दी। लेकिन किसी ने संज्ञान नहीं लिया।

# जीएफ के भूगोल संकाय में हुई संगोष्ठी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जी एफ कॉलेज के भूगोल विभाग में गुरुवार को विभागीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। दूरसंवेदी एवं भौगोलिक सूचनातंत्र का प्राकृतिक आपदा प्रबंध में उपयोग था।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर मोहसिन हसन खां ने कहा कि शोध एवं प्रतियोगी परीक्षा के लिए भूगोल एक महत्वपूर्ण विषय है। संगोष्ठी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को काफी मदद मिलती है और ज्ञान में वृद्धि होती है। विभागाध्यक्ष डॉ. मसीउल्लाह खां ने संगोष्ठी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ. मिनहाजुल हुदा ने रिमोट सेंसिग और जीआईएस की उपयोगिता पर विचार रखे। डॉ. हिना के संचालन में चली संगोष्ठी में इल्मा, हिताक्षी, कोमल, केशव, वंशिका, विशु, नीतू सिंह, मुस्कान आदि ने शोध-पत्र प्रस्तुत किए।

# प्रधान के नहीं पहुंचने से फिर टला कोटे का चुनाव, गुस्साए ग्रामीणों का प्रदर्शन



प्रदर्शनकारियों से बात करते पूर्ति निरीक्षक महेश कठेरिया। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

- पुवायां की नाहिल रोड पर चक्का जाम करने के बाद एसडीएम कार्यालय में दिया धरना
- प्रशासनिक अधिकारियों पर लगाया भेदभाव का आरोप दोबारा चुनाव कराने की मांग

**अमृत विचार :** नाहिल गांव में गुरुवार को कोटा का चुनाव को फिर अगली तारीख मिलने से गुस्साए ग्रामीणों ने जमकर बवाल किया। जिसके बाद नाहिल रोड पर चक्का जाम करने के बाद एसडीएम कार्यालय में विरोध-प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारियों पर भेदभाव का आरोप लगाया।

नाहिल गांव सभा में कुछ महीने पूर्व कोटेदार द्वारा इस्तीफा दिए जाने के बाद से सरकारी कोटे की दुकान पास के गांव गुलौली मरौली में अटैच कर दी गई थी। इसके बाद नाहिल ग्राम सभा के राशन कार्ड धारकों को 5 किलोमीटर दूर गल्ला लेने जाना पड़ता था, जिससे उनको भारी असुविधा हो रही थी। इसके चलते ग्रामीणों ने गांव में कोटे की दुकान किए जाने को लेकर मांग की थी, जिसके बाद प्रशासन ने खुली बैठक में कोटा आवंटित किए जाने के लिए सबसे पहले 24 जुलाई की तारीख लगाई। 24 जुलाई को प्रधान के न आने पर कार्रवाई 22 अगस्त के लिए बढ़ा दी गई, लेकिन 22 अगस्त को कोटा चुनाव की हुई बैठक में दोबारा प्रधान के नहीं आने से चुनाव निरस्त करते हुए अगली तारीख 6 सितंबर लगा दी गई। जिससे नाराज ग्रामीणों ने जमकर बवाल किया। इसके बाद लगभग पांच सौ ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से एसडीएम कार्यालय की ओर चल दिए। रास्ते में नाहिल रोड पर पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन कर पैदल एसडीएम कार्यालय के लिए चल दिए। धरना प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से अभिषेक शुक्ला, कुलदीप शुक्ला, शारदा, पवन, सियाराम, मोती, भजन लाल, राधे श्याम, महेंद्र, रामचंद्र आदि मौजूद रहे।

### आश्वासन पर माने

तहसील परिसर में पूर्ति निरीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन करते ग्रामीणों से पूर्ति निरीक्षक अधिकारी महेश कठेरिया ने वार्ता कर अग्रिम तारीख छह सितंबर को निष्पक्ष चुनाव कराए जाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

"शासनादेश के अनुसार कोटा चुनाव में लगातार दो बार प्रधान के अनुपस्थित होने के बाद तीसरी तारीख पर कोरम पूरा होने पर निष्पक्ष चुनाव करा दिया जाएगा।

– **संजय यादव**, बीडीओ

## अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के लिए शिक्षक दल रवाना

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग, रुहेलखंड विवि बरेली के व्यवसायिक प्रशासन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भूटान के नॉरबुलिंग कॉलेज, पारो में 24 से 26 अगस्त तक तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। स्थिरता और जीवन कौशल के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को अपनाना विषयक सेमिनार में एसएस के उप-प्राचार्य व वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल के नेतृत्व में शिक्षकों का दल भूटान के लिए रवाना हो गया। मुमुक्षु शिक्षा संकुल के अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, सचिव डॉ. ए के मिश्रा और प्राचार्य प्रो. आर के आज़ाद ने अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार की सफलता की कामना की है।

# मांगों को लेकर भाकियू ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



नायब तहसीलदार सगीर अहमद को ज्ञापन देते भाकियू पदाधिकारी।

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नायब तहसीलदार सगीर अहमद को ज्ञापन देकर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की। समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन देने वालों में देवेंद्र सिंह यादव, सुभाष चंद्र मिश्रा, रामौतार, ज्ञानंद मिश्रा, कामता प्रसाद आदि रहे


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर



डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
- गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षणः- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
जाँचों पर विशेष छूट
~~1499/-~~ ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के अपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

## एक नजर

### चकबंदी की गलतियों को लेकर हुई बैठक

**मदनापुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर कलां में 26 सालों से चकबंदी की प्रक्रिया चल रही है। चकबंदी के नाम पर अधिकारियों की प्रताड़ना झेल रहे सैकड़ों ग्रामीण इधर-उधर मारे मारे घूम रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। गुरुवार को चकबंदी विभाग के अधिकारियों ने प्राइमरी विद्यालय आमखेड़ा में चकबंदी कार्य में हुई त्रुटियों को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक की। जिसमें एसडीएम, चकबंदी विभाग की टीम ने खुली बैठक कर किसानों की समस्याओं को सुनकर चकबंदी अधिकारी से चकबंदी रिमांड करने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों समेत गांव की चकबंदी समिति के अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित रहे।

### ऑटो में जेब काटकर निकाले 91 हजार, 11 दिन बाद लिखी रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर के रोजा थाना क्षेत्र के गांव देवरनिया निवासी जुम्मा खां की ऑटो में जेब काटकर 91 हजार रुपये निकाल लिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जुम्मां खां ने बताया कि वह 10 अगस्त को अपने छोटे भाई से 91 हजार रुपये लेकर सुबह 8:20 बजे गन्ना मिल से ऑटो से सेटेलाइट बस अड्डे पर जा रहे थे। रास्ते में एक व्यक्ति ऑटो में बैठ गया। वह ईसाइयों की पुलिया के पास उतरा और एक बाइक पर बैठकर भाग गया। उन्होंने देखा कि उनकी जेब कटी थी रुपये गायब थे। आरोपी सीसीटीवी में भागकर दूसरी बाइक पर बैठता दिखाई दे रहा है। बारादरी थाने की पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई नहीं की, तब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की।

### शिविर में किसानों को बताए फायदे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान क्षेत्र के गांव बाराकलां में गुरुवार को बीओबी की ओर से आयोजित शिविर में एक मुश्त समझौता योजना के तहत किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख दीपक कुमार ने किसानों को बैंक की विभिन्न योजनाओं के साथ ही समय पर ऋण अदायगी के फायदे बताए। ऋण वसूली एवं ऋण समझौता के नाम से आयोजित इस शिविर में बाराकलां, कलान, परौर, खजुरी, मिर्जापुर शाखा के प्रबंधक भी मौजूद रहे।

# पहले करो गिरफ्तारी, फिर होगा अंतिम संस्कार

## परिजनों ने की मांग, जहरीला पदार्थ खाकर किसान द्वारा जान दिए जाने का मामला

संवाददाता, पुवायां/ शाहजहांपुर



बेसुध भाई को पकड़े रोती-बिलखतीं बहनें। ● अमृत विचार

- पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो मच गया कोहराम
- पुलिस ने शुक्रवार सुबह तक गिरफ्तारी का दिया आश्वासन

**अमृत विचार:** जहरीला पदार्थ खाकर जान देने वाले जेबां के किसान का शव गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शाम करीब छह गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। वहीं नामजद कराए आरोपियों की गिरफ्तारी होने से गुस्साए परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इससे पुलिस में हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी होने पर पुलिस गांव पहुंच गई और परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन परिजन जिद पर अड़े हुए हैं, वहीं पुलिस ने शुक्रवार सुबह तक आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने का आश्वासन दिया है।

थाना पुवायां के गांव जेबां निवासी श्रवण कुमार शुक्ला (45) की तिलहर क्षेत्र के गांव रोहिला में दो बीघा खेत था, जिसे उन्होंने पांच लाख रुपये में गांव नाहिल निवासी बालेंद्र के हाथ बेच दिया था। आरोप है कि श्रवण को खेत बिक्री का रुपया नहीं दिया गया था इसलिए उसने पुलिस से गुहार लगाई थी। बुधवार दोपहर को पुलिस ने श्रवण कुमार और विपक्षी को थाने में समाधान के लिए बुलाया था। जहां कुछ देर पंचायत चलने के बाद लगभग तीन बजे किसान अचानक उठकर कोतवाली से घर चला गया। सिर्फ दो घंटे बाद शाम लगभग पांच बजे किसान श्रवण ने अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उन्हें लेकर राजीव चौक स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे मृत्युंजय शुक्ला ने बालेंद्र और थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव रक्शा निवासी विनय के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया था। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजनों ने गुस्सा जताते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया।

मृतक के परिजनों का कहना था कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। जानकारी मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और परिजनों को समझाया लेकिन परिजन गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए थे। परिजनों का कहना था कि आरोपियों को कड़ी सजा दी जाए। पुलिस ने शुक्रवार सुबह तक आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, लेकिन परिजनों ने कहा कि गिरफ्तारी होने के बाद ही शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### बार-बार बेसुध हो रहा था बेटा

पिता की मौत से बेटे मृत्युजंय को गहरा सदमा लगा है, वह बार-बार बेसुध हो रहा था, बहनें शिखा, शिवांशी व परिवार के अन्य लोग उसे समझाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन उसे संभालना मुश्किल हो रहा था। उसका कहना था कि एक तो खेती चली गई और पिता भी नहीं रहे, अब उसका और उसके परिवार का क्या है।

एक आरोपी बालेंद्र के परिवार के एक सदस्य को थाने में बैठा लिया गया है। शुक्रवार सुबह तक हर हाल में उसकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। दूसरे फरार आरोपी विनय की भी तलाश की जा रही है। **- हरिपाल सिंह बालियान,** इंस्पेक्टर, कोतवाली पुवायां



घटनास्थल का मुआयना करती पुलिस। ● अमृत विचार

- दीवार किनारे पड़े छप्पर के नीचे सो रहे थे लालता प्रसाद



मृतक लालता प्रसाद।

# कच्ची दीवार गिरने से वृद्ध की मौत

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार:** लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश में कच्ची ईटों की बनी दीवार गिर गई। जिससे मलबे में दबकर वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जानकारी राजस्व विभाग को दी गई है।

गांव ढका घनश्यामपुर निवासी बेनीराम ने बताया उसके पिता लालता प्रसाद (75) घर के आगे दीवार पर पड़े छप्पर के नीचे सो रहे थे। गुरुवार तड़के करीब चार बजे लगातार हो रही बारिश में कच्ची ईटों की बनी दीवार अचानक गिर गई, जिससे उसके पिता मलबे के नीचे दब गए। दीवार गिरने की आवाज सुनकर परिवार के लोग जाग उठे। पास पड़ोस के लोग भी मौके पर पहुंच गए। जैसे-तैसे मलबा हटाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। जिसकी सूचना बंड़ा पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उनकी मौत से पत्नी शांति देवी, पुत्र रामचरन, पौत्र रामवीर और जोगेंदर का रो रो कर बुरा हाल है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने दम तोड़ा

**सेहरामऊ, अमृत विचार :** रौरा रोड पर सड़क के किनारे एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला था। परिवार वाले उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव बीबीपुर निवासी राम सिंह (40) बुधवार की सुबह दस बजे सेहरामऊ दक्षिणी में साप्ताहिक बाजार में सामान खरीदने के लिए निकला था। दोपहर बाद चार बजे रौरा व चंपापुर गांव के बीच सड़क के किनारे खाई में बेहोशी की हालत में मिला था। सूचना पर पुलिस पहुंची और परिवार वालों को सूचना दी। परिवार वाले राम सिंह को लेकर मेडिकल कॉलेज गए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार वालों ने बताया कि वह बीमार रहते थे। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को ज्ञापन देते सोसाइटी के अध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक।

- सीनियर सिटीजन ने सीएम को भेजा नौ सूत्री ज्ञापन

**अमृत विचार:** सीनियर सिटीजन सोसाइटी ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंपा। जिसमें चिकित्सा व्यवस्था मुख्य मुद्दा रहा।

गुरुवार को जिलाध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि 70 वर्ष की आयु के बाद भी वरिष्ठ नागरिक चिकित्सा बीमा के पात्र नहीं होते हैं, उन्हें ईएमआई पर लोन नहीं मिलता, ड्राइविंग लाइसेंस जारी नहीं किया जाता। रेलवे, हवाई व बसों की यात्रा पर दी गई छूट बंद हो गई है। ज्ञापन में प्रतिमाह 300 यूनिट मुफ्त बिजली दिए जाने, आर्थिक मूल्यांकन के बाद वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन, जिला स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं सुनने के लिए प्रतिमाह बैठक कराने, वर्ष में एक दिन वरिष्ठ नागरिक दिवस घोषित करने, वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने, चिकित्सा की उचित व्यवस्था कराने, वृद्धावस्था पेंशन 1000 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए प्रतिमाह करने, परिवहन विभाग की बसों में वरिष्ठ नागरिकों को किराये में 50 प्रतिशत छूट देने आदि मांगें शामिल की गई हैं।

ज्ञापन देने वालों में महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी, राजेश शुक्ला, अरुण दीक्षित, राम रक्षपाल, सावित्री शर्मा, राजेश द्विवेदी, हर प्रसाद पांडेय, मो.आमिल खां, मो. सईद खां, दशरथ नंदन दीक्षित, डॉ. सुरेश मिश्रा, रवि शर्मा, जगत नारायण अवस्थी आदि शामिल रहे।

# बैंक से निकले युवक पर हमला नगदी व चेन छीनने का आरोप

संवाददाता, जलालाबाद

- पीड़ित ने तीन लोगों के बताए नाम तीन अज्ञात, जांच में जुटी पुलिस



पीड़ित संदीप सिंह।

**अमृत विचार:** मोहल्ला नवीन नगर निवासी संदीप सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि याकूबपुर चौराहे पर उसकी ट्रैक्टर की एजेंसी है।

गुरुवार दोपहर करीब एक बजे वह एक्सिस बैंक में गया था। वहां से कार स्टार्ट कर रहा था, तभी बाइकों से छह लोग आए और धारदार हथियारों से हमला करने लगे। मारपीट से उसके पैर फैक्चर हो गया एवं एक उंगली फैक्चर हो गई। एक व्यक्ति ने उसके सीने में तमंचा रख दिया और उसके गले की 20 ग्राम की सोने की चेन एवं जेब में रखें तीस हजार रुपये निकाल लिए। मारपीट व लूटपाट करने के बाद आरोपी मौके से भाग गए। आसपास के लोगों से जानकारी करने पर पता चला तो लोगों ने तीन लोगों के नाम बताए, जबकि तीन व्यक्ति अज्ञात थे। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। वहीं कोतवाल प्रदीप राय ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है, तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### लोक भारती कॉलेज में लगेगा निःशुल्क शिविर

**कुर्रिया कला, अमृत विचार :** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग की ओर से एडीप योजना के अंतर्गत दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण की खरीद के लिए सहायता योजना चलाई जा रही है। योजना का क्रियान्वयन एजेंसियों की ओर से किया जाता है। भारत सरकार की एडीप योजना के अंतर्गत ऐसे दिव्यांग जो निर्धन व अल्प आय के अंतर्गत आते हैं उनको 10 हजार तक कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण सरकार की ओर से 3 वर्ष में एक बार उपलब्ध कराए जाते हैं। वहीं 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को प्रत्येक वर्ष के उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। जिसको पाने वाला व्यक्ति 22500 से प्रतिमाह कम कमाता हो। योजना के लाभ के लिए नि:शुल्क आकलन शिविर कुर्रिया कला स्थित लोक भारतीय इंटर कॉलेज में 24 अगस्त को लगेगा। यह जानकारी भारतीय इंटर कॉलेज के संरक्षक पूर्व प्रधानाध्यापक विनय कुमार मिश्रा ने दी।

### धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील

**सिंधौली, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बैठक कर प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के पदाधिकारियों ने 5 सितंबर को लखनऊ में होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन में प्रतिभाग की अपील की। प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के बरेली मंडल महामंत्री ब्रजेश मिश्र ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आर्थिक तंगी से परेशान शिक्षामित्र आए दिन अवसादग्रस्त होकर मौत को गले लगा रहे हैं। सरकार द्वारा समायोजन निरस्त होने के बाद से शिक्षामित्रों को दस हजार रुपये पारिश्रमिक दिया जा रहा है जो अत्यंत कम है। विभिन्न मांगों को लेकर 5 सितंबर को लखनऊ में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जिला महामंत्र रामपूत पाल ने कहा कि सरकार से पत्राचार कर बीते कई वर्षों से शिक्षा मित्रों की समस्याओं के समाधान की मांग की जा रही है, लेकिन सारे प्रयास असफल रहे। प्रत्येक शिक्षा मित्र धरने में पहुंचकर अपने हक की लड़ाई में संगठन का साथ दे। ब्लॉक प्रभारी मुकेश पटेल ने बताया कि न्याय पंचायत स्तर पर प्रभारी नियुक्त कर हर हाल में एक-एक शिक्षा मित्र की प्रतिभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रयास जारी है। बैठक को पवन पटेल तथा भूपेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक में कमलेश कुमार, राजपाल, सर्वेश सिंह, रामसनेही, राजेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार आदि शिक्षा मित्र उपस्थित रहे।

### अध्यक्ष पद पर 15 सितंबर तक होंगे आवेदन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर तक है। अपर जिला जज / जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पीयूष तिवारी ने बताया है कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में जनपद शाहजहांपुर में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस पद के लिए जनपद न्यायाधीश अथवा अपर जनपद न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुए व्यक्ति ही आवेदन कर सकते हैं। आवेदक विज्ञापन की तिथि से दो वर्ष से अधिक समय पहले सेवानिवृत्त न हुआ हो। नियुक्ति पांच वर्ष या 65 वर्ष जो भी पहले हो, के लिए की जानी है। अध्यक्ष के पद पर अभ्यर्थी का चयन सेवा विवरण, गोपनीय प्रविष्टि के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन सदस्य सचिव उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तृतीय तल जवाहर भवन लखनऊ को 15 सितंबर तक प्रेषित कर सकते हैं।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर की चर्चा

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार:** क्षेत्र पंचायत की बैठक गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख भानू प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई, जिसमें कई प्रस्तावों पर चर्चा हुई। विधायक सलोना कुशवाहा मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं।

बैठक में सबसे पहले पुरानी कार्य योजना पढ़ कर एडीओ आईएसबी आलोक कुमार ने सुनाई, जिसको उपस्थित सदस्यों ने अनुमोदन किया। नई कार्य योजना के लिए सदस्यों ने प्रस्ताव मांगे। ठाकुर अजय पाल सिंह ने मीटिंग में निराश्रित पशुओं को ग्रामीणों को देने पर पैसा नही दिए जाने का सवाल उठाया।

इस मौके पर प्रधान मदन लाल वर्मा, रियासत अली, समीर खान ने भी अपने गांव की समस्या रखी। जिसे विधायक सलोना कुशवाहा ने अधिकारियों को निस्तारण का आदेश दिया। बैठक में श्याम नारायण मिश्र, खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य केपी कन्नौजिया और माया रानी ने भी विचार रखे।

# हजरत मोहम्मद पर टिप्पणी से नाराजगी, दिया ज्ञापन

संवाददाता, तिलहर



तहसीलदार जयप्रकाश यादव को ज्ञापन सौंपते मुस्लिम समाज के लोग।

- मुस्लिम समाज के लोगों ने की महंत पर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार:** पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा और हजरत आयशा पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में मुस्लिम समाज के लोगों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार जयप्रकाश यादव को सौंपा।

गुरुवार को कच्चा कटरा मोहल्ला स्थित बड़ी मस्जिद पर मुस्लिम समाज के लोग एकत्र हुए। इस दौरान सज्जाद नशीन इकबाल हुसैन फूल मियां ने कहा कि महाराष्ट्र के नासिक में सिन्नर स्थित पंचाले गांव में एक धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन में महंत रामगिरी महाराज ने पैगंबर साहब को लेकर विवादित बयान दिया है, जिससे समाज के लोगों में आक्रोश है। शहर इमाम मो. स्वालेह उर्फ शद्दन मियां ने कहा कि महंत के द्वारा देश का माहौल खराब करने का प्रयास करते हुए विवादित भड़काऊ भाषण दिया गया है। महंत के ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए। सूचना पर तहसीलदार जयप्रकाश यादव व कोतवाल विशाल प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ बड़ी मस्जिद पर ही पहुंच गए। इसके बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। इस दौरान शहर काज़ी मोहम्मद सलीम, शहर ईमाम मोहम्मद स्वालेह उर्फ शद्दन मियां, मौलाना अहमद रज़ा, मुफ्ती याद अली, काशिफ मियां, शारिक मियां, शाहिद हुसैन, हाफिज जाहिद हुसैन, हाफिज अनीस, हाफिज फहीम, सूफी वारिस हुसैन, हाफिज तारिक, एहसान वारसी मुस्लिम समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर के
चर्म रोग विभाग में विदेशी व अत्याधुनिक मशीनों द्वारा निम्नलिखित रोगों के इलाज की सुविधा
अनचाहे बालों को हटाना
दाग, धब्बे, मुहाँसे के निशान, चोट के निशान हटाना
त्वचा का कायाकल्प
सफेद धब्बे का इलाज
मस्सों को हटाना, तिल को हटाना
गंजेपन व बालों के झड़ने का इलाज
कील, मुहासे का इलाज
जन्मजात निशान हटाना व अन्य सभी प्रकार के चर्म रोगों का उपचार विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा
अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें :- मो. 7521001988, 7521001989

# पानी की टंकी पर चढ़ा पति बोला, पत्नी को तलाश कर लाओ वरना कूद जाऊंगा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



टंकी पर चढ़े शराबी युवक को देखते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

- शराबी ने पुलिस को किया परेशान, कूदने के डर से पुलिस ने टंकी के चारों तरफ डलवा दिए गद्दे

**अमृत विचार:** एक युवक शहीद द्वार स्थित पानी की टंकी पर चढ़कर कह रहा है कि मेरी पत्नी चली गयी। पुलिस उसे तलाश करके लाए वरना यहां से कूद जाऊंगा। पुलिस ने दो बच्चों को टंकी के नीचे खड़ा किया और कहा कि पत्नी आ गई, लेकिन वह नहीं माना। वह शराब के नशे में था।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला टाउन हाल में शहीद द्वार में पानी टंकी के निकट सोनू नामक युवक झोपड़ी डालकर बच्चों के साथ रहता है। वह मजदूरी करता है। वह शराब का आदी है। उसकी पत्नी दो दिन पहले झगड़ा करके दो बच्चों को लेकर कहीं चली गई। वह गुरुवार दिन में चार बजे शराब पीकर आया और किसी तरह पानी की टंकी पर चढ़ गया। वह टंकी पर चढ़कर चिल्लाने लगा कि मैं टंकी से कूदकर जान दे दूंगा। टंकी के नीचे काफी संख्या में लोगों की भीड़ लग गयी। सूचना मिलने पर सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह सिपाहियों के साथ पानी की टंकी के पास पहुंचे। उन्होंने सोनू से कहा कि तुम्हारी पत्नी बच्चों को लेकर आ गई है और नीचे उतर आओ। पुलिस को डर था कि कहीं टंकी से कूद न जाए इसलिए टंकी के चारों तरफ गद्दे डलवा दिए।

सोनू ने टंकी के ऊपर से कहा कि यह उसके बच्चे नहीं है। जब तक उसकी पत्नी नहीं आ जाएगी, टंकी से नीचे नहीं उतरुंगा। पुलिस उसकी हरकतों से परेशान थी। लोग कहने लगे की शराब के नशे में शोले फिल्म की एक्टिंग कर रहा है। पहले भी एक बार टंकी पर चढ़ चुका है।

सोनू की पत्नी झगड़ा करके दो बच्चों को लेकर कहीं चली गयी है। वह पानी की टंकी पर चढ़ गया। कह रहा है कि उसकी पत्नी को तलाश करके लाया जाए। उसे समझाकर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। **- सौम्या पांडेय,** सीओ सिटी

### सुरक्षा संबंधी विषयों पर चर्चा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देश पर तिलहर के सरला देवी सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में चाइल्ड हेल्पलाइन व वन स्टॉप सेंटर की ओर से जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर प्रियांशी पांडेय ने बच्चों के हित में महिला कल्याण विभाग की ओर से चलाई जा रही बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा संबंधित विषयों पर चर्चा की। चाइल्ड हेल्पलाइन से सुपरवाइजर शिवम पांडेय की ओर से चाइल्ड हेल्पलाइन समेत अन्य हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।



राजीव चौक पर लगे जाम में फंसी स्कूली बस। ● अमृत विचार

# घंटों जाम में फंसे रहे बच्चे, हुए परेशान

**पुवायां, अमृत विचार:** राजीव चौक पर गुरुवार को चार घंटे जाम लगा रहा। जिसमें स्कूली बच्चे फंसे रहे। लगभग एक घंटे जाम के बाद बच्चे राजीव चौक से बच्चे निकल सके।

गुरुवार को दोपहर स्कूल की छुट्टी के समय डग्गामार वाहनों के कारण राजीव चौक पर लंबा जाम लग गया। इस जाम में नन्हे-मुन्ने बच्चों समेत आम राजगीर घंटे भर तक फंसे रहे। लगभग एक घंटे बाद सक्रिय हुई पुलिस ने बमुश्किल जाम खुलवाया, जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका। कोतवाल हरिपाल सिंह बालियान ने बताया कि दोपहर में जाम लग गया था, इसको पुलिसकर्मियों ने बमुश्किल खुलवाया। डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ, PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

# चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश पैर फिसलने से महिला की मौत

## गुरुवार सुबह आठ बजे बीसलपुर स्टेशन पर हुई घटना

संवाददाता, बीसलपुर


स्टेशन पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चलती ट्रेन को पकड़ने के चक्कर में पैर फिसल जाने के कारण महिला ट्रेन के नीचे आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव निकालवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की मौत के परिवार में कोहराम मच गया।

मामला गुरुवार सुबह आठ बजे का है। बीसलपुर रेलवे स्टेशन पर सुबह आठ बजे एक ट्रेन पीलीभीत के लिए निकल रही थी। तभी महिला ट्रेन पकड़ने को दौड़ पड़ी। बताया जाता है कि सुबह बारिश होने की वजह से प्लेटफार्म पर पानी भरा हुआ था। बोगी में चढ़ने के लिए हैंडल पकड़ते वक्त अचानक उसका पैर फिसल गया और वह पटरी के नीचे जा गिरी। ट्रेन चलती होने के कारण उसकी कटकर मौके पर ही मौत हो गई। महिला के गिरा देखकर हड़कंप मच गया। लोगों ने किसी तरह चेन खींचकर उसे रुकवाया गया। इसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर जीआरपी पुलिस और रेलवे के कर्मचारी भी पहुंच गए। पुलिस ने किसी तरह शव को ट्रेन के नीचे से बाहर निकाला। महिला की पहचान करने के लिए प्रयास शुरू किए गए। करीब एक घंटे बाद महिला की शिनाख्त 48 वर्षीय हीरा कली पत्नी जमुना प्रसाद के रूप में हुई। जो बिलसंडा क्षेत्र के भितेरा गांव की रहने वाली है। पुलिस ने परिवार वालों को सूचना देने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। हादसे के बाद करीब ट्रेन 20 मिनट देरी से स्टेशन से रवाना हुई।

## आठ माह की बच्ची छीनकर विवाहिता को घर से निकाला

**बीसलपुर ,अमृत विचार :**कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सादियां लाड़पुर निवासी उषा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी कुछ साल पहले राहुल कश्यप के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ससुराल वालों ने दहेज में 50 हजार रुपये और बाइक की डिमांड करना शुरू कर दी। जब मांग पूरी न हो सकी तो ससुराल वालों ने उसकी आठ माह की बच्ची को छीन लिया और मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया। इस मामले में पीड़िता ने पति राहुल कश्यप, सास राम बेटी, देवर विक्रांत और ननद सजल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## गर्भवती महिला को पीटा पेट में भ्रूण की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 15 अगस्त को देवीपुरा में पति के साथ बाइक से घर जाते समय दिया था घटना का अंजाम
- जहानाबाद पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दो आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** रंजिश के चलते दो युवकों ने बाइक से जा रहे दंपति को घेर लिया और उसके पति की पिटाई करने लगे। जब गर्भवती पत्नी ने पति को बचाने का प्रयास किया तो उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया और उसके पेट में लात मारी। इससे पेट में पल रहे भ्रूण की मौत हो गई। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर जहानाबाद पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जहानाबाद क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी पूजा देवी ने बताया कि इसी क्षेत्र के गांव देवीपुरा के धर्मपाल और रामलाल उसके पति गनेश प्रसाद से रंजिश मानते हैं। 15 अगस्त को वह पति के साथ घर जा रही थी तभी गांव के बाहर रास्ते में दोनों आरोपियों ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट करना शुरू कर दी। इस दौरान जब उसने पति को बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे जमीन पर गिरकर पेट में लात मारी। जिससे नवजात की मौत हो गई। शोर सुनकर राहगीर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## मैजिक न रोकने पर ग्रामीणों ने किया पथराव, एक घायल

संवाददाता, बरखेड़ा

- बरखेड़ा क्षेत्र में 17 अगस्त को हुई घटना, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** रास्ते में टाटा मैजिक न रोकने से गुस्साए लोगों ने बाइक से पीछा कर उसे रोक लिया और गाली गलौज करते हुए मैजिक में बैठे लोगों से मारपीट करते हुए पथराव कर दिया। जिससे मैजिक क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें सवार ग्रामीण घायल हो गया।

बरखेड़ा क्षेत्र के वार्ड नंबर छह के मोहम्मद रजा उर्फ सोनू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पिता तहसीन अहमद 17 अगस्त को पीलीभीत से टाटा मैजिक से अपने घर बरखेड़ा आ रहे थे। रास्ते में सड़क पर सिमरिया ताराचंदा का ठाकुरदास, अमर सिंह व तीन अज्ञात लोगों ने मैजिक रोकने का इशारा किया। चालक ने मैजिक नहीं रोकी। इस पर उक्त सभी लोग बाइक से पीछा करते हुए रात साढ़े आठ बजे गाजीपुर मोड़ पर मैजिक को रोक लिया। आरोपियों ने सांड को टक्कर मारने की बात कहते हुए ईट-पत्थर को मैजिक के ऊपर फेंकना शुरू कर दिया। जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। उसमे बैठे उसके पिता के सिर में पत्थर लगने से चोट लग गई। जब मैजिक चालक वहां से मैजिक लेकर भागा तो दोबारा थोड़ा आगे मैजिक को रोककर मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## मामूली कहासुनी पर पत्नी को पीटा, रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** मामूली कहासुनी में युवक ने पत्नी को बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ी। पिता ने युवक को समझाने का प्रयास किया तो आरोपी बेटे ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। मामले में पिता ने अपने बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जसौली निवासी सुमेर लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 अगस्त को दोपहर साढ़े तीन बजे उनके बेटा विजय बहादुर उसकी पत्नी सीमा से कहासुनी हो गई थी। इस पर गुस्साए बेटे ने पत्नी को लाठी से पीटना शुरू कर दिया। जिससे वह बेहोश गिरकर पड़ी। जब विरोध किया तो आरोपी बेटे ने उसे भी मारा पीटा। पीड़ित ने अपनी पुत्रवधू को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पीड़ित पिता की तहरीर पर बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

हर साल शारदा मचाती है तबाही, किसानों की जमीन और फसल निगल जाती है

## शारदा को मनाने के लिए की गई पूजा

संवाददाता, पूरनपुर


चंदिया हजारा में मां गंगा की पूजा अर्चना कर कटान थमने की विनती करते श्रद्धालु।

- चंदिया हजारा राहुल नगर के बीच की गई मूर्ति की स्थापना

**अमृत विचार :** शारदा मैया को मनाने के लिए ग्रामीणों ने मां गंगा की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की। इस दौरान गंगा मैया से कटान रोकने की मन्नत मांगी गई। पूजा के बाद ग्रामीणों ने गंगा मां की मूर्ति शारदा नदी में विसर्जित की गई।

पिछले दो दशकों से शारदा नदी आस पास के ग्रामीणों की जमीन और फसलें निगल रही है। बरसात के दौरान शारदा का उफान ग्रामीणों के लिए हर साल परेशानी बन जाता है। गत महीने पहले ही बाढ़ चे चंदिर हजारा, बैल्हा, राहुनगर और खिरकिया बरगदिया गांवों में तबाही मचाई थी। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा भी किया था। पहाड़ों पर होने वाली बरसात से नदी के वेग को गति मिल रही है। बाढ़ का पानी कम होने के बावजूद नदी तेजी के साथ जमीन का कटान कर रही है। शारदा मैया को मनाने के लिए पिछले लगभग 15 सालों से चंदिया हजारा ग्रामीण नदी के किनारे मां गंगा की पूजा अर्चना करते चले आ रहे है। नदी का प्रकोप शांत करने के लिए गुरुवार को ग्रामीणों ने गत वर्ष की तरह इस बार भी मां गंगा की पूजा की। गुरुवार को चंदिया हजारा से राहुल नगर के बीच में ग्रामीणों ने नदी के किनारे मां गंगा की मूर्ति स्थापित की गई। ग्रामीणों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर गंगा मैया से नदी के कटान रोकने की मनौती मांगी। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीण पूजा में शामिल हुए।

पंडित दीपक बनर्जी ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। इसके बाद ग्रामीणें ने मां गंगा की मूर्ति नदी में विसर्जित की गई। यहां ग्राम प्रंधान वासूदेव कुंडू, गणेश सरकार, दीपांकर हलधर, संजीव माली, निताई सरकार सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजद रहे।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
● हिस्टीरिया, मिर्गी
● सिर दर्द, माइग्रेन
● डिप्रेशन, घबराहट
● स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
● नशे की आदत
● डिमोशिया
● याददाश्त कम होना
● बच्चों में चंचलता
● पागलपन बुदबुदाना
● बिस्तर गीला करना
● बेवजह शक करना
● नींद न आना
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
• शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
• धात रोग (Spermatorrhoea)
• स्वप्न दोष (Night Fall)
• वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
• निल शुक्राणु (Azoospermia)
• शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
• बांझपन (Sterility)
• सफेद पानी (Leucorrhoea)
• पेट में दर्द (Pelvic Pain)
• बार-बार गर्भपात होना
35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
Dr.M. Nadeem® (BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709
पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग
जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैक्स पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।
बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोड़ों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज
Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोड़ों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306

# हरिद्वार नेशनल हाईवे पर पलटी निजी बस 50 यात्री घायल, आठ की हालत गंभीर

## बहराइच से पंजाब जा रही थी बस, बुधवार रात 12 बजे चालक को झपकी आने से हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** हरिद्वार नेशनल हाईवे पर बुधवार देर रात एक निजी बस चालक के झपकी आने पर हादसे का शिकार हो गई। बस अमरिया क्षेत्र में बड़े पुरा के पास अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खाई में जा गिरी। बस में सवार करीब 50 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को रेस्क्यू कर उन्हें बाहर निकालकर उन्हें अमरिया सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से आठ यात्रियों की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इधर, अन्य यात्रियों के मामूली रूप से घायल होने पर उन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। जो अपने-अपने गंतव्य को रवाना हो गई।

जानकारी के अनुसार, बहराइच जिले से एक निजी ट्रांसपोर्ट कंपनी की बस में सवार होकर लगभग 50 यात्री जालंधर जा रहे थे। जैसे ही बस पीलीभीत के अमरिया थाना क्षेत्र के बडेपुरा के पास पहुंची तभी अचानक चालक को झपकी आ गई। इसके चलते बस अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। बस के पलटने के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बादरेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को बाहर निकाला। हादसे में 50 यात्री चोटिल हो गए। इनमें आठ यात्रियों की हालत गंभीर है। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरिया में भर्ती कराया है। एक के बाद एक घायलों के पहुंचने से सीएचसी में हड़कंप मच गया। आठ यात्रियों को मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया। उधर, हादसे की जानकारी मिलते ही एसडीएम अजीत प्रताप सिंह सीएचसी पहुंचे। जहां उन्होंने घायलों का हालचाल जाना। प्रभारी निरीक्षक ब्रजवीर सिंह ने बताया बस को कब्जे में ले लिया गया है। बस ड्राइवर व हेल्पर मौका पाकर भाग निकले हैं। सभी मजदूरों के खाने की व्यवस्था कर उनको खाना खिलाया गया। बस मालिक से बात कर दूसरी बस की व्यवस्था करा कर गुरुवार को सभी मजदूरों को बहराइच भेज दिया गया है।



सीएचसी में मौजूद बहराइच के घायल। ● अमृत विचार



घायलों को हाल जानते एसडीएम अजीत प्रताप सिंह।

## सड़क हादसे युवक की मौत, मां बेटी समेत चार घायल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मां की दवा दिलाकर लौट रहे बाइक सवार तीन लोगों को सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि मां, बेटी के अलावा दूसरी बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों बाइकों को कब्जे में ले लिया है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव दियूनी कला के मेजर कुमार (23) की मां पार्वती देवी की तबियत ठीक नहीं चल रही थी। जिसके चलते मेजर बुधवार को मां को दवा दिलाने गजरौला आया था। साथ में उसकी बहन आशा भी थी। दवा लेने के बाद देर शाम वह बाइक से घर आ रहा था। गजरौला क्षेत्र के सुहास चौकी से कुछ दूरी पर सामने से आ रही बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मेजर कुमार की मौत हो गई। जबकि उसकी मां पार्वती देवी और बहन आशा का इलाज चल रहा है। इधर, दूसरी बाइक पर सुहास गांव निवासी पवन कुमार और जसवंत भी घायल हुए हैं। हालत गंभीर होने पर घायल पवन कुमार को उसके परिजनों ने बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने परिवार वालों को हादसे की सूचना देने के बाद गुरुवार को शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। इंस्पेक्टर राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि हादसे की सूचना मिली थी। जिसमें एक की मौत हो गई। अन्य चार का इलाज चल रहा है। बाइकों को कब्जे में ले लिया गया है। फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है।

## एक नजर

### एसडीएम ने चंदिया हजारा में की बैठक

**पूरनपुर।** गुरुवार को चंदिया हजारा के पंचायत घर में एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने मतदाता पुनरीक्षण जागरूकता अभियान को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया। कहा कि 18 साल की आयु पूरी कर चुके युवाओं के वोट अवश्य बनवा लें। महिलाओं के शत प्रतिशत वोट बनवाने के लिए कहा गया। बैठक में ग्रामीणों ने पुर्नविस्थापित ग्रामीणों को मालिकाना हक दिलाने और नदी में कटी जमीन का मुआवजा दिलाने की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि सर्वे का 75 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। एसडीएम ने बरसात के बाद शेष सर्वे कार्य पूरा कराकर रिपोर्ट शासन को भेजने का आश्वासन दिया।

### रजिस्ट्री कार्यालय में मारपीट से अफरा तफरी

**पूरनपुर।** गुरुवार को रजिस्ट्री कार्यालय में जमीन को लेकर दो भाईयों में विवाद हो गया। दोनों के परिजन भी परिसर में मौजूद थे। इदोनों पक्षों में जमकर लात घूंसे चले। मारपीट के साथ हंगामा होने पर रजिस्ट्री कार्यालय के कर्मचारियों ने भय के चलते दरवाजा बंद कर लिया। मारपीट से परिसर में अफरा तफरी मच गई। बमुश्किल बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद दोनों पक्ष घर चले गए।

### मारपीट मामले में चार लोगों पर रिपोर्ट

**गजरौला :** हटुआ बिजलई के मुरारी लाल ने बताया सोमवार शाम करीब साढ़े चार बजे उसका भाई श्री राम, शिव कुमार, पुत्र चेतराम और योगेश कुमार पुत्र कढ़े राम गाली गलौज करते हुए उसके घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। जब पत्नी ने बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने पत्नी को भी पीटा। जिसमें वह घायल हो गई।

## धोखाधड़ी कर चार लाख रुपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** आईटीसी कंपनी के एक एजेंट ने दूसरे एजेंट ने चार लाख रुपये की ठगी कर ली। आरोपी उसे पैसा वापस करने के बहाना कर कई तक टालमटोल करता है। इस मामले में पीड़ित एजेंट ने धोखाधड़ी आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद के रहने वाले चंद्र गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह आईटीसी कंपनी का एजेंट है। उसकी एजेंसी गोपी टॉकीज मोहल्ला दुर्गा प्रसाद में स्थित है। उसके मुताबिक एजेंसी पर लंबे समय से बृजेश राठौर पुत्र स्वर्गीय राजपाल राठौर निवासी पटेल नगर मार्केटिंग का कार्य पिछले कई वर्षों से कर रहा था। वह दुकानदारों से पेमेंट लेने का भी काम करता था। उसका बृजेश पर लगभग चार लाख रुपये का काफी से बकाया चल रहा था। जब भी उससे रुपये देने को कहा गया तो वह आजकल में भुगतान करने की बात कहकर टालमटोल करता है। यही नहीं पेमेंट के लिए फोन तकादा करना शुरू किया तो वह उसने फोन बंद कर लिया। इसके बाद वह मिलने पर भी कई बार टालमटोल करने लगा। काफी समय बाद भी जब उसने रुपये नहीं दिए तो वह आरोपी के घर पहुंचा। जहां घर वालों ने बताया कि वह एक अप्रैल से घर पर नहीं आया है। इस मामले में पीड़ित ने आरोपी एजेंट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## लोकायुक्त की टीम ने दर्ज किए रिटायर्ड सीएमएस के बयान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- महिला अस्पताल में चार घंटे तक टीम ने की छानबीन, रिकार्ड खंगाले
- कायाकल्प अवार्ड की धनराशि का दुरुपयोग करने का मामला
- शाहजहांपुर की महिला ने बीते वर्ष दर्ज कराई थी शिकायत

**अमृत विचार :** महिला अस्पताल में वित्तीय वर्ष 2021-22 कायाकल्प अवार्ड की धनराशि का दुरुपयोग और अन्य वित्तीय अनियमितताओं को लेकर हुई शिकायत मामले में लोकायुक्त की टीम पीलीभीत मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में पहुंची। टीम ने अभिलेख खंगाले। रिटायर्ड सीएमएस को बुलाकर बयान दर्ज किए। चार घंटे तक छानबीन से खलबली मच रही। शाम को टीम रिकॉर्ड जब्त कर वापस लौट गई।

शाहजहांपुर की सुनीता देवी ने बीते वर्ष लोकायुक्त को शिकायती पत्र भेजकर महिला अस्पताल की शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि महिला अस्पताल को वित्तीय वर्ष 2021-22 में कायाकल्प अवार्ड मिला था। जिसके लिए शासन की ओर से अस्पताल बेस्ट के लिए आठ लाख रुपये और इको फ्रेंडली के लिए 10 लाख रुपये बजट मिला। इस धनराशि का रिटायर्ड सीएमएस ने अनधिकृत फर्मो को आवंटित कर बंदरबाट करने का आरोप लगाया। शिकायतकर्ता ने सबसे पहले जिला में शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन उस दौरान जांच कमेटी में शामिल सीएमओ डॉ. आलोक कुमार कोषाधिकारी रेनू बौद्ध ने क्लीन चिट दे दीथी। इसके बाद शिकायतकर्ता ने 300 पेज के साक्ष्यों के साथ अपनी शिकायत लोकायुक्त को भेजते हुए अन्य जनपद से जांच करने की मांग उठाई थी। लोकायुक्त की टीम ने साक्ष्यों व शिकायतों का अवलोकन करने के बाद प्रथम दृष्टया प्रकरण को जांच करना उचित पाया। इसके बाद जांच के लिए लोकायुक्त की ओर से शाहजहांपुर सीएमओ, एडीएम एफआर और कोषाधिकारी की कमेटी बनाई थी। कमेटी ने गुरुवार को दोपहर एक बजे महिला अस्पताल पहुंची। जहां सीएमएस डॉ.राजेश से मिलने के बाद पूरे प्रकरण के बारे में जानकारी मांगी।

इसके बाद उस दौरान के सभी अभिलेख और कायाकल्प धनराशि किस किस मद में खर्च की गई। इसका रिकॉर्ड तलब किया। जानकारी के अनुसार करीब पांच हजार से अधिक पेज का रिकॉर्ड अस्पताल से तलब किया गया है। जिसमें खामियां भी सामने आई है।

टीम ने रिटायर्ड सीएमएस के बयान दर्ज करने के लिए उन्हें भी अस्पताल में बुलाया। जहां उनसे भी जानकारी मांगते हुए बयान दर्ज किए। जांच कमेटी ने अभिलेख देखने के बाद सभी अभिलेख कब्जे में लेकर शाहजहांपुर लौट गई।हालांकि जांच कमेटी के अफसरों ने मीडिया को जानकारी देने से इनकार कर दिया। फिलहाल चर्चा है कि तमाम खामियां मिलने पर कई लोगों की गर्दन फंसना तय माना जा रहा है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## 70 विद्यार्थियों ने किया एनसीसी भर्ती परीक्षा में प्रतिभाग

**बिलसंडा, अमृत विचार :** गांव मुड़िया पसगवां के नन्ही देवी नारायण लाल विद्या मंदिर में बृहस्पतिवार को विद्यार्थियों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए एन सी सी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया।

- शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए कराई गई एनसीसी परीक्षा

इस में 25 बी यू पी बटालियन एन सी सी शाहजहांपुर के सूबेदार सरबन एवं राघवेंद्र सिंह एन सी ओ ने एन सी सी में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की लिखित और शारीरिक दक्षता परीक्षा कराई। इस परीक्षा में 70 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। बता दे कि शारीरिक परीक्षण में लंबाई और वजन एवं लड़कियों के लिए 400 मी दौड़ व लड़कों के लिए 800 मीटर दौड़ निर्धारित की गई। इस क्षेत्र में एन सी सी पहली बार इस विद्यालय को मिली है, जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रबंधक मुनीश कुमार गंगवार ने बताया कि इस विद्यालय में शारीरिक बौद्धिक, सांस्कृतिक, गतिविधि चलती रहती हैं उन्होंने एन सी सी बटालियन से आए सभी अधिकारियों को धन्यवाद भी किया। इस मौके पर कौशल सिंह, विपिन सिंह, वागीश दत्त शर्मा, एन सी सी टीचर श्रीमती दीक्षा पटेल, अध्यापक विपिन गंगवार एवं विद्यालय का स्टाफ सहयोग किया।

## स्कूल जा रही कक्षा दस की छात्रा को रोककर मनचले ने की छेड़छाड़, रिपोर्ट

संवाददाता, बरखेड़ा

- आरोपी 14 अगस्त को भी छेड़छाड़ की घटना को दे चुका था अंजाम पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

**अमृत विचार :** स्कूल जा रही एक छात्रा को एक मनचले ने रोक लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। इस पर छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ दिया। किसी तरह हिम्मत करने के बाद वह आठ दिन वह स्कूल आई तो आरोपी ने दोबारा से उसे रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। इस मामले में छात्रा के पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।


थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री कस्बा बरखेड़ा में स्थित एक इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा है। 14 अगस्त को वह स्कूल पढ़ने के लिए बरखेड़ा आ रही थी। तभी गाजीपुर कुंडा तिराहे पर कोतवाली दियोरिया कला के गांव बढ़ैरा निवासी देवेंद्र ने उसकी पुत्री का रोका लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें करने लगा। किसी तरह पीड़िता वहां से जान बचाकर भाग निकली।

घटना के बाद से पीड़िता स्कूल जाने से डर रही है। पीड़िता ने परिवार वालों को अपने साथ हुई घटना की जानकारी नहीं दी। परिवार वालों के बार-बार कहने पर वह गुरुवार को स्कूल के लिए निकली। तो आरोपी ने छोटी चीनी मिल के पास दोबारा से रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा। इस बार पीड़िता ने शोर मचा दिया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। आरोप है कि यह आरोपी उसके स्कूल पहुंच गया। पीड़िता ने घर पहुंचकर अपने साथ हुई घटना के बारे जानकारी दी। इस पर पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग उठाई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी देवेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## करंट की चपेट में आने दो पशुओं की मौत

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** करंट की चपेट में आने से दो पशुओं की मौत हो गई। इस मामले में भैंस मालिक ने बिजली कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव भोपतपुर निवासी दिनेश चंद्र गुरुवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे अपनी भैंस को चरा कर घर वापस लौट रहे थे। भैंस के साथ उसका बच्चा भी था। दिनेश चंद्र भैंस और उसके बच्चे को लेकर गांव के अंदर मंगली प्रसाद के मकान के पास पहुंचे। तो अचानक बारिश होने लगी। जिस वजह से वहां लगे बिजली के पोल में करंट उतर आया। जिसकी चपेट में आने से भैंस और उसके बच्चे की मौत हो गई। भैंस का करंट से चिपक देखकर ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र बरखेड़ा कला से बिजली बंद करने के लिए कॉल की, तो फोन रिसीव नहीं हुआ। इस मामले में पशु मालिक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET? Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



## देश में 1000 जगहों पर होंगे हिन्दू सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- संघ कार्यालय पर जिलाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

**अमृत विचार।** विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश में करीब एक हजार स्थानों पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। इन सम्मेलनों में केंद्रीय, क्षेत्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों और संतों का मार्गदर्शन मिलेगा। साथ ही अनुसूचित समाज में समरसता का भाव लाने एवं वाल्मीकि समाज मे भ्रांतियां ना फैले इसका संदेश दिया जाएगा। यह बात विहिप जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण ने शहर स्थित संघ कार्यालय पर प्रेस वार्ता में कही।

जिलाध्यक्ष ने कहा समान नागरिक संहिता और वक्फ कानून में बदलाव के साथ ही मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने आदि मांगों को लेकर विहिप ने सक्रियता तेज कर दी है। हिंदू सम्मेलनों का आयोजन 23 अगस्त से एक सितंबर के बीच होगा। पीलीभीत में होने वाले सम्मेलनों में विशाल जनसमूह पहुंचे, ऐसा सभी कार्यकर्ताओं का उद्देश्य है। कहा विहिप की स्थापना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन मुंबई में 1964 में हुई थी।

यह सम्मेलन इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर जेपीसी की बैठक शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री ने यूसीसी पर जोर दिया है, जिस पर जनमत तैयार करना है। बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाए जाने का मुद्दा भी इन सम्मेलनों में उठाया जाएगा। इस दौरान विहिप के जिला मंत्री प्रवीन मोहन अग्रवाल ने बताया कि विहिप का प्रयास गोवंश का संरक्षण और संवर्धन करना है, जो भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा मानी जाती हैं।

कहा कि सितंबर में वक्फ संशोधन विधेयक पर राष्ट्रीय स्तर पर जिले के अनुसार सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। पीलीभीत व शाजीपुर ग्रामीण के सयुंक्त संगठन मंत्री प्रिंस गौड़, जिला प्रचार प्रमुख कुनाल, जिला उपाध्यक्ष जगदीश, जिला महिला उपाध्यक्ष अनुजा चौधरी, जिला संयोजिका मातृशक्ति सोनी, जिला कोषाध्यक्ष संगम अग्रवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



संघ कार्यालय पर हुई प्रेस वार्ता में जानकारी देते विहिप जिलाध्यक्ष व जिला मंत्री।

## महिला को घर में घुसकर पीटने वाले दंपती पर रिपोर्ट

**पूरनपुर।** गांव नौगमा मोहम्मदपुर के प्रेम शंकर ने बताया कि वह 18 अगस्त को पूरनपुर काम करने गए थे। घर में उसकी गैरमौजूदगी में पत्नी डोली और बेटी मौजूद थी। आरोप है कि गांव का रहने वाला राम लखन, उसकी पत्नी गुड्डी और बेटा आयुष घर में घुसे और गाली गलौज करते हुए पत्नी से मारपीट करने लगे। इससे महिला का सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए सीएचसी भर्ती कराया। यह प्राथमिक उपचार देकर हालत गंभीर होने पर डोली को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने दंपति और उसके बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## आठ पंचायतों में जन सेवा केंद्रों के लिए बनेंगे अतिरिक्त कक्ष

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बीसलपुर में पांच, बरखेड़ा में दो और ललौरीखेड़ा ब्लाक में बनेगा एक अतिरिक्त कक्ष
- प्रत्येक कक्ष के लिए पांच-पांच लाख रुपये का बजट शासन स्तर से किया गया आवंटित

**अमृत विचार।** जनपद की आठ ग्राम पंचायतों में जन सेवा केंद्रों के लिए अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए पांच-पांच लाख रुपये की धनराशि भी आवंटित कर दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक जल्द ही इन ग्राम पंचायतों में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण शुरू करवाया जाएगा।

ग्रामीण अंचलों में ग्रामीणों को उनके ही गांव में एक ही छत के नीचे उन्हें आय-जाति निवास समेत विभिन्न प्रमाण पत्र समेत शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करने को ग्राम पंचायतों जनसेवा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। जनपद की 720 ग्राम पंचायतों में जन सेवा केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। पंचायत सचिवालयों में संचालित इन जन सेवा केंद्रों का संचालन पंचायत सहायकों के माध्यम से किया जा रहा है। इधर कुछ पंचायत भवन ऐसे भी हैं, जिनमें जन सेवा केंद्रों का सही तरीके से संचालन नहीं हो पा रहा है। बताते हैं कि इन पंचायत भवनों में मात्र दो होने के कारण जन सेवा केंद्र संचालित नहीं हो पा रहे हैं।

इधर शासन के निर्देश के बाद डीपीआरओ ने इन पंचायतों में जन सेवा केंद्रों के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए प्रस्ताव मांगे थे। सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) द्वारा प्रस्ताव बनाकर भेजे गए। अधिकारियों के मुताबिक प्रस्ताव के आधार पर आठ ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। इन सभी में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए संबंधित ग्राम पंचायतों के खातों में पांच-पांच लाख रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई है।

### इन ग्राम पंचायतों में बनेंगे अतिरिक्त कक्ष

ब्लाक बीसलपुर की ग्राम पंचायत कासिमपुर, कितनापुर नगरिया फहेतपुर, सफौरा, उगनपुर मरौरी, ब्लाक बरखेड़ा की ग्राम पंचायत खेड़ा, नगरा फिजा और ललौरीखेड़ा की ग्राम पंचाचत जोगीठेर।

> जनपद की आठ ग्राम पंचायतों में जनसेवा केंद्रों के लिए अतिरिक्त कक्ष का निर्माण होना है। प्रस्ताव आने के बाद संबंधित ग्राम पंचायतों को पांच–पांच लाख की धनराशि आवंटित की गई है। जल्द ही अतिरिक्त कक्षों का निर्माण शुरू कराया जाएगा। – **सतीश कुमार**, जिला पंचायत राज अधिकारी

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं राजेश कुमार वर्मा पुत्र श्री रामदेव वर्मा मोहल्ला सुभाष नगर, जनपद बरेली, उत्तर प्रदेश का निवासी हूं। मैं आर.के. वर्मा के नाम से भी जाना पहचाना जाता हूं। **राजेश कुमार वर्मा एवं आर. के. वर्मा दोनों मेरे ही नाम है।**

सूचना
मैंने अपने पुत्र रायल पुत्र जान मोहम्मद को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **वाला बेगम पत्नी जान मोहम्मद निवासी ग्राम उस्मानपुर तहसील सहसवान, जिला बदायूं (उ.प्र.)**

सूचना
मैंने अपने पुत्र रौदास पुत्र राजेंद्र को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल संम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **ओमवती पत्नी राजेंद्र निवासी ग्राम ब्रथला नीवरी तहसील सहसवान, जिला बदायूं (उ.प्र.)**

आवश्यकता
बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।
कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।
DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।
जल आकाश, परसाखेड़ा
7669334441, 7599074780, 9720554832

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### भाजपा नगराध्यक्ष के पिता के निधन पर शोक

पीलीभीत : भाजपा नगर अध्यक्ष के पिता के निधन पर राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने शोक जताया। इसको लेकर संजय रॉयल पार्क स्थित आवास पर हुई शोक सभा की गई। जहां दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विजय सिंह गंगवार, सुनील मिश्रा, ओपी मौर्या, अमरीश शर्मा, जसपाल सिंह, ओपी वर्मा रहे।

### युवती को ले जाने पर रिपोर्ट

बरखेड़ा : थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 20 अगस्त को सुबह 11 बजे उसकी पुत्री को गांव निवासी हरपाल बहला फुसलाकर भगा ले गया। जिसका काफी तलाश करने पर कुछ पता नहीं चल सका है। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर बालिका की तलाश कराई जा रही है।

### सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट करेंगे निगरानी, परीक्षा केंद्र बने सभी छह स्कूलों में रहेगा अवकाश

# छह केंद्रों पर आज दो पालियों में 4992 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज।

अमृत विचार : जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई। पांच दिनों तक छह केंद्रों पर दस पालियों में 24960 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इस परीक्षा के दौरान अफसरों का कड़ा इम्तिहान भी होगा। परीक्षा को लेकर गुरुवार को ही सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

शुक्रवार को पहले दिन 4992 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इसको लेकर सभी परीक्षा केंद्रों पर अनुक्रमांक चस्पा किए गए है। अफसरों के मुताबिक सभी परीक्षा केंद्रों पर भारी पुलिस बल के साथ स्टेटिक मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट को भी तैनात किया गया है। परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से होगी। यह कैमरे पुलिस कंट्रोल रुम से संबद्ध रहेंगे। परीक्षा के लिए जिले में छह केंद्र बनाए गए हैं।

परीक्षा पहली पाली में सुबह दस बजे से 12 बजे और दोपहर तीन बजे से पांच बजे तक होगी। आधा घंटा पहले अभ्यर्थियों को चेकिंग के बाद प्रवेश मिलेगा। परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी। विद्यालयों में लगे कैमरों को हटवा गया। जो संस्था परीक्षा करा रही है। उस संस्था ने केंद्रों पर अपने कैमरों को लगाया। परीक्षा केंद्र वित्तविहीन विद्यालयों को नहीं बनाया गया है। राजकीय सहित सहायता प्राप्त व महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

बृहस्पतिवार को केंद्र पर कक्षों में अनुक्रमांक को चस्पा करने का कार्य किया गया। वहीं प्रत्येक केंद्र पर कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। इन कंट्रोल रूम को पुलिस कंट्रोल रूम के अलावा मुख्यालय के कंट्रोल रूम से संबद्ध किया गया है। परीक्षा संपन्न कराने के लिए 175 से अधिक कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

गुरुवार को समस्त कक्ष निरीक्षकों को केंद्रों पर प्रवेश के लिए कार्ड वितरित किए गए। प्रत्येक केंद्र पर परीक्षा सहायक और केंद्र व्यवस्थापक बनाए गए हैं। उनकी मदद के लिए सहायक केंद्र व्यवस्थापकों की भी ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक उपनिरीक्षक समेत सात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी रहेगी। साथ ही अतिरिक्त पुलिस बल भी रहेगा। नकल न हो इसलिए खिड़की आदि पर जाली लगा दी गई है। डीएम संजय कुमार ने बताया केंद्रों अभ्यर्थियों को पेन, प्रवेश पत्र व पहचान पत्र के साथ ही प्रवेश दिया जाएगा।

### छह सेक्टर व पांच स्टेटिक मजिस्ट्रेट करेंगे निगरानी

पुलिस भर्ती परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए डीएम संजय कुमार ने छह सेक्टर और पांच स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाए हैं। सेक्टर मजिस्ट्रेट में एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह, एसडीएम अमरिया अजीत प्रताप सिंह, एसडीएम बीसलपुर महिपाल सिंह, एसडीएम पूरनपुर राजेश शुक्ला, एसडीएम कलीनगर आशुतोष गुप्ता, एसडीएम न्यायिक मयंक गोस्वामी को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया है। वहीं उपायुक्त उद्योग आत्मदेव शर्मा, जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव, जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल, जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार, समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। रिजर्व के तौर पर एसडीएम न्यायिक ऋषिकांत राजवंशी, अधिशासी अभियंता आरईएस राजेश को बतौर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी रेशम विकास अधिकारी दयाशंकर, भूमि संरक्षण अधिकारी को बतौर स्टैटिक मजिस्ट्रेट रिजर्व में रखा गया है।

### प्रवेश पत्र दिखाकर रोडवेज बस में मुफ्त सफर करेंगे अभ्यर्थी

रक्षाबंधन की तरह पुलिस भर्ती में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों के लिए भी शासन की ओर से रोडवेज बस का सफर मुफ्त कर दिया गया है। अभ्यर्थियों को रोडवेज बस में बैठने के दौरान अपना प्रवेश पत्र परिचालक को दिखाना होगा। जिसके बाद वह उन्हें शून्य बिल का टिकट काटकर देगा। यह व्यवस्था 31 अगस्त तक लागू रहेगी। इसको लेकर परिवहन निगम को पत्र जारी कर दिया गया है। शुक्रवार को परीक्षा देने वाले अभ्यार्थियों की भीड़ गुरुवार को ही उमड़ना शुरु हो गई है।

### आदेश: 31 अगस्त तक स्कूलों की एक बजे होगी छुट्टी

जिले में होने वाली पुलिस परीक्षा को लेकर डीआईओएस और बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से पत्र जारी किया गया है। जिसमें उन्होंने पुलिस भर्ती परीक्षा की भीड़ को देखते हुए समस्त स्कूलों की एक बजे छुट्टी करने का आदेश दिया है। ताकि बच्चे जाम में न फंस सके। इसको लेकर सभी प्रधानाचार्य को सूचित कर दिया गया है। इसके अलावा जहां परीक्षा कराई जा रही है। इन स्कूलों में 31 अगस्त तक अवकाश घोषित कर दिया गया है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- परीक्षा से 30 मिनट पहले से ही परीक्षा केंद्र के अंदर अभ्यर्थियों का प्रवेश बंद हो जाएगा।
- जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन में अपना आधार नंबर नहीं दिया है, उन्हें आवंटित समय के भीतर सत्यापन पूरा करने के लिए परीक्षा से दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा।
- अभ्यर्थियों को बोर्ड की ओर से जारी प्रवेश पत्र और पहचान पत्र जैसे ई-आधार, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट तथा काला या नीला बाल पेन लाना होगा।

# मंडल समेत छह जिलों के किसान नेताओं ने कलेक्ट्रेट में डाला डेरा

### किसानों पर दर्ज मुकदमों के विरोध में नारेबाजी कर दिया धरना, किसान नेताओं व एसपी के बीच वार्ता रही बेनतीजा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


प्रदर्शन कर कचहरी तिराहे से डीएम कार्यालय जाते किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार। माधोटांडा थाने में भाकियू जिलाध्यक्ष समेत किसानों पर दर्ज मुकदमे के विरोध में मंडल समेत छह जिलों के भाकियू (अराजनैतिक) जिलाध्यक्षों ने किसानों संग कलेक्ट्रेट में डेरा डाल दिया। दर्ज मुकदमे समेत अन्य मांगों को लेकर जमकर हंगामा काटा। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पंचायत में किसान नेताओं ने जमकर भड़ास निकाली। दोपहर में किसान नेताओं और एसपी के बीच वार्ता बेनतीजा रही। इस पर किसान नेताओं ने कलेक्ट्रेट में डेरा डालने का ऐलान कर दिया। शाम को किसान नेताओं की डीएम से वार्ता हुई। डीएम की ओर से कमेटी बनाकर जांच कराने के आश्वासन दिया गया। जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

दरअसल, माधोटांडा थाने में सीलिंग की जमीन के मामले को लेकर भाकियू जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह समेत कई किसानों पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मामला संज्ञान में आने पर भाकियू के मंडलीय अध्यक्ष चौधरी अरुण राठी ने मंडल के चारों जिलों समेत रामपुर और लखीमपुर के जिला अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ गुरुवार को पीलीभीत पहुंचकर चक्का जाम करने का ऐलान किया था। निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार अपराह्न करीब 11 बजे सेपदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का कलेक्ट्रेट स्थित कृषि भवन में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। किसान नेताओं के चक्का जाम के ऐलान के बाद पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया। कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया।

- **शाम को डीएम ने कमेटी बनाकर जांच का दिया आश्वासन तो किसानों ने धरना किया समाप्त**

कलेक्ट्रेट तिराहे से कलेक्ट्रेट की ओर जाने मार्ग पर बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया। इसी बीच कुछ कार्यकर्ता टनकपुर हाईवे पर पदाधिकारियों के आने का इंतजार कर रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हटाने का प्रयास किया। जानकारी लगते ही कृषि भवन में मौजूद जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह कार्यकर्ताओं के साथ टनकपुर हाईवे पर पहुंच गए। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भी मौके पर पहुंच गए।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि उनका मकसद चक्का जाम करना नहीं है। पदाधिकारियों को कार्यक्रम स्थल तक ले जाने के लिए कुछ कार्यकर्ताओं को खड़ा किया गया था। कार्यकर्ताओं के पहुंचने के बाद एक बार फिर सभी जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए ऑफिसर्स कॉलोनी रोड से कलेक्ट्रेट तिराहा होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे। डीएम कार्यालय के बाहर पहुंचा जुलूस धरने में तब्दील हो गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यहां हुई पंचायत में किसान नेताओं ने जिलाध्यक्ष समेत किसानों पर दर्ज मुकदमे और अन्य समस्याओं को लेकर जमकर भड़ास निकाली। करीब एक घंटे तक चली पंचायत के दौरान पानी की कोई व्यवस्था न होने पर कार्यकर्ता भड़क उठे। कुछ कार्यकर्ताओं ने इधर-उधर पानी की तलाश भी की। कुछ ही देर बाद सभी कार्यकर्ता धरना स्थल से उठ गए और नारेबाजी करते हुए डीएम कार्यालय के पिछले गेट पर पहुंचे। यहां सभी ने जमीन पर बैठकर धरना शुरू कर दिया।


कलेक्ट्रेट परिसर में पंचायत के दौरान किसानों में होती तकरार। ● अमृत विचार


कलेक्ट्रेट परिसर में पंचायत के दौरान किसानों में होती तकरार। ● अमृत विचार


किसान नेताओं से वार्ता करते सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी। ● अमृत विचार


कलेक्ट्रेट परिसर में तैनात पुलिस फोर्स। ● अमृत विचार

मंडलीय अध्यक्ष के अलावा जिला अध्यक्ष बरेली तेजपाल गंगवार, जिला अध्यक्ष रामपुर अजय पाल गंगवार, जिलाध्यक्ष शाहजहांपुर संदीप सिंह, जिलाध्यक्ष लखीमपुर खीरी कुलवंत सिंह, जिलाध्यक्ष बदायूं रामचंद्र यादव, जिलाध्यक्ष पीलीभीत मंजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष अरविंद यादव, बलवीर सिंह, सदर तहसील अध्यक्ष रेशमा वर्मा, तहसील अध्यक्ष कुलवंत सिंह, विक्रमजीत खैरा, प्रेम शंकर वर्मा आदि मौजूद रहे।

### डीएम से वार्ता के बाद सौंपा ज्ञापन



शाम को किसान नेताओ और डीएम संजय कुमार सिंह से वार्ता हुई। इस दौरान किसान नेताओं ने जिलाध्यक्ष समेत किसानों पर दर्ज मुकदमे को निरस्त कराने समेत अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। वार्ता के दौरान डीएम ने मामले की कमेटी बनाकर तीन दिन में जांच पूरी कराने का आश्वासन दिया। डीएम के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया। जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी ने वार्ता के दौरान कमेटी बनाकर तीन दिन में जांच कराने की बात कही है। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सहमति के बाद धरने का समाप्त कर दिया गया।

### पानी को लेकर मची रॉर, प्रशासन को कोसा

पंचायत के दौरान पीने के पानी की व्यवस्था न होने पर कुछ कार्यकर्ता भड़क उठे। जैसे ही प्रतिनिधिमंडल धरना स्थल पर पहुंचा, कुछ कार्यकर्ताओं ने अपने ही किसान नेताओं को अड़े हाथों लेना शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि गर्मी में उनके हलक सूख रहे हैं और आप लोग शांत है। प्रशासन को पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। कार्यकर्ताओं को आग बबूला होता देख मंडलीय अध्यक्ष ने हस्तक्षेप कर कार्यकर्ताओं को समझाया, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ।

### चाहे भूख हड़ताल करना पड़े, हम पीछे नहीं हटेंगे

धरना स्थल पर चल रही पंचायत के दौरान किसान नेताओं का एक प्रतिनिधि मंडल एसपी से वार्ता करने पहुंचा। लेकिन वार्ता बेनतीजा रही। मंडलीय चौधरी अरुण राठी ने कहा कि किसानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ अब चुप नहीं बैठा जाएगा। इसके लिए चाहे भूखहड़ताल करनी पड़े, वह इससे भी पीछे नहीं हटेंगे।

## बाइक और नगदी नहीं मिली तो महिला को कर दिया बेघर

पूरनपुर, अमृत विचार : शादी के दो साल बाद ससुराल वाले दहेज में बाइक और नकदी की डिमांड करने लगे। बेटी होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति सहित ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना हजारा के गांव सिंघाड़ा उर्फ टटरगंज की रहने वाली तोषा कौर ने बताया कि उसकी शादी 18 मई बर्ष 2022 को ज्ञान सिंह निवासी गांव फिरोजनगर वनकुईया जिला उधमसिंह नगर उत्तराखंड के साथ हुई थी। शादी के बाद कुछ समय तक सब ठीक चलता है। नवंबर 2023 में उसने बेटी को जन्म दिया। आरोप है कि बेटी को जन्म देने के बाद ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे। वह आए दिन दहेज में एक लाख रुपए और बाइक मायके से लाने की मांग करने लगे। उसके मुताबिक जब मायके वालों से दहेज लाने में असमर्थता जताई तो उसके साथ पति व उसके परिवार वाले आए दिन मारपीट करते । यहीं नहीं बेटी को जन्म देने के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसको घर से निकाल दिया। इतना ही नहीं आरोप है कि ससुरालवालों ने गाली गलौज करते हुए बिना दहेज वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी है। विवाहिता ने मामले की पुलिस से शिकायत की। हजारा पुलिस ने पति ज्ञान सिंह, ससुर गुरनाम सिंह, सास गीता कौर, जेठ शान सिंह, जेठानी किरन कौर और ननद रानो कौर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## घटतौली के विरोध में कोटेदार के खिलाफ प्रदर्शन


गांव करनैया में कोटेदार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

अमृत विचार : राशन वितरण में लगातार हर महीने की जा रही घटतौली से परेशान कार्ड धारकों का धैर्य आखिरकार गुरुवार को जवाब दे गया। गुरुवार को कार्ड धारकों ने कोटेदार के खिलाफ नारेबाजी कर न केवल प्रदर्शन किया, बल्कि डीएम समेत विभागीय अधिकारियों से मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग भी की।

ग्राम पंचायत नौआनगला उर्फ हरुनगला के मजरा गांव करनैया निवासी पूर्व प्रधान रामचरन की अगुवाई में एकत्र हुए कार्ड धारकों ने गांव के कोटेदार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। कार्ड धारकों का आरोप है कि कोटेदार राशन वितरण में जमकर मनमानी कर रहा है। जिस वक्त मशीन में कार्ड धारकों का अंगूठा लगाया जाता है ,उसी वक्त अटैच कांटे पर राशन का वजन कर वितरण किए जाने की व्यवस्था है,लेकिन कोटेदार अंगूठा लगवाते वक्त कांटे पर ईट पत्थर रखकर पर्ची निकालने की औपचारिकता पूरी करता है ,और बाद में दूसरे कांटे से प्रति यूनिट आधा किलो राशन कम करके देता है। कार्ड धारकों का कहना है कि अगर कोई विरोध करता है तो वह धमकाता भी है। ग्रामीणों का यह कहना है कि कोटेदार अनुसूचित जाति का होने की वजह से वह फर्जी तरीके से एससी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देता है। कोटेदार की इस मनमानी से परेशान तमाम कार्ड धारकों ने उससे राशन लेना ही बंद कर दिया, कुछ लोग तो दूसरे गांव से राशन लेने भी लगे हैं। उधर, कार्ड धारकों ने कोटेदार की इस धांधली की शिकायत डीएम समेत विभागीय अधिकारियों से कर कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में पूर्व प्रधान रामचरन, छोटेलाल, मोतीलाल, नंदराम ,अनुज ,भगवान दास, मुन्नालाल ,उमेश, कालीचरण, गया प्रसाद, राजीव कुमार , नेमचंद्र ,अमित कुमार ,मनीष, राजपाल,सुखलाल ,धर्मेंद्र कुमार, धनपाल, खुशीराम ,विजयपाल, एवं रामस्वरूप प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## महिला से छेड़छाड़ और मारपीट करने का लगाया आरोप

घुंघचिहाई, अमृत विचार : घर में घुसकर एक युवक ने महिला से छेड़छाड़ कर दी। उसके शोर मचाने पर जब पति जाग गया तो आरोपी पति से मारपीट करते हुए पीड़िता को अपने घर खींच ले गया। जहां उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए मारपीट की। इस दौरान दंपति घायल हो गए। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरिया तालुके अजीतपुर बिल्हा के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 अगस्त की रात्रि उसकी पत्नी घर में सो रही थी। तभी गांव का ही रहने वाला महेंद्र पुत्र द्वारिका घर में घुस आया और पत्नी के साथ छेड़खानी करने लगा।

उसके शोर मचाने पर पीड़ित भी जाग गया और आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। इस पर आरोपी ने मारपीट करना शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपी उसकी पत्नी को खींचते हुए अपने घर ले गया। जहां उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें की। विरोध करने पर उसे पीटा। इस पर पीड़ित भी उसके घर पहुंच गया। जहां आरोपी ने उसकी जमकर पिटाई की। जिसमें दंपति घायल हो गए। लोगों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

गजरौला : थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को प्रेम प्रसंग का झांसा देकर इसी क्षेत्र के मुंडेला कलां निवासी छिद्दु पुत्र नंदलाल बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। महिला के मुताबिक आरोपी के झांसे में आकर उसकी बेटी साथ में घर में रखे सोने का कुंडल और नगदी भी ले गई। घटनाक्रम का पता चलने के बाद उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला सका। आरोप है कि गांव वालों से आरोपी के घर की जानकारी मिली तो वहां पहुंचने पर आरोपियों के परिवार वालों ने धमकाना शुरु कर दिया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पांच दिन बाद ई-रिक्शा चालक पर पुलिस ने की कार्रवाई

बीसलपुर : बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम काजर भोजी के रहने वाले दयाराम ने बीसलपुर पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 17 अगस्त को उसका छोटा भाई नन्हेंलाल, ठेकेदार कृष्णपाल के साथ ग्राम महादेवा में लाइट लगाने बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह भड़रिया मोड़ के पास पहुंचा तो वहां ई रिक्शा चालक मनोज कुमार पुत्र बुद्ध सेन निवासी ग्राम मंडरा सुमन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें उसका भाई नन्हेलाल गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका बाया पैर टूट गया। जबकि पीछे बैठे कृष्ण पाल भी घायल हो गए। इस मामले में चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# स्मार्ट सिटी छोड़िए, धूप से बचने को यात्री शेड ही बनवा दीजिए

- **चौराहे से दिल्ली, उत्तराखंड, बरेली जाने वाले सैकड़ों यात्रियों का रोजाना होता है आवागमन**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


शहर का व्यस्ततम नौगवा चौराहा। ● अमृत विचार


नौगवा चौराहे पर धूप से बचने के लिए ओवरब्रिज के नीचे खड़े यात्री। ● अमृत विचार

अमृत विचार : किसी भी शहर की पहचान वहां की सड़कें और चौराहों से होती है। मगर, अपने शहर की पहचान कराने वाले चौराहे तपती गर्मी में मुसीबत बनते जा रहे हैं। यह दीगर बात है कि कुछ साल पहले शहर के प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण कर नई पहचान दी गई, लेकिन चौराहों पर लोगों को मिलने वाली सुविधाओं की खासी कमी अखर रही है। इन चौराहों पर यात्री शेड की व्यवस्था न होने से यात्रियों तपती धूप में ही वाहनों का इंतजार करना पड़ रहा है।

करीब ढाई लाख की आबादी वाले इस शहर की बांसुरी नगरी के रूप में अपनी एक अलग पहचान है। तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने कार्यकाल के दौरान शहर को स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में कई ऐसे कार्य कराए, जिससे शहर की सूरत बदली। उन्होंने शहर के प्रमुख चौराहों पर शुमार बनकटी तिराहा, नकटा दाना चौराहा, विद्या मंदिर चौराहा, गौहनिया चौराहा समेत कइ अन्य चौराहों का सौंदर्यीकरण कराया था। कुछ समय बाद जिम्मेदार यहां सुविधाएं देना ही भूल गए। गौहनिया और विद्या मंदिर चौराहे को छोड़कर बात करें तो अन्य सभी चौराहों पर यात्री शेड तक नहीं है। ऐसे में राहगीर समेत यात्रियों को खुले आसमान के नीचे खड़े होकर ही वाहनों का इंतजार करना पड़ता है।


शहर के चौराहों पर पहले कुछ काम हुआ था, अब काफी समय से कोई काम नहीं हुआ। नौगवा चौराहे पर एक यात्री शेड तक नहीं है जिससे गर्मी के दिनों में धूप में बचा जा सके। जिम्मेदारों को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। - **बबलू गंगवार**


शहर के ज्यादातर चौराहों पर जन सुविधाओं का अभाव है। कुछ चौराहे तो ऐसे हैं जहां पीने के पानी के लिए हैंडपंपों को ढूंढना पड़ता है। जिम्मेदारों की ओर से चौराहों पर दी जाने वाली सुविधाओं पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। - **चेतन राजपूत**


नौगवा चौराहे से अब रोडवेज बसें और अन्य प्राइवेट वाहन भी दिल्ली-बरेली जाते हैं, लेकिन यहां पर यात्रियों के लिए एक छत तक नहीं है। तपती धूप से बचने के लिए यात्री या तो दुकानों में या फिर ओवरब्रिज के नीचे शरण लेते हैं। - **धर्मेंद्र कुमार**

**नौगवा चौराहा यानी हर समय यात्रियों पर आफत**

शहर का नौगवा चौराहा शहर के व्यस्ततम चौराहों में शुमार है। अधिकांश रोडवेज बसों समेत अन्य वाहन यहीं से गुजरते हैं। शाहजहांपुर, बरेली, उत्तराखंड, दिल्ली समेत सभी जगह के यात्रियों का हर समय आवागमन बना रहता है। अधिकांश यात्री रोडवेज बस स्टैंड न जाकर इसी चौराहे पर खड़े होकर वाहनों का इंतजार करते हैं। बावजूद इस चौराहे पर एक अदद यात्री शेड नहीं है। यात्रियों को तपती धूप या बारिश खुले आसमान के नीचे खड़े होकर ही वाहनों का इंतजार करना पड़ रहा है। हालांकि पूर्व में यहां पेड़ लगे थे और यात्री गर्मी के दिनों में इन्हीं पेड़ों की छाया में खड़े होकर वाहनों का इंतजार करते थे, लेकिन कायाकल्प के दौरान इन पेड़ों को कटवा दिया गया था।

# लंबित मांगों पर अमल न होने पर भड़के कलक्ट्रेट कर्मी

## मुख्यमंत्री को संबोधित 22 सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सौंपा, 19 सितंबर को लखनऊ में धरना देने की दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी कर धरना देते कलेक्ट्रेट कर्मी ● अमृत विचार


डीएम को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी संघ के पदाधिकारी ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर गुरुवार को कलक्ट्रेट एवं तहसील में कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों ने कलक्ट्रेट परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्मिकों का वेतन उच्चीकृत करने, कलकट्रेट को मिनी सचिवालय घोषित करने सहित 22 सूत्रीय मुख्यमंत्री के नाम संबोधित मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें समस्याओं का निराकरण न होने पर 19 सितंबर को लखनऊ में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

जिलाध्यक्ष अश्वनी कुमार राजा ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से अनुरोध करते आ रहे हैं, लेकिन आश्वासन के बावजूद अभी तक लंबित मांगों को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई। यदि जल्द ही समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो लखनऊ जाकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

ज्ञापन में जनपद मुख्यालय स्तर पर कलेक्ट्रेट का नाम मिनी/जनपद सचिवालय रखने, कलेक्ट्रेट लिपिक संवर्ग के कर्मियों को नायब तहसीलदार के 10 प्रतिशत पदों पर प्रोन्नति देने, कनिष्ठ सहायक का पदनाम परिवर्तित कर कनिष्ठ, वरिष्ठ, प्रधान सहायक, वरिष्ठ एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी का वेतनमान बढ़ाने, पुरानी पेंशन बहाल करने, लेखा का कार्य करने वाले पटल सहायकों को लेखां संवर्ग का वेतनमान देने, नवसृजित जिलों व तहसीलों में प्रख्यापित पदों का सृजन करने, नवसृजित तहसीलों में प्रशासनिक अधिकारी का पद सृजित करने, भूलेख लिपिक को पूर्व की तरह कलेक्ट्रेट अधिष्ठापन में वापस किए जाने, कार्यालय के लिए दारुलसफा में कक्ष आवंटित करने, कलेक्ट्रेट कर्मियों को सचिवालय के बराबर वेतन भत्ते देने, कलेक्ट्रेट व तहसील कार्यालयों को वातानुकलित कराने आदि की मांग की गई। धरना प्रदर्शन में जिला मंत्री नवल कुमार सक्सेना, संजीव सहगल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार, संयुक्त मंत्री संजीव कुमार सक्सेना, संगठन मंत्री धर्मेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष चंद्रकाता, नरेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, दीपक अग्रवाल, मेराज अहमद, संजय कुमार, महेंद्र सिंह समेत तमाम कलेक्ट्रेट कर्मी मौजूद रहे।

### महिलाओं पर अत्याचार के विरोध में हड़ताल पर रहे अधिवक्ता




पीलीभीत,अमृत विचार : कोलकाता में महिला चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या सहित देश भर में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में जिला मुख्यालय के अधिवक्ता गुरुवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंप कर दोषियों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने बैठक कर महिलाओं की सुरक्षा और उनके मान सम्मान की रक्षा के लिए अगली रणनीति तैयार की। पूर्व शासकीय अधिवक्ता स्नेह लता तिवारी की अगुवाई में गुरुवार को मुख्यालय पर वकालत कर रही महिला अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट में नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में देश भर में महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों को रोकने और दोषियों पर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। अधिवक्ताओं ने बैठक भी की। इसमें महिला सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि महिला अधिवक्ताओं के मान सम्मान के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर स्नेह लता तिवारी, आशा रानी, विनीता सक्सेना ,आशिया फातिमा ,प्रभा अवस्थी, किरन सक्सेना, विवेक पांडे, मोहन गिरी, विवेक अवस्थी, कुलविंदर सिंह, आनंद मिश्रा ,धीरेंद्र मिश्र आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता से घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप

**दियोरिया कला, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने बताया बुधवार शाम वह घर में बर्तन धो रही थी। सास-ससुर अपनी बेटी के घर गए थे। पति खेत पर था तभी गांव का एक युवक घर में अकेला पाकर उससे छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर देवर आ गया।

जब देवर ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। पति के आने पर उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़ित परिवार ने मामले की सूचना डायल 112 को सूचना दी। लेकिन पुलिस के नहीं आने तक आरोपी उसके दरवाजे पर गाली गलौज करते हुए हंगामा करता रहा। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि विवाहिता से छेड़छाड़ करने को लेकर एक तहरीर मिली है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सार-संक्षेप

### समारोह में होगा पांच पुस्तकों का विमोचन

**पूरनपुर, अमृत विचार :** नगर की अशोक कालोनी में स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर में सोमवार को प्रसिद्ध लेखक और व्यंग्यकार ओम प्रकाश मंजुल की पांच पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा। उन्होंने बताया विमोचन समारोह 26 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व होगा। इसमें उनकी कबीर ने इंटर पास किया, मस्ती के दिन चार और सोंधी गंध आदि पांच पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा। उन्होंने समारोह में लोगों से पहुंचने की अपील की है।

### किशोरी को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**पूरनपुर, अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ले की रहने वाली तेरह वर्षीय किशोरी को युवक बहला फुसलाकर लेकर चला गया। पता चलते ही परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन किशोरी की जानकारी नहीं लग सकी। उसकी मां ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज की है।

### जमीन के विवाद को लेकर की मारपीट

**पूरनपुर, अमृत विचार :** गांव दौलतपुर के शिवकुमार ने बताया कि वह उत्तराखंड में काम करते हैं। रक्षबंधन पर्व पर वह घर आए थे। घर के बाहर पड़ी खाली जगह पर परिवार के ही कुछ लोग जबरन कब्जा करना चाहते हैं। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। बुधवार को कुछ लोगों ने खाली पड़ी जगह पर ईंटे डाल दी। मना करने पर लाठी डंडे से पिटाई लगा दी। जिससे वह घायल हो गए। बीच बचाव करने आए परिजनों को भी आरोपियों ने पीटा। पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### शाहजहांपुर के लोगों की कार पलटी, बच्ची की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे माइलेज स्टोन 79 .2 के पास तेज रफ्तार ईको कार पलट गई। डॉक्टरों ने दो साल की बच्ची वंशिका को मृत घोषित कर दिया। शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर क्षेत्र के करकौर गांव निवासी संतोष कुमार पुत्र भूप राम, पत्नी जूही , बेटी गुड़िया , वंशिका और विजय कुमार पुत्र नाथू राम , अमित कुमार पुत्र संजीव गुप्ता, राजेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश कार से पटना में शादी समारोह से शामिल होकर शाहजहांपुर जा रहे थे। डॉक्टर ने घायल जूही, राजेश कुमार और अमित कुमार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कार सवार लोगों की मानें तो कार चालक सलमान शराब के नशे में गाड़ी को 90 से 95 की स्पीड में चल रहा था।

### क्रेडिट कार्ड से साइबर ठगों ने की 1.71 लाख रुपये की ऑनलाइन शॉपिंग

**बरेली :** महानगर के उमंग पार्ट –2 निवासी सत्येंद्र के क्रेडिट कार्ड से साइबर ठगों ने गुरुग्राम और बेंगलुरु में 1.71 लाख रुपये की ऑनलाइन शॉपिंग कर ली। इज्जतनगर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। सत्येंद्र के मुताबिक उनके एचडीएफसी के क्रेडिट कार्ड से 25 जुलाई को किसी ने 1 लाख 67 हजार 929 रुपये फ्लिपकार्ट में बेंगलुरू में ट्रांसफर किए। जबकि उन्होंने किसी से ओटीपी शेयर नहीं किया है।

# व्यापारियों ने निकाला कैंडल मार्च दुष्कर्म के दोषियों को फांसी की मांग

संवाददाता, बरखेड़ा

- कोलकाता में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या किए जाने से आक्रोशित व्यापरियों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



कैंडल मार्च लेकर थाने पहुंचे व्यापारियों ने प्रभारी निरीक्षक को दिया ज्ञापन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कोलकाता में डॉक्टर से दुष्कर्म कर हत्या के मामले गुरुवार को कस्बे में व्यापारियों ने कैंडल मार्च निकला गया। व्यापारी हाथ में मोमबत्ती लेकर ब्लॉक तिराहा से होते हुए मुख्य मार्ग से थाने तक पहुंचे। जहां घटना की निंदा करते हुए व्यापारियों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

जिसमें कहा गया कि कोलकाता में एक मेडिकल कॉलेज में एक महिला चिकित्सक व उत्तरांचल की एक नर्स की दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या कर दी गई। अभी तक आरोपियों पर उच्च कार्रवाई नहीं हुई। मांग की गई कि उपरोक्त आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए। एवं भविष्य में ऐसे आरोपियों को सीधे फांसी की सजा देने का कानून बनाया जाए। पश्चिम बंगाल सरकार से तत्काल इस्तीफा लेकर वहां पर राष्ट्रपति शासन घोषित किया जाए। इस दौरान प्रिंस भारद्वाज, अभिषेक गोस्वामी, मोहम्मद अनस, मानू पांडेय, रामआसरे गुप्ता आदि लोग शामिल रहे।

## अज्ञात बीमारी की चपेट में आए तीन लोग, अस्पताल में भर्ती

**पीलीभीत,अमृत विचार :** बरखेड़ा क्षेत्र में फैली अज्ञात बीमारी से लोगों में दहशत है। इस बीमारी की चपेट में आए तीन लोगों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मरीजों की हालत को देखकर चिकित्सक भी हैरान है।

जहानाबाद क्षेत्र के गांव उझैनिया में पिछले चार दिन में एक ही तरह के तीन मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा में इलाज के लिए लाए गए। जिन्हें देखकर चिकित्सक भी हैरान हो गए। गांव के रहने वाले मुनीश कुमार 17 वर्ष पुत्र वेदपाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा लाया गया। बीमारी को देखते हुए उसे मेडिकल कालेज पीलीभीत रेफर कर दिया गया हैं। इसी गांव का पवन कुमार 20 वर्ष को भी सूचना पर एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरखेड़ा लाया गया। इसमे भी लक्षण पिछले मरीज मुनीश कुमार से मिलते जुलते दिखाई दिए। ।इस मरीज का परीक्षण कर रहे चिकित्सक डॉ लोकेश गंगवार ने बताया कि इस मरीज में अजीब लक्षण दिखे। इसके बाद इसी गांव की मंजू देवी पत्नी जयदेव इलाज के लिए लाया गया ।जो अब सामान्य हैं। इस बीमारी को लेकर गांव में दहशत है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यॉंत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है।
निविदा सं. एवं कार्य का विवरण : EL-MWS-GKP-2024-25-05, इम्प्रूमेंट आफ पावर सप्लाई अरेन्जमेन्ट, बाई रिप्लेसमेंट आफ ओल्ड एण्ड ओवर एण्ड एच0टी0 ओवरहेड लाईन्स बाई अण्डर ग्राउण्ड केबलिंग एण्ड ईट्स एलाईट वर्क्स इन मैकेनिकल वर्कशाप गोरखपुर। अनुमानित लागतः ₹ 62,18,205.28, बयाने की राशि ₹ 1,24,400.00, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से – 12 महीना। निविदा प्रपत्र का मूल्य 0.00,
आन लाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 16.09.2024 समय 11:00 बजे। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा. सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर(कार.)
मुजाधि/विद्युत–114 गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर पीटा, मां बेटी घायल

संवाददाता,गजरौला

- साढ़ू के घर शादी समारोह में आया था पीड़ित परिवार
- पीड़िता के पिता की तहरीर पर दर्ज हुई एफआईआर

**अमृत विचार :** साढ़ू के घर शादी में शामिल होने आए एक परिवार के साथ वहां एक युवक ने शादी के दौरान उसकी बेटी से छेड़छाड़ कर दी। जब उसकी मां ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनकी पिटाई करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें पत्नी और बेटी समेत अन्य लोग घायल हो गए। पीड़ित की ओर से पांच लोगों को नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर निवासी एक ग्रामीण ने गजरौला थाने में तहरीर देकर बताया कि 17 अगस्त दिन शनिवार को वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ गजरौला थाना क्षेत्र के गांव मिलक निवासी अपने साढ़ू के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। शादी समारोह के दौरान पत्नी और बच्चे घर रुक गई। वहां रहने वाले हनीफ पुत्र फकीर बक्श ने पीड़ित की पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब पत्नी ने विरोध किया तो आरोपी फकीर बक्श पुत्र इलाही बक्श, आरिफ, हनीफ पुत्र फकीर बक्श, मुन्नी पत्नी फकीर बक्श, साकिर पुत्र कल्लू अपने पांच अज्ञात साथियों के साथ लाठी डंडे लेकर आ गए और मारपीट करना शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट करते हुए पत्नी और बेटी के ऊपर हथियार से हमला कर दिया। जिसमें घायल हो गई। शोर शराबा होने पर आरोपी मौके से जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इस मामले में पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## विश्वविद्यालय और बरेली कॉलेज 31 तक बंद रहेंगे

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा की वजह से 31 अगस्त तक परिसर और परीक्षा केंद्र वाले महाविद्यालयों को पूरी तरह से बंद करने का आदेश दिया है। इस दौरान कॉलेज और यूनिवर्सिटी के सभी शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्य स्थगित रहेंगे। विश्वविद्यालय के निर्देश पर बरेली कॉलेज ने भी 31 अगस्त तक अवकाश घोषित कर दिया है।

कुलसचिव ने निर्देश दिए कि एडीएम सिटी के पत्र के बाद कुलपति प्रो. केपी सिंह के निर्देश पर 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को पुलिस भर्ती परीक्षा की वजह से परीक्षा केंद्र वाले महाविद्यालयों को बंद करने का आदेश दिया है। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर और महाविद्यालयों के परिसर में किसी भी प्रकार की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को सलाह दी गई है कि वे इस अवधि के दौरान परिसर में प्रवेश करने से बचें। कॉलेज में सिर्फ जिनकी ड्यूटी है वह ही रहेंगे। बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिन शिक्षकों और कर्मचारियों की पुलिस भर्ती परीक्षा में ड्यूटी लगी है, वह अनिवार्य रूप से उपस्थित हों, नहीं तो उनके खिलाफ जिला प्रशासन और कॉलेज प्रशासन स्तर पर कार्रवाई की जाएगी।

**उत्तर रेलवे**

**उत्पाद/ब्रांड्स को सूचीबद्ध करने के लिए सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/खानपान, प्रसिद्ध/लोकप्रिय खाद्य वस्तुओ के ब्रांडों को सूचीबद्ध करने के लिए प्रसिद्ध उत्पाद/ब्रांड्स PAD आइटम्स, फ्रूट ड्रिंक्स/जूस इत्यादि के निर्माताओं से निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 13.09.2024 को 14:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित करते है।
विस्तृत जानकारी एवं खाद्य वस्तुओ की सूचि उत्तर रेलवे की वेब साइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध हैं। परिवर्तन, संशोधन एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए कृपया उपरोक्त वेबसाइट को देखते रहे।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2613/24

**कम्पोजिट स्कूल विहारीपुर अ. रहमान विकास क्षेत्र भदपुरा (बरेली)**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शि. अधिकारी बरेली के पत्रांक सं. एस. एस. ए. निर्माण/ 4618–23– 2023–24 दिनांक 15.12.2023 के अनुपालन में कम्पोजिट विद्यालय बिहारीपुर अब्दुल रहमान (1–8) के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 27.08.2024 दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी । बोली से पूर्व बोलीदाता को अपना आधार कार्ड तथा रू. 10000/– (रू. दस हजार मात्र) की धनराशि जमानत के रूप में जमा करनी होगी। बोलीदाता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिवस को ही प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक होगा। शेष शर्ते विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।
अध्यक्ष–श्री छोटे लाल सचिव– श्री बादशाह
विद्यालय प्रबन्ध समिति कम्पोजिट विद्यालय बिहारीपुर अब्दुल रहमान

**कार्यालय प्राथमिक विद्यालय रम्पुरा विसी, वि.क्षे. भदपुरा, बरेली**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्र सं. SSA/निर्माण /461823/2023–24 दिनांक 15 दिसम्बर 2023 के अनुपालन में विद्यालय के प्रांगण में स्थित जर्जर कक्ष की नीलामी 27 अगस्त 2024 को प्रातः 10:00 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीदाता को अपना आधार कार्ड तथा रू. 10,000/– की धनराशि धरोहर के रूप में जमा करनी होगी। बोलीदाता का पंजीकरण नीलामी दिवस को प्रातः 9:30 से 10:00 बजे तक होगा। नीलामी की शेष शर्ते विद्यालय पहुँचकर प्राप्त की जा सकती है।
अजयपाल (अध्यक्ष) नेहा गर्ग (प्र.अ.) (सचिव)
कार्यालय प्राथमिक विद्यालय रम्पुरा विसी, वि. क्षे. भदपुरा, बरेली।

**प्राथमिक विद्यालय बिहारीपुर वि.क्षे. मझगवां बरेली**

**नीलामी जर्जर भवन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्र संख्या/एस एस ए/निर्माण 4648–53/2023–24 दिनांक 15.12.2023 के अनुपालन में प्राथमिक विद्यालय बिहारीपुर वि.क्षे. मझगवां बरेली के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की द्वितीय नीलामी दिनांक 23.08.2024 को है एवं नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न नहीं होने की स्थिति में तृतीय नीलामी दिनांक 27.08.2024 को पुनः की जाएगी ।
**शर्ते:** केवल जर्जर भवन नीलम होना है यभूमि छोड़कर। 2. बोली से पूर्व बोलीकर्ता अपना रजिस्ट्रेशन करवा ले एवं जमानत राशि 1 5000 जमा कर दें 3. नीलामी स्वीकृत होने पर स्क्रैप का मूल्य का 25% तुरंत जमा करना होगा शेष धनराशि 3 दिन के अंदर विद्यालय प्रबंध समिति के खाते में जमा करनी होगी।
नीरज देवी (अध्यक्ष) विद्यालय प्रबंध समिति प्राथमिक विद्यालय बिहारीपुर विकास क्षेत्र मझगवां (बरेली)
गोमती देवी (प्रधान) ग्राम पंचायत बिहारीपुर देह जागीर विकास क्षेत्र मझगवां (बरेली)
आशीष शर्मा (सचिव) विद्यालय प्रबंधन समिति प्राथमिक विद्यालय बिहारीपुर विकास क्षेत्र मझगवां (बरेली)

# परास्नातक में 4 सितंबर तक लेने होंगे प्रवेश

**बरेली,अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परास्नातक में प्रवेश संबंधी दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। महाविद्यालयों को 23 अगस्त से 4 सितंबर तक मेरिट जारी कर छात्रों के प्रवेश लेने होंगे। पहले विश्वविद्यालय ने 31 अगस्त तिथि निर्धारित की थी लेकिन 23 से 31 अगस्त तक पुलिस भर्ती परीक्षा की वजह से तिथि को विस्तारित कर दिया। इसके अलावा द्वितीय चरण में प्रवेश के लिए 23 अगस्त से 5 सितंबर तक होंगे और महाविद्यालयों को 6 से 10 सितंबर तक मेरिट जारी कर प्रवेश लेने होंगे।

कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक सत्र 2024-25 में एमए, एमएससी, एमकॉम, बीलिब, एमलिब, एमएसडब्ल्यू, बीपीएड, पीजी डिप्लोमा, एलएलबी, एमएड की प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित कर दी गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्र किसी भी दो पाठ्यक्रमों को एक साथ प्रवेश ले सकेंगे। छात्र एक पाठ्यक्रम संस्थागत छात्र के रूप में और दूसरा व्यक्तिगत या ऑनलाइन मोड या दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कर सकेंगे। छात्र-छात्राएं प्रवेश के लिए अधिकतम 10 महाविद्यालयों में आवेदन कर सकते हैं लेकिन उन्हें एक ही महाविद्यालय में प्रवेश लेना होगा।

### स्नातक में प्रवेश के लिए चतुर्थ चरण शुरू

स्नातक में प्रवेश के लिए रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने चतुर्थ चरण के तहत आवेदन खोल दिए हैं। छात्र 23 से 31 अगस्त तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर विलंब शुल्क के साथ 400 रुपये जमा कर आवेदन कर सकेंगे। महाविद्यालयों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण में छूटे हुए छात्रों ओर चतुर्थ चरण में आवेदन करने वाले छात्रों के 23 से 31 अगस्त तक प्रवेश लेने होंगे।

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने प्रवेश संबंधी निर्देश जारी किए
- द्वितीय चरण के आज से आवेदन, 10 सितंबर तक प्रवेश

**कार्यालय ग्राम पंचायत पदमी, विकास खंड शेरगढ़, जनपद बरेली**

**निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस0एल0डब्लू0एम0) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यो को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | (1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | गुणवत्ता युक्त ईंट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप, हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यों से संबंधित सामग्री। |
| 2 | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट) | (1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.) | |
| 3 | मलीय अवशिष्ट प्रबंधन | (1) सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट। | |

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। सामग्री की मात्रा घट–बढ़ सकती हैं। निविदा सूचना दिनांक 22.08.2024 से 30.08.2024 समय अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जा रही है एवं उसी दिन सायं 04 बजे खोली जायेगी।
भगवान देई–ग्राम प्रधान इमरान खान–ग्राम प्रधान

**कार्यालय ग्राम पंचायत जियानगला, विकास खंड शेरगढ़, जनपद बरेली**

**निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस0एल0डब्लू0एम0) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यो को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | (1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | गुणवत्ता युक्त ईंट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप, हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यों से संबंधित सामग्री। |
| 2 | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट) | (1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.) | |
| 3 | मलीय अवशिष्ट प्रबंधन | (1) सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट। | |

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। सामग्री की मात्रा घट–बढ़ सकती हैं। निविदा सूचना दिनांक 22.08.2024 से 30.08.2024 समय अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जा रही है एवं उसी दिन सायं 04 बजे खोली जायेगी।
कलावती–ग्राम प्रधान इमरान खान–ग्राम प्रधान

**कार्यालय ग्राम पंचायत न्यामतपुर, विकास खंड शेरगढ़, जनपद बरेली**

**निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस0एल0डब्लू0एम0) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यो को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | (1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | गुणवत्ता युक्त ईंट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप, हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यों से संबंधित सामग्री। |
| 2 | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट) | (1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.) | |
| 3 | मलीय अवशिष्ट प्रबंधन | (1) सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट। | |

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। सामग्री की मात्रा घट–बढ़ सकती हैं। निविदा सूचना दिनांक 22.08.2024 से 30.08.2024 समय अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जा रही है एवं उसी दिन सायं 04 बजे खोली जायेगी।
भरपूर सिंह–ग्राम प्रधान इमरान खान–ग्राम प्रधान

**कार्यालय ग्राम पंचायत बिल्सा, विकास खंड शेरगढ़, जनपद बरेली**

**निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस0एल0डब्लू0एम0) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यो को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | (1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | गुणवत्ता युक्त ईंट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप, हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यों से संबंधित सामग्री। |
| 2 | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट) | (1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.) | |
| 3 | मलीय अवशिष्ट प्रबंधन | (1) सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट। | |

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। सामग्री की मात्रा घट–बढ़ सकती हैं। निविदा सूचना दिनांक 22.08.2024 से 30.08.2024 समय अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जा रही है एवं उसी दिन सायं 04 बजे खोली जायेगी।
रीता वर्मा–ग्राम प्रधान इमरान खान–ग्राम प्रधान

पुष्पं पुष्पं विचिन्वीत मूलच्छेदं न कारयेत्।
मालाकार इवारामे न यथाङ्गरकारकः॥

जैसे बगीचे का माली पौधों से फूल तोड़ लेता है ,पौधों को जड़ों से नहीं काटता , इसी प्रकार राजा प्रजा से फूलों के समान कर ग्रहण करे। कोयला बनाने वाले की तरह उसे जड़ से न काटे।

## संपादकीय

# युवाओं में बेरोजगारी

भारत की आर्थिक गति बरकरार है। इसके बावजूद रोजगार के अवसर कम हैं, जिसके परिणामस्वरूप विशेष रूप से शहरी युवाओं और युवा महिलाओं के बीच उच्च बेरोजगारी दर है। यानि देश युवा रोजगार संकट का सामना कर रहा है। हालिया रिपोर्ट बताती है कि भारत में बेरोजगार लोगों का करीब 83 फीसदी हिस्सा युवा है। गुरुवार को जारी वित्त मंत्रालय की एक रिपोर्ट में कहा गया कि आर्थिक समीक्षा में जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान सही जान पड़ता है। जीडीपी में 6.5 से 7 प्रतिशत वृद्धि हासिल करने की उम्मीद है। अर्थव्यवस्था में होने वाली वृद्धि के बावजूद उन लाखों युवाओं के लिए पर्याप्त नौकरियां नहीं पैदा हो पा रहीं हैं, जो हर साल श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। भारत में विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी है, जो आने वाले दशक में और बढ़ेगी। भारत की 65 प्रतिशत से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। इस युवाओं एवं उनकी रचनात्मक ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण के लिए इस्तेमाल करना वास्तव में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए आवश्यक है कि अर्थव्यवस्था श्रम शक्ति में वृद्धि का समर्थन करे और युवाओं के पास उचित शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य जागरूकता एवं अन्य सुविधाएं मौजूद हों, ताकि वे अर्थव्यवस्था और राष्ट्र निर्माण में उत्पादक रूप से योगदान कर सकें।

गौरतलब है कि बेरोजगारी एक बहुआयामी समस्या है। विभिन्न मोर्चों पर नीतिगत कार्रवाई की जरूरत है। यह मूल रूप से एक आर्थिक पक्ष है, लेकिन इसके कई सामाजिक और राजनीतिक आयाम भी हैं। इस दृष्टि से भारत के लिए ये काफी मुश्किल समय है कि देश की युवा आबादी का एक बड़ा हिस्सा बेरोजगार है। ऐसे में भारत को अपनी इस युवा आबादी का जनसांख्यिकी लाभांश नहीं मिल पा रहा है। हालांकि कृषि और निर्माण क्षेत्र में नौकरियां काफी हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में उतने कुशल श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं जितनी उम्मीद की जाती है। यही वजह कि नव शिक्षित वर्ग श्रम क्षेत्र की मांगों को पूरा नहीं कर पा रहा है। यानी उन क्षेत्रों में नौकरियां भी हैं और नौकरी चाहने वाले भी, लेकिन काम के हिसाब से योग्यता और कौशल की कमी है। समावेशी विकास के लिए जरूरी है कि तेजी से नौकरियां न सिर्फ उन्हें मिलें, जो वेतन और कौशल वितरण के शीर्ष पर हैं, बल्कि उन्हें भी मिलें जो निचले स्तर पर हैं। इसलिए रोजगार योजनाओं और नीतियों की प्रभावशीलता की निगरानी के लिए तंत्र को सुदृढ़ बनाया जाए।

# जो मनुष्य को बदले वह है असली शिक्षा



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

शिक्षक का काम पाठ तैयार करना कराना नहीं है, वह नोट्स तैयार करने का काम नहीं करता, शिक्षक का काम किताब की चीजों को रटाना या दोहराना नहीं है। वह तोते तैयार नहीं करता, उसे पढ़ाने की कला विकसित करनी चाहिए।

> विश्वविद्यालय और कॉलेज का नाम आते ही पहला शब्द जेहन में आता है वह है ज्ञान या नॉलेज। सवाल यह है हम ज्ञान कैसे अर्जित करते हैं? ज्ञान कैसे संप्रेषित करते हैं? जानना या खोज की भूख पैदा करना बेहद जरूरी है, लेकिन हमारा समूचा पठन-पाठन ज्ञान की भूख पैदा नहीं करता, खोज की इच्छा पैदा नहीं करता। इसके विपरीत हमने यह मान लिया है कि हमें किसी तरह डिग्री हासिल करनी है, नौकरी हासिल करनी है और इसके लिए जितना जरूरी है उतना ही पढ़ो, रट लो और फिर काम पर निकल लो। यानी ज्ञान के साथ हमने प्रयोजनमूलक संबंध बनाया है, ज्ञानकेंद्रित नहीं बनाया है। शिक्षा में प्रयोजनमूलक दृष्टि हमें पुराने संस्कारों, मूल्यों और संबंधों से मुक्त करने में मदद नहीं करती। यही वजह है कि हम जैसे पढ़ने आते हैं डिग्री पाने के बाद भी वैसे ही बने रहते हैं। यही दशा शिक्षकों की भी है। वे शिक्षित होकर भी अवैज्ञानिक बातें करते हैं, तर्कहीन और अविवेकपूर्ण बातें करते हैं।

आप देश में कहीं पर भी जाइए आपको विश्वविद्यालय और कॉलेज शिक्षकों में एक बड़ा तबका मिलेगा जो सहज और स्वाभाविक तौर पर सांप्रदायिक और जाति चेतना संपन्न है। स्थानीय तौर पर अनेक मसलों पर ये लोग सांप्रदायिक या जातिवादी नजरिए से सोचते हैं। इस तरह की चेतना कांग्रेस के जमाने में भी थी और आज भी है। सवाल यह है कि शिक्षकों में यह चेतना कहां से आती है? हम अपनी शिक्षा और शिक्षकों को सांप्रदायिक और जातिवादी चेतना से मुक्त क्यों नहीं कर पाए? असल में हमारी शिक्षा परिवर्तन विरोधी है, परिवर्तनकामी को शिक्षा में शक की नजर से देखते हैं। एक अन्य बुनियादी सवाल यह है कि क्या हमारे विश्वविद्यालय और कॉलेज तर्क और विवेक के आधार पर चल रहे हैं या स्टीरियोटाइप नजरिए से चल रहे हैं? शिक्षक अपने विद्यार्थियों को तर्क, विवेक और वैज्ञानिक नजरिए से पढ़ाते हैं या स्टीरियोटाइप नजरिए से पढ़ाते हैं? अंदर की हकीकत यह है कि हम अपने विद्यार्थी को स्टीरियोटाइप पद्धति से पढ़ाते हैं। वास्तविकता यह है कि हमारे विकास और परिवर्तन की गारंटी स्टीरियोटाइप नजरिया नहीं है। हमें यदि बदलना है और नया समाज बनाना है तो तर्क और विवेक के आधार पर चीजों को देखने, समझने और परखने के संस्कार पैदा करने होंगे। ये चीजें ही शिक्षा की सार्थकता की गारंटी हैं।

विश्वविद्यालय और कॉलेज का नाम आते ही पहला शब्द जेहन में आता है वह है ज्ञान या नॉलेज। सवाल यह है हम ज्ञान कैसे अर्जित करते हैं? ज्ञान कैसे संप्रेषित करते हैं? जानना या खोज की भूख पैदा करना बेहद जरूरी है,लेकिन हमारा समूचा पठन -पाठन ज्ञान की भूख पैदा नहीं करता,खोज की इच्छा पैदा नहीं करता। इसके विपरीत हमने यह मान लिया है कि हमें किसी तरह डिग्री हासिल करनी है,नौकरी हासिल करनी है और इसके लिए जितना जरूरी है उतना ही पढ़ो,रट लो और फिर काम पर निकल लो। यानी ज्ञान के साथ हमने प्रयोजनमूलक संबंध बनाया है,ज्ञानकेंद्रित नहीं बनाया है। शिक्षा में प्रयोजनमूलक दृष्टि हमें पुराने संस्कारों, मूल्यों और संबंधों से मुक्त करने में मदद नहीं करती। यही वजह है कि हम जैसे पढ़ने आते हैं डिग्री पाने के बाद भी वैसे ही बने रहते हैं। यही दशा शिक्षकों की भी है। वे शिक्षित होकर भी अवैज्ञानिक बातें करते हैं, तर्कहीन और अविवेकपूर्ण बातें करते हैं,अपरिवर्तित बने रहते हैं।

शिक्षक का काम पाठ तैयार करना कराना नहीं है, वह नोट्स तैयार करने का काम नहीं करता, शिक्षक का काम किताब की चीजों को रटाना या दोहराना नहीं है। वह तोते तैयार नहीं करता, उसे पढ़ाने की कला विकसित करनी चाहिए। शिक्षक कोई माध्यम मात्र नहीं है, वह किताब और छात्र के बीच का सेतु नहीं है,बल्कि वह मनुष्यता का माध्यम होता है। शिक्षक की कक्षा करने का अर्थ है मानवीय बनना,आलोचनात्मक विवेक अर्जित करना। वह सच्चे ज्ञान का दाता नहीं होता, वह तो मनुष्य है और मनुष्य की तरह संवाद करना और जीना सिखाता है। बार-बार अपने विद्यार्थियों का ध्यान ज्ञान और समाज की समस्याओं की ओर खींचता है।

अच्छी कक्षा वह है, जो कक्षा के विवाद घर तक ज्ञान के विवादों को ले जाए। खाली समय में विद्यार्थियों को बहस के लिए, संवाद के लिए उदबुद्ध करे। शिक्षा में क्राइम का आरंभ झूठ से होता है, जब कोई शिक्षक-शिक्षिका झूठ बोलने लगे, अफवाह फैलाने लगे, चरित्र हनन करने लगे तो अकादमिक जगत में अपराधकर्म की शुरुआत होती है। जब कोई शिक्षक अपने अकादमिक कार्यों को प्राथमिकता न देकर गिरोह बनाकर या संगठनबद्ध होकर अन्य का चरित्रहनन करे, राजनीतिक नजरिए के आधार पर हमले करे, व्यक्तिगत तौर पर अपमान करे, छात्रों का निहित स्वार्थ के लिए दुरुपयोग करे तो अकादमिक जगत का अपराधीकरण करता है।

असली शिक्षा वह है,जो मनुष्य को बदले, मनुष्य के अंदर बैठे पशुबोध को नष्ट करे, लेकिन वास्तविकता यह है कि हम न तो बदलते हैं और न हमारे अंदर का पशुबोध मरता है, बल्कि शिक्षित होने के बाद यह प्रबल और शक्तिशाली हो जाता है। यथास्थिति बनी रहती है और इसे बनाने में स्टीरियोटाइप पठन-पाठन की केन्द्रीय भूमिका है। यही वह बुनियादी जगह है,जहां पर सांप्रदायिक और जातिवादी चेतना फल-फूल रही है। शिक्षा में लगे लोग जाने-अनजाने जिस शैली का शिक्षण के लिए इस्तेमाल करते हैं,उस पर कभी घर जाकर सोचते होंगे इस पर मुझे संदेह है। शिक्षण शैली के तीन स्टीरियोटाइप पहलू हैं। पहला, प्रस्तुति की स्टीरियोटाइप शैली, दूसरा, स्टीरियोटाइप पाठ्यक्रम, तीसरा, ज्ञान का स्टीरियोटाइप दार्शनिक नजरिया, वर्ग और राष्ट्र का स्टीरियोटाइप नजरिया। पढ़ाते समय इन तीनों ही किस्म के स्टीरियोटाइप से बचने की जरूरत है।

शिक्षण सर्जनात्मक होता है, वह तयशुदा चीजों और बातों से शुरू तो हो सकता है,लेकिन उसका लक्ष्य तयशुदा लक्ष्य को प्राप्त करना नहीं है, बल्कि तयशुदा से परे जाकर नए की खोज करना उसका लक्ष्य है, तयशुदा के बारे में सवाल खड़े करना, संवाद-विवाद पैदा करना यदि स्टीरियोटाइप फ्रेमवर्क में ही चीजें पेश की जाती हैं तो संवाद पैदा नहीं होगा। सवाल खड़े नहीं होंगे। खोज और जिज्ञासा की भावना पैदा नहीं होगी। खोज और जिज्ञासा की भावना के बिना आप आधुनिक नहीं बन पाएंगे, यही वजह है हमारी शिक्षा पूर्व-आधुनिक मनोभावों और मूल्यों से मुक्त नहीं करती। कहने का मतलब यह कि स्टीरियोटाइप नजरिया और अभ्यास शिक्षक और छात्र दोनों को नुकसान पहुंचाता है।

हिंदी फिल्मों में ऐसी फिल्में बनी हैं,जो स्टीरियोटाइप को चुनौती देती हैं। मसलन "तारे जमीन पर" (2007) में ऐसा शिक्षक है,जो एकदम खुले दिमाग का है और पूर्वाग्रहों से रहित है। "मैं हूं ना" (2004 ) फिल्म में शिक्षक-छात्र मित्रता पर जोर है। शिक्षक बोरिंग नहीं होता। "चक दे इंडिया" (2007) में शिक्षक की भूमिका है। टीम को एकजुट करने की,"थ्री इडियट"(2009) में बोमन ईरानी (वीरू सहस्त्रबुद्धे ,शिक्षक का नाम) जीनियस और अहंकारी शिक्षक है, वहीं आमिर खान (रैंचो) का चरित्र है,जो लगातार यही बताता है कि डिग्रियां कहीं नहीं ले जातीं। असली ज्ञान तो क्लास रूम और किताबों के बाहर है। "ब्लैक" फिल्म में अमिताभ बच्चन ( देवराज सहाय) बताता है कि शिक्षक किस तरह अर्थपूर्ण जीवन बना सकता है। इसी तरह "मोहब्बतें" फिल्म में जोर है कि शिक्षक को नरम दिल होना चाहिए तब ही वह छात्रों की संवेदनाएं समझ सकता है।

## प्रसंगवश

# वो गांव बहुत याद आता है

बहुत याद आता है,मेरा भोला सा गांव, आईने सी बहती नदी, चंचल पोखर और पीपल की छांव, दरख्त से बांधी, थिरकती छोटी सी नांव, महावर लगे, चढ़ते-उतरते वे पांव बहुत याद आता है, मेरा भोला सा गांव। नटखट बछड़ा, रंभाती गैया, रसोई बनाती यशोदा सी मैया,चोटी पकड़ खींचता,चिढ़ाता था भैया, छेड़ते जब चाचा, चाची कहती 'हटो जाव, सुधरोगे कब कन्हैया!

हम सबको किसी न किसी बहाने अपना गांव याद आता है। पेट की मजबूरी कह लें या जेब की फांका मस्ती, शहर में आया गवई गांव को याद तो करता है,लेकिन अब वह गांव लौटना नहीं चाहता। मैं जानता हूं कि समस्याएं चिन्हित करना एक बात है और उसके समाधान के रास्ते खोजना अलग बात है। हमारे गांवों में अशिक्षा है, बेरोजगारी है, बीमारियां है, जमीनों के खूनी विवाद है, अदालती मुकदमेबाजी है,मुकदमेबाजी से तो शायद ही कोई घर अछूता हो, जात-पात की सामाजिक समस्याएं अब भी जस की तस बरकरार हैं। हां शोषण का वह रंग अब नहीं दिखाई देता है, जैसा प्रेमचंद के उपन्यासों में मुखर होता है। कथित उच्च वर्ग को खेतों में काम करने में अरूचि, दलित वर्ग में शिक्षा में अरूचि जस की तस बनी हुई है? बड़े शहरों की ओर पलायन कम होने की जगह और बढ़ा है,यही हाल रहा तो एक दिन गांव विरान हो जाएंगे,अब भी गांवों में नवयुवकों की संख्या नगण्य होती जा रही है।




डॉ. धीरज सिंह
मुंबई

गांवों की सबसे बड़ी खासियत और ताकत सामाजिक एकता,पारिवारिक एकता उसमें भी अब दरार आने लगी है। देखने में आता है कि हमारा प्रधान सारे गांव का प्रधान नहीं हो पाता,वह सिर्फ अपने समर्थकों का ही प्रधान बना रहता है? अशिक्षा, गरीबी,बेरोजगारी से उसका कोई वास्ता ही नहीं है। स्वास्थ्य सेवा का तो और भी बुरा हाल है, सरकार ने अस्पताल तो बना दिए है,लेकिन उसमें डॉक्टर नदारद हैं। अंधविश्वास पर इतनी जागरूकता फैलाने, जोर देने के बावजूद लोग आज भी झाड़, फूंक, ओझा बाबाओं पर विश्वास करते हैं। बुजुर्ग संस्कृति को गरीबों की धोती ने संभाल रखा है वरना जवान अमीरी ने तो पैंट-शर्ट अपना लिया है। ईट-पत्थर के घरों ने सुविधा, सुरक्षा तो बढ़ा दी है, लेकिन मिट्टी के घरों की वो मोहकता,वो लगाव खत्म कर दी है। गांवों का आपसी अपनत्व बिखरता जा रहा है। प्रेम भाईचारे के ताने-बाने में बुने लोगों में आपसी स्नेह के रिश्ते जो गावों की पहचान हुआ करते थे,आज वेंटिलेटर पर पड़े-पड़े अपनी आखरी सांसे गिन रहे हैं। परिवार-समाज में आपसी कलह के चलते घर-खेत बंटते चले जा रहे हैं, इसलिए खेतों का आकार पहले से छोटा हो गया है,फिर भी पहले से पैदावार तो बढ़ी है। साथ ही साथ खाने वाले पेट भी बढ़े हैं, शायद इसलिए गरीबी जस की तस कायम है।

पीने के पानी ने लोटे और मटके की जगह शहरों की तरह प्लास्टिक की बोतलों और फ्रीज में अपनी जगह बना ली है। भूजल स्तर में दिन प्रतिदिन हो रही कमी ने भी घरों के नल सुखा दिए हैं या फिर पानी की कमी से जूझने के लिए उसको गहराइयों में स्थापित करने के लिए विस्थापित कर उसका इस्तेमाल करना मजबूरी हो गई है। पंगत में बैठकर पत्तल में खाने की परंपरा शहरी बफे सिस्टम ने लगभग खत्म सी कर दी है। आज से पच्चीस-तीस साल पहले तक शादी समारोह तीन-तीन दिन तक चलते थे,वह भी तब जब गावों में गरीबी ज्यादा थी,आधुनिकता ने इसे छोटा कर दिया,अब लोग शादी-ब्याह में जाने की औपचारिकता भर निभाते हैं,शामियाने में खाकर तुरंत ही घर को लौट चले आते हैं। पहले शादियों में आर्केस्ट्रा नहीं होते थे,लेकिन आज होते हैं, ऑर्केस्ट्रा आम हो गए हैं तो शराब की खपत भी बढ़ी है। इसलिए नशे में मार-पीट की घटनाएं थी बढ़ीं हैं। शायद इसलिए ही तमाम झंझटों से बचने के लिए अब गांवों में भी शादियां घर-दुआर खलिहानों में न होकर मैरिज हॉल में होने लगी हैं।

कुल मिलाकर गावों में भी शहर ने अपने पैर पसारना शुरू कर दिया है। आज के शहरीकरण में गांव कही खोते जा रहे हैं,आधुनिकता से कदम ताल करने में असमर्थ होकर लड़खड़ा रहे हैं। गांवों को बचाना है तो उसकी आत्मा की रक्षा करनी पड़ेगी,सबसे बड़ी कमी हमारी इच्छा शक्ति और सोच में है, हम सलीके से बदलना नहीं चाहते? बेतरतीब से अपने गांवों को खत्म करते जा रहे हैं। मानता हूं कि बदलाव प्रकृति का नियम है,लेकिन यह भी जानता हूं कि "बदलने और खोने में काफी फर्क होता है"।

# लोक चेतना विभक्त चेतना नहीं होती



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> सच तो यह है कि लोक चेतना अध्यात्म है। सत्ता के तर्कशास्त्री जो कहना चाहें कहते रहें, सच यह है कि आस्था के बिना लोक चेतना जगती भी नहीं, सर्व के प्रति आस्था, समष्टि के प्रति आस्था, सामान्य के प्रति आस्था। अध्यात्म का माने संकीर्ण नहीं हो सकता, खंडित अहम् का नाम आत्म नहीं है। आत्म व्यापक है,जिसमें सर्व समाया हुआ है,जिसमें पूर्ण समाया हुआ है। आजादी की लोक चेतना सत्य के आग्रह के साथ जगी थी। सत्य के आग्रह से बड़ा कौन सा अध्यात्म हो सकता है? यही कारण है कि संविधान का सूत्रवाक्य बना- सत्यमेव जयते।/ सत्यमेव जयते अध्यात्म का ही सूत्र है।

यदि विभक्त चेतना है तो वह जाति चेतना है, मजहबी चेतना है, पंथ चेतना है, वर्ग चेतना है, क्षेत्र चेतना है, संकीर्ण भाषा चेतना है, लोक चेतना नहीं है। लोक चेतना सर्व चेतना होती है,अविभक्त चेतना होती है। विभक्त चेतना में जाति, वर्ग, वर्ण, मजहब-पंथ, क्षेत्रीयता आदि और पार्टियों के हित या स्वार्थ का आग्रह होता है।

स्वतंत्रता के संग्राम में लोक चेतना जागरित थी। भारत की जनता अंग्रेजों के सामने एक सशक्त और समन्वित इकाई के रूप में संघर्ष कर रही थी। स्वराजी की चेतना विभक्त चेतना नहीं थी, वे भिन्नताएं और वे रेखाएं जो आज इतनी गहरी हो गई हैं, उस समय भी थीं, किंतु स्वराज की चेतना के सामने वे उसी प्रकार से अस्त हो गईं थीं, जैसे सूर्य के प्रकाश में ग्रहनक्षत्रों का अतित्व दिखता नहीं। स्वराज का सरोकार सर्वजन का सरोकार था, सामान्यजन का सरोकार था, समष्टिजन का सरोकार था और मनुष्यता का सरोकार था। व्यापकता का सरोकार था। सत्ता का सरोकार लोकमानस को विभक्त करता है। इसलिए जब स्वराज आता दिखने लगा तब जाति, पंथ, भाषागत-संकीर्णता , संकीर्ण प्रांतीयता, दलगत स्वार्थ के भेद उभरे और उभारे जाते रहे।

इस विभक्त चेतना को तत्कालीन सत्ता से ऊर्जा मिली और उस विभक्त चेतना का परिणाम देश के विभाजन के रूप में सामने आया। तत्कालीन सत्ता का यह षडयंत्र ही था कि उसने रियासतों को सत्ता सौंपी। जाति, पंथ की विभक्त चेतनाओं को सर्वजन चेतना पर प्रहार का मौका मिल गया और जाति, पंथ की विभक्त चेतनाओं ने सर्वजन चेतना पर प्रहार किया। विभक्त चेतनाओं को बल मिला और सर्वजन चेतना निर्बल हुई। गांधी पर जो प्रहार हुआ था, वह वास्तव में लोक चेतना पर प्रहार था, सर्वजन चेतना पर प्रहार था, समष्टि जन चेतना पर प्रहार था। वह सत्ता पर प्रहार नहीं था, वह सामान्यजन पर प्रहार था, सामान्यजन,जो बिना सुरक्षातंत्र के रह रहा था। स्वराज मिलने के बाद कहने को उसका नाम भले ही समाजवाद हो, बहुजनवाद हो, राष्ट्रवाद हो या कुछ और व्यापक सा दिखने वाला, लोकतंत्र के गौरवगान वाला नाम हो,परंतु वह अंधे के नैनसुख नाम जैसा ही था,क्योंकि सत्तास्वार्थ उसके भीतर विराजमान था। सब कुछ स्वतंत्रता और लोकतंत्र के जयजयकार के कोलाहल में हो रहा था।

जाति, पंथ, वर्ग, क्षेत्रीय स्वार्थ को लेकर नाना प्रकार के उपद्रव,दंगे आगे भी हुए,होते रहे। आजादी की लड़ाई के समय हुंकार भरने वाली लोक चेतना नींद में चली गई और बाजार के रूप में व्यष्टि चेतना समष्टि चेतना पर हावी हो गई। व्यष्टि स्वार्थ ने धर्म का चोला पहन लिया है। धर्म वह हो ही नहीं सकता जो सर्व का प्रतिपादन न करता हो,जो समष्टिहित से प्रेरित न हो, जो सामान्यजन के पक्ष में खड़ा न हो। लोकचेतना की नैतिकसत्ता सर्वजन, समष्टिजन और सामान्यजन के हित की सत्ता होती है। यही कारण है कि उसने राज्य को भी नीति का निर्देश दिया और नीति निर्देशक तत्व संविधान में समाविष्ट हुए। संविधान में स्वतंत्रता, समानता और न्याय के दर्शन की प्रतिष्ठा लोक चेतना की ही प्रतिष्ठा है।

सच तो यह है कि लोक चेतना अध्यात्म है। सत्ता के तर्कशास्त्री जो कहना चाहें कहते रहें, सच यह है कि आस्था के बिना लोक चेतना जगती भी नहीं, सर्व के प्रति आस्था, समष्टि के प्रति आस्था,सामान्य के प्रति आस्था। अध्यात्म का माने संकीर्ण नहीं हो सकता, खंडित अहम् का नाम आत्म नहीं है। आत्म व्यापक है, जिसमें सर्व समाया हुआ है,जिसमें पूर्ण समाया हुआ है। आजादी की लोक चेतना सत्य के आग्रह के साथ जगी थी। सत्य के आग्रह से बड़ा कौन सा अध्यात्म हो सकता है? यही कारण है कि संविधान का सूत्रवाक्य बना- सत्यमेव जयते।/ सत्यमेव जयते अध्यात्म का ही सूत्र है।

## सोशल फोरम

# सिपाही भर्ती

आगामी 31 अगस्त तक चलने वाली उप्र सिपाही भर्ती परीक्षा प्रदेश सरकार के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। पिछली कई भर्तियों में हुए पेपर लीक के मामलों ने परीक्षा कराने वाली एजेंसियों की विश्वसनीयता को कटघरे में खड़ा कर दिया है, इसीलिए उप्र सरकार परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

उप्र में 60 हजार पुलिस सिपाहियों की भर्ती के लिए लगभग 44 लाख अभ्यर्थी परीक्षा देंगे, जिनके लिए 67 जिलों में 1174 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में अनुचित साधन के प्रयोग रोकने के लिए जिला पुलिस के अतिरिक्त एएटीएफ तथा एलआईयू को भी सक्रिय किया गया है तथा लीक हुई अन्य परीक्षाओं से भी सबक लिया है। परीक्षा परिणाम आने के बाद भी असफल अभ्यर्थी न्यायालय का रुख अवश्य करेंगे और न्यायालय के रुख पर परीक्षा परिणाम निर्भर रहेगा। पिछली शिक्षक भर्ती इसका एक उदाहरण मात्र है।

सकुशल परीक्षा परिणाम के बाद 60 हजार सिपाहियों को प्रशिक्षित करना भी दुष्कर कार्य है। प्रदेश में सब मिलाकर एक साथ लगभग 25000 सिपाहियों के प्रशिक्षण की ही व्यवस्था है, फिर शेष का क्या होगा? क्या प्रशिक्षण किस्तों में होगा या केंद्रीय पुलिस बलों और अन्य प्रदेश के पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों का उपयोग किया जाएगा? यदि दूसरा विकल्प लिया गया तो प्रशिक्षण के स्तर में गिरावट आएगी, क्योंकि उन संस्थाओं में हमारे आंतरिक विषयों के योग्य प्रशिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। यदि किस्तों में प्रशिक्षण दिया गया तो पहले तथा बाद में प्रशिक्षित सिपाहियों के वेतन भत्तों को लेकर न्यायालय में चुनौती मिलेगी। सिपाहियों की यह परीक्षा प्रति वर्ष न कराकर कई वर्ष बाद हो रही है,इसीलिए पद अधिक हैं।

यदि प्रत्येक वर्ष परीक्षा हो तो पद कम होंगे और उनका प्रशिक्षण प्रदेश में ही संभव होगा। प्रति वर्ष परीक्षा कराने में,बेरोजगारी का हाल देखते हुए,अभ्यर्थियों की संख्या में कमी नहीं आएगी और हर साल सकुशल परीक्षा कराने में वही कठिनाइयां आएंगी, जो कुछ साल बाद एक साथ कराने में आती हैं।

-फेसबुक वॉल से

# क्या बलात्कार शाश्वत प्रक्रिया है

पश्चिम बंगाल की एक महिला डॉक्टर से बलात्कार और तदोपरांत मृत्यु का मामला इन दिनों सुर्खियों में है। सुप्रीम कोर्ट तक ने स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू कर दी है। चूंकि उस प्रदेश में विपक्षी ममता बनर्जी का शासन है, अतः सत्ता दल, उसके सहयोगी और सत्ता परस्त मीडिया इसे ज्यादा ही उछाल रहा है। कांड तो इससे भी अधिक वीभत्स हुए हैं। निर्भया कांड किसे भूला है, जिसके नाम पर सख्त से सख्त कानून भी बनाया गया। मणिपुर में कुकी समुदाय की नारियां सड़क पर नंगी घुमाई गईं और अभी उदयपुर में सरकारी स्कूल में एक हिंदू लड़के को मुस्लिम लड़के ने चाकू मारा, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। उदयपुर में जबरदस्त बवाल हुआ, किंतु इन दोनों जगहों में भाजपा शासन है,अतः मीडिया ने इतना तूल नहीं दिया। वैसे केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के नेतागण भी बलात्कार/नारी अस्मिता से खिलवाड़ करते रहे हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

कांग्रेस से जुड़े भारी भरकम वकील अभिषेक मनु सिंघवी पर एक महिला वकील ने यौन शोषण के खुले आरोप लगाए थे। उसे सिंघवी ने जज बनवाने का लालच देकर शोषित किया गया था। तब सत्ता में कांग्रेस थी। अतः कुछ नहीं हुआ। ऐसे ही आरोप सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति रहे रंजन गोगोई पर उनकी असिस्टेंट कर्मचारी ने लगाए थे। ये लोग भगवान तुल्य माने जाते हैं। अतः उल्टे आरोप लगाने वाली लड़की ही परेशान की गई। उसे निलंबित किया गया था। तब भाजपा और कांग्रेस दोनों से जुड़े शीर्ष वकीलों अरुण जेटली तथा कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति महोदय के पक्ष में प्रेस से वार्ता की थी। पीड़ित महिला एकदम अकेली असहाय हो गई थी।

तुलसीदास जी ने सही ही कहा है, सामरथहिं नहिं दोष गोसाईं। रवि पावक सुरसरि की नाईं'। थोड़ा और पीछे पुराणेतिहास काल में जाएं, तो कुंती के साथ सूर्यदेव का और सत्यवती के साथ ऋषि पाराशर का कृत्य बलात्कार ही था। इनमें नारियों की सहमति नहीं थी। इसके बाद भी सूर्य और पाराशर का समाज ने तिरस्कार भी नहीं किया था, दंड देना तो दूर! वे आदरणीय बने रहे। लगता है ऐसे प्रकरणों में सदा दोहरे मानदंड अपनाए जाते रहे हैं। भर्तिहरि ने अपने 'श्रृंगार शतक' में कामदेव की वंदना की है। शम्भुः स्वयंभु हरियो हरिणेक्षाणानां/ येनाःक्रियन्ति सततं गृह कर्म दासाः वाचामगोचर चरित्र विचित्रताय/ तस्मै नमो भगवते कुसुमायुधाय।। हालांकि नारी अस्मिता से छेड़छाड़ करने वाले सभी कृत्यों की निंदनीय और दंडनीय मानता हैं।

## आपका पत्र

### अतीत पर एकांगी वाचन

लोक जीवन में आधा सच पूरे झूठ से भी ज्यादा खतरनाक और घातक माना जाता है। आजकल प्रदेश सरकार के मुखिया वर्तमान और अतीत दोनों पर एकांगी वाचन कर रहे हैं। बुधवार को कल्याण सिंह की पुण्यतिथि पर अखिलेश यादव और वर्तमान सपा पर वे जो बोले इसका प्रत्युत्तर अखिलेश और सपा के नेता/प्रवक्ता देंगे। पर सपा को लेकर जो मिथ्या कथन कहा उस पर जरूर प्रकाश डालूंगा, क्योंकि उस समय मैं सपा की बौद्धिक इकाई का अध्यक्ष और प्रवक्ता दोनों था। इस तथ्य को भुलाना नहीं चाहिए कि जब भाजपा ने कल्याण सिंह को दरकिनार कर दिया था तो राजनीतिक समुद्र का किनारा, उन्होंने सपा की कश्ती पर सवार होकर ही पाया था। उनके पुत्र राजूभैया को भी सपा में राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया था। सदन में और सदन के बाहर भी गलत बयानी की जा रही है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था दूसरे स्थान पर है जबकि चौथे स्थान पर है। हमारा सकल घरेलू उत्पाद 19.7 लाख करोड़ रुपए है,जो महाराष्ट्र (31 लाख करोड़), तमिलनाडु व गुजरात से कम है जबकि हमारी आबादी तीनों प्रांतों से अधिक है।

**- दीपक मिश्र,** लखनऊ।

### गर्व की बात

'अमूल दूध पीता है इंडिया' यह स्लोगन वर्षों से देश के कोने कोने दीवारों होल्डिंग्स और दूध के पैकेटों अन्य टीवी और रेडियो विज्ञापनों पर मिलेगा। अमूल की स्थापना 19 दिसंबर 1946 को व्यापारियों और एजेंटों द्वारा छोटे डेयरी किसानों के द्वारा हो रहे शोषण के खिलाफ की गई थी। अमूल गुजरात के आनंद स्थित गुजरात मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन नामक भारतीय बहुराष्ट्रीय सहकारी समिति का संक्षिप्त नाम (आनंद मिल्क यूनियन लिमिटेड)। अमूल को दुनिया के सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड के रूप में स्थान दिया गया है। नवीतम खाद्य एवं पेय 2024 की रिपोर्ट में पहला स्थान प्राप्त हुआ है।

डेयरी प्रॉडक्ट्स के मामले में अमूल पहले से हो प्रथम स्थान पर है। अब अमूल का ब्रांड मूल्य 11 प्रतिशत बढ़कर 3.3 अरब डॉलर हो गया है। दुनियाभर में अमूल की पहचान अपने तमाम प्रॉडक्ट्स के लिए है। अमूल सहकारिता की स्थापना डॉक्टर वर्गीज कूरियन ने की थी, जिन्हें देश में श्वेत क्रांति का जनक भी कहा जाता है। आज भी अमूल सहकारिता पर आधारित नीतियों पर काम कर रहा है, इस समय अमूल कंपनी के कुल 7.64 लाख मेंबर्स हैं। कंपनी रोजाना 33 लाख लीटर से ज्यादा दूध का कलेक्शन करती है। कंपनी की रोजाना 50 लाख लीटर की हैंडलिंग क्षमता है। कंपनी का पूरी दुनिया के दूध उत्पादन में 1.2 प्रतिशत हिस्सा है। संस्कृत भाषा के शब्द अमूल्य से लिए गए "अमूल" को दुनियाभर में मिली शोहरत पर देश वासियों को गर्व है।

**-संजीव मेहरोत्रा,** बरेली।

### अधिक केंद्रों वाले स्टेशनों तक पहुंचेगी विशेष ट्रेनें, परीक्षा के एक दिन पहले चलेगी, स्टेशनों पर पीएसी करेगी मदद

# पुलिस भर्ती परीक्षा: अभ्यर्थियों के लिए 22 विशेष ट्रेनें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में संपन्न होने जा रही सिपाही भर्ती परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रदेश सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है। 48 लाख अभ्यर्थियों को सकुशल परीक्षा दिलाने के लिए जहां एक तरह राज्य सरकार ने सैकड़ों बसों को सड़कों पर उतार दिया है, वहीं रेलवे ने भी सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए 22 विशेष ट्रेनों को ट्रैक पर उतारा है।

रेलवे ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर विभाग और ट्रेनें उतारेगा। वहीं जीआरपी के नेतृत्व में प्रदेश के बड़े रेलवे स्टेशनों पर दो-दो प्लॉटून पीएसी तैनात की गई है, जो अभ्यर्थियों को अव्यवस्थाओं से बचाएंगे और उनकी मदद करेंगे।

रेलवे ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए 22 विशेष ट्रेनें चलाई हैं। इनमें से झांसी-प्रयागराज रूट, लखनऊ-बिहार रूट, लखनऊ-मुरादाबाद रूट, वाराणसी-प्रयागराज रूट, गोरखपुर-वाराणसी रूट और गोरखपुर- प्रयागराज रूट पर संचालित किया गया है। एडीजी रेलवे प्रकाश डी. ने बताया कि यह ट्रेनें परीक्षा के एक दिन पहले संचालित होंगी। ट्रेनें गुरुवार से संचालित हो गई हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे ने आश्वासन दिया है कि जरूरत पड़ने पर और ट्रेनें मुहैया करा दी जाएंगी।पुलिस भर्ती बोर्ड अध्यक्ष राजीव कृष्ण ने बताया कि ऐसे कई ग्रुप बने हैं। पता चलते ही एसटीएफ को अलर्ट कर दिया गया है। इसके झांसे में अभ्यर्थी न आएं। ग्रुप बनाने वालों का पता लगाया जा रहा है। उधर, एसटीएफ की दो टीमें भी नजर रखे हुए हैं। डीजीपी ने भी सभी जिलों के पुलिस मुखिया को अलर्ट कर दिया है। अब तक की जांच में यह जालसाजी ही निकली है।

#### जालसाजों की सूचना देने वाले को 25 हजार का इनाम

**लखनऊ, अमृत विचार :** यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के दावे के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। पुलिस ने सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी कर दी है। साथ ही जालसाजों को पकड़ने के लिए भी पुलिस ने जाल बिछा दिया है। टेलीग्राम समेत विभिन्न चैनलों पर 23 अगस्त को परीक्षा शुरू होने से कुछ देर पहले ही पर्चा उपलब्ध कराने का दावा किया गया तो पुलिस ने भी बड़ा ऐलान कर दिया। पुलिस ने बताया कि दलालों के बारे में सही सूचना देने वाले को 25 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। डीजीपी प्रशांत कुमार के मुताबिक दिनांक 23, 24, 25 और 30, 31 अगस्त 2024 को होने वाली सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले सभी उम्मीदवारों को सचेत किया जा रहा है। ताकि वह जालसाजों के झांसे में आकर रुपये न दे। ऐसे जालसाजों के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दें।

#### 12 अगस्त को आया था पहला मैसेज

टेलीग्राम पर यूपी पुलिस 2024- री-एक्जाम पेपर नाम से एक ग्रुप बना है। इसमें पहला संदेश 12 अगस्त को आया है। जिसमें लिखा था कि टेंशन लेने की जरूरत नहीं है। पेपर मैं आप लोगों को दूंगा, चाहे जैसे दूं, बस आप अपना प्रवेश पत्र तैयार रखें। साथ ही यह भी लिखा गया है कि पहले आपसे आपके प्रवेश पत्र की कॉपी ली जाएगी, उसके बाद ही आप लोगों को आपके बैच के हिसाब से पेपर का पीडीएफ मिलेगा। इस संदेश के बाद कई अभ्यर्थियों ने इस ग्रुप पर संदेश भेजे हैं, जिनसे रुपये की मांग करते हुए एक लिंक भेजकर प्रवेश पत्र डाउनलोड करने को कहा गया है। अचानक इस ग्रुप को डिलीट कर दिया गया और फिर इसी से मिलते-जुलते नाम का एक दूसरा ग्रुप टेलीग्राम पर दिखने लगा। इसमें पहले संदेश के रूप में लिखा गया कि कुछ लोगों की वजह से पुराना चैनल डिलीट करना पड़ा है, अब इस पर पेपर मिलेगा।

## वुजूखाने के एएसआई सर्वेक्षण मामले की अगली सुनवाई 9 सितंबर को

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के कथित वुजूखाने का आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया (एएसआई) से सर्वे कराने के मामले में दाखिल याचिका पर गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान मस्जिद कमेटी द्वारा जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया। याची श्रीमती राखी सिंह की ओर से इस पर जवाब दाखिल करने का समय मांगा गया है। अतः न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई आगामी 9 सितंबर को सुनिश्चित कर दी है। श्रृंगार गौरी मामले में मुख्य वादी श्रीमती रखी सिंह ने जिला अदालत, वाराणसी के आदेश को चुनौती दी है। याची का तर्क है कि सील वुजूखाने (शिवलिंग को छोड़कर) का भी सर्वे होना चाहिए।

# अकील अंसारी समेत 8 आरोपियों को उम्रकैद

श्रवण साहू हत्याकांड

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी के चर्चित श्रवण साहू हत्याकांड मामले में गुरुवार को सीबीआई की विशेष अदालत ने अकील अंसारी समेत आठ आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

विशेष जज राहुल प्रकाश ने आरोपी सत्यम पटेल व अमन सिंह पर अलग-अलग दो लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके अलावा अकील अंसारी, विवेक वर्मा, बाबू खान, फैसल, अजय पटेल व रोहित मिश्रा पर भी अलग-अलग एक लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। 1 फरवरी, 2017 को सआदतगंज क्षेत्र में श्रवण साहू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसकी रिपोर्ट उनके पुत्र सुनीत साहू ने दर्ज कराई थी।

#### बेटे की हत्या के गवाह थे श्रवण साहू

इसके पूर्व वर्ष 2013 में श्रवण साहू के पुत्र आयुष साहू की हत्या कर दी गई थी। श्रवण साहू अपने पुत्र की हत्या के इस मामले में अहम गवाह थे। आयुष की हत्या में अकील अंसारी नामजद था। बाद में पुलिस ने इस चर्चित हत्याकांड मामले का पर्दाफाश करते हुए अन्य अभियुक्त अमन सिंह, सत्यम पटेल, अजय पटेल, विवेक वर्मा व रोहित मिश्रा को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 20 मार्च, 2017 को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने इस हत्याकांड की जांच सीबीआई को सौंप दी।

# 2 साल में 2 लाख को देंगे सरकारी नौकरी

### राज्य के जिलों में हर तीन माह में आयोजित किए जाएंगे रोजगार मेलेः -मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार अगले दो साल में दो लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देगी। इसकी शुरूआत 60 हजार सिपाही भर्ती से शुक्रवार को शुरू हो रही है। उन्होंने आगाह किया कि किसी ने भी युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने की कोशिश की तो, उसे जेल भेजने के साथ ही उसकी संपत्तियों को जब्त करके गरीबों में बांट दिया जाएगा।



मुख्यमंत्री मुजफ्फर नगर में ऋण मेला के अंतर्गत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

राज्य सरकार के प्रवक्ता की ओर से मुजफ्फरनगर के बीआईटी कॉलेज में आयोजित जनपद स्तरीय वृहद रोजगार एवं ऋण मेला में मुख्यमंत्री लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के हर जिले में हर तीन माह में रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले नौकरियां निकलती थीं तो पश्चिमी यूपी के युवाओं को उससे वंचित रखा जाता था, मगर आज यहां के युवा और बेटियां नौकरियां प्राप्त कर रही हैं। पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को नमन करते हुए कहा कि मुजफ्फरनगर वही स्थान है, जो 10 साल पहले दंगों की आग में झुलसता था। आज ये दंगामुक्त हो चुका है और यहां धूमधाम से कांवड़ यात्रा निकलती है। यहां की नई पहचान विकास, सुरक्षा, नौजवानों को काम, सरकारी नौकरी के रूप में बन रही है।

● **देश को बांटने और दंगों की आग में झोंकने वालों से सावधान रहना होगा : योगी**

मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि सरकार मवाना चीनी मिल का विस्तारीकरण कराने जा रही है। यहां शुकतीर्थ को मां गंगा की धारा से जोड़ने का कार्य हुआ है। यहां के गुड़ की मिठास पूरी दुनिया में फैल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की ताकत बन चुका है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उन लोगों से पूछा जाना चाहिए कि उनके उस बॉन्ड का क्या हुआ, जिसमें एक लाख रुपये देने के लिए भरवाया गया था।

#### सपा के लोग करते हैं बेटियों के साथ दुष्कर्म

मुख्यमंत्री ने सपा मुखिया को लेकर कहा कि उनके लोग राज्य की बेटियों के साथ दुष्कर्म करते हैं और वह दुष्कर्मियों के साथ खड़े रहते हैं। योगी ने इसे सपा का मॉडल बताया। आश्वस्त किया कि बेटियों की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ करेगा तो अगले चौराहे पर उसका इंतजार यमराज करते मिलेंगे।

## रेलवे की पेंशन अदालत 16 दिसम्बर को

**अमृत विचार, लखनऊ :** रेलवे बोर्ड के निर्देश पर डीआरएम कार्यालय में पेंशनरों, पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए 16 दिसम्बर को पेंशन अदालत का आयोजन होगा। ऐसी समस्याओं के निस्तारण के लिए मंडल कार्यालय के ईजीआरएस केंद्र लखनऊ में जाकर या डाक से से 31 अक्टूबर तक आवेदन भेजना होगा। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र में कर्मचारी, भूतपूर्व कर्मचारी का नाम, पदनाम, विभाग, कार्यस्थल, कर्मचारी से सम्बन्ध, भूतपूर्व कर्मचारी की सेवानिवृत्त, मृत्यु तिथि, पीपीओ की छाया प्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति, बैंक विवरण (खाता सं., आईएफएससी कोड, बैंक का नाम), मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी और पिनकोड सहित पत्राचार का पता एवं पेंशन संबंधित दावा स्पष्ट रूप से हस्ताक्षर एवं प्रपत्रों सहित उल्लिखित करना जरूरी है।

# ईडी, सेबी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में ईडी और सेबी के खिलाफ गुरुवार को सड़क पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से नोकझोंक हो गई। राजभवन के सामने धरना देकर अडानी मामले की जांच के लिए जेसीपी गठित करने की मांग की। मुख्यमंत्री आवास की ओर जाते समय कुछ कांग्रेसियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने अस्थायी जेल ईको गार्डन भेज दिया।



राजभवन के समक्ष प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय व कार्यकर्ताओं को रोकती पुलिस।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रदेश मुख्यालय से वीआईपी गेस्ट हाउस चौराहा पार करते हुए व्रिक्रमादित्य चौराहे की तरफ बढे। रास्ते में पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो कांग्रेसियों की नोकझोंक हो गई। प्रदर्शनकारी राजभवन के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए और अडानी मामले की जांच के लिए जेपीसी गठित करने की मांग कर नारेबाजी करने लगे। नितान्त सिंह नितिन, सोमेश सिंह चौहान, आलोक सिंह रैकवार, वार रूम के सदस्य संजय दीक्षित, आर्यन मिश्रा आदि ने मुख्यमंत्री आवास की ओर जाने लगे। इन लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस अस्थाई जेल इको गार्डन ले गई। प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि जेपीसी का गठन होने तक आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस के सिपाही पूरी ताकत के साथ भाजपा की तानाशाह सरकार के साथ लड़े हैं और न्याय मिलने तक लड़ते रहेंगे।

प्रदर्शन में उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी और राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, पूर्व मंत्री डॉ. मसूद, पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# 17 पीपीएस अधिकारियों के प्रमोशन के साथ तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शासन ने गुरुवार को 17 पीपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। हाल ही में सीओ से एडिशनल एसपी के पद पर प्रोन्नत हुए कुछ अधिकारी भी इनमें शामिल हैं, जिन्हें उनकी वर्तमान तैनाती के स्थान पर ही प्रोन्नति प्रदान की गई है।

प्रोन्नत हुए पीपीएस अधिकारियों में लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात सहायक पुलिस आयुक्त पंकज कुमार सिंह को अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया है। इसी तरह एसटीएफ के डिप्टी एसपी लाल प्रताप सिंह व अब्दुल कादिर को एएसपी बना दिया गया है। प्रयागराज में डिप्टी एसपी कुंभ मेला अंशुमान मिश्रा को एएसपी बनाया गया है। कानपुर नगर में सहायक पुलिस आयुक्त अर्चना सिंह व महेश कुमार को अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। आगरा में सहायक पुलिस आयुक्त पूनम सिरोही को भी अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। यूपीएसआईएसएफ से संबद्ध अतुल कुमार यादव को भी एएसपी बनाया गया है। नोएडा में 49वीं वाहिनी पीएसी में तैनात नितिन कुमार सिंह को उपसेनानायक बनाया गया है। नोएडा में सहायक पुलिस आयुक्त सुमित शुक्ला व सुधीर कुमार को अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। इसके अलावा जौनपुर के एएसपी सिटी बृजेश कुमार गौतम को एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स में एएसपी (ऑपरेशन) बनाया गया है।

मेरठ के एएसपी ग्रामीण कमलेश बहादुर का तबादला उप्र पावर कारपोरेशन (दक्षिणांचल) किया गया है। बुलंदशहर में एएसपी क्राइम डॉ. राकेश कुमार मिश्रा को मेरठ का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है। फिरोजाबाद के एएसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा प्रथम को सीतापुर में 27वीं वाहिनी पीएसी भेजा गया है। अलीगढ़ में सीओ रवि शंकर प्रसाद को फिरोजाबाद का एएसपी सिटी बनाया गया है।

● **कई अधिकारियों का स्थानांतरण न कर उसी विभाग में तैनाती दी गई**

# प्रदेश व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी गठित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के 21वें प्रांतीय निर्वाचन के प्रांतीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को मानस भवन में हुआ। जिसमें प्रदेश के 70 जिलों के 158 पदाधिकारियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। समारोह के उद्घाटन सत्र में महंत मैथिली रमन शरण और मिथिलेश नंदनी शरण ने कहा कि व्यापारी समाज को शास्त्रों मे कुबेर की संज्ञा दी गई है।

प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने व्यापारियों को देश का करदाता और कामदाता बताया। कहा कि यह व्यापारी समाज देश के उत्थान में सदैव कार्यशील रहेगा। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या महानगर के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी के साथ लक्ष्मण किलाधीश मिथिलेश रमण शरण, रामजन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय भी शामिल हुए।





शपथ लेते उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

#### इनका हुआ सम्मान

इस अवसर पर सहयोग के लिए लक्ष्मी कांत झुंझुनवाला, राकेश लधानी, अमित कुमार बनर्जी, अग्रवाल भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, जगदीप हीरा, तरुण मित्तल,पवन जीवानी पंकज गुप्ता, संजय पराग, संजय सावलानी, संजय वर्मा, मो. उमर, सौरभ अग्रवाल को सम्मान पत्र प्रदान देकर सम्मानित किया गया।

## बसपा प्रमुख ने 27 को बुलाई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने उप चुनाव के पहले 27 अगस्त को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाई है। बैठक में पार्टी को मजबूत करने के साथ ही, नए अध्यक्ष का भी चुनाव होगा। पार्टी की कमान मायावती खुद संभालेंगी या किसी और को सौंपेंगी, इसको लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं शुरू हो गई हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों के साथ ही अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी बुलाया गया है। बैठक में उप चुनाव की रणनीति पर मंथन होगा। इसके साथ ही, पार्टी संगठन को नये सिरे मजबूत बनाने, अनुसूचित वर्ग के आरक्षण में आरक्षण के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध जारी रखने समेत कई मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। चर्चा है कि बसपा प्रमुख पार्टी नेता आकाश आनंद को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे सकती हैं। साथ ही, मायावती को पार्टी का प्रमुख फिर चुना जा सकता है।


## वर्ग पहेली-169

**बाएं से दाएं**

4.1. मधु पीने वाला 2. सुराप्रेमी।
5.1. सिसकारने या लहकारने की क्रिया
6.1. रथ हांकने वाला, सारथी, गाड़ीवान 2. बड़ा रथ।
7. रोटी का एक टुकड़ा, ग्रास, निवाला।
8.1. धातुवाला 2. जिसके पास धातुएं हों 3. जिसमें धातुएं हों।

**ऊपर से नीचे**

1.1. तरल पदार्थ का ठोस रूप में परिवर्तित हो जाना या ठोस रूप में आना 2. दृढ़ता के साथ स्थिर होना 3. काम करने का पूरा अभ्यास होना 4. किसी कार्य में उत्तमता हासिल होना, किसी काम में स्थापित होना
2.1. जिस स्थान पर बस्ती हो 2. ग्राम 3. यज्ञ से ठीक पहले का दिन।
3. सरकार की ओर से निर्धारित वह जगह जहां न्यायाधीशों के द्वारा मुक़दमों की सुनवाई करके न्याय किया जाता है, न्यायालय, न्यायाधिकरण।
5.1. पत्र पर लिखा हुआ पता, पत्र के प्रारंभ में पाने वाले का नाम



### वर्ग पहेली -168 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 अ | ■ | ■ |
| 2 दा | वा | न | ल | ■ | 3 वि |
| ■ | ■ | ■ | जे | ■ | शा |
| ■ | 4 चि | 5 ना | ब | ■ | र |
| 6 जु | ■ | 7 का | रा | 8 म | द |
| 9 आ | द | म | ■ | तां | ■ |
| री | ■ | ■ | 10 सा | ध | न |

### सुडोकू -82

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 4 | 3 | 8 | | 5 | | |
| 2 | 3 | | | | 4 | | 7 | |
| | 1 | | | 9 | | 4 | | |
| | 4 | | 6 | 5 | | | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | | | 1 | 7 | | 9 | |
| | | 9 | | 4 | | | 2 | |
| | 8 | | 1 | | | | 4 | 6 |
| | | 7 | | 2 | 3 | 8 | | 5 |

### सुडोकू -81 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 5 | 1 | 4 | 8 | 6 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 6 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 |
| 2 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 1 | 5 | 6 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 | 9 |
| 9 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 6 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 2 | 9 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 5 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 अगस्त शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 10.38 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 19.54 तक तत्पश्चात अश्विनी।


मेष
आज आंखों में दर्द और जलन की समस्या हो सकती है। आपको घर परिवार में अपमान झेलना पड़ सकता है। अनावश्यक मुद्दों के कारण घर मे बहसबाजी हो सकती है। यदि आप विदेश यात्रा कर रहे हैं तो कृपया अपने जरूरी दस्तावेजों को साथ रखें।


वृष
आज निर्यात संबंधी कार्यों में बड़ी डील हो सकती है। बच्चों को जिद्दी न बनाएं। उन्हें अनुशासन के दायरे में रखें। मित्रों की मदद से बिजनेस में बड़ा लाभ होगा। किसी अच्छी आदत को अपनाने का संकल्प ले सकते हैं।


मिथुन
आज का दिन व्यापार के लिए अनुकूल है। आपको ऐसे खर्चे करने पड़ सकते है,जिसके लिए आपका बजट पर्याप्त नहीं है। सरकारी कार्यों की उलझनें दूर होंगी। अधिकारी वर्ग से आपको प्रोत्साहन व शाबाशी मिल सकती है।


कर्क
आज महिलाओं को अपने सहकर्मियों से सावधान रहना चाहिए। स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। चिड़चिड़ेपन के कारण लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। विदेश में जॉब की रुकावटें दूर होंगी। संतान का मनोबल बढ़ाने की कोशिश करें।


सिंह
आज कार्यक्षेत्र में अचानक काम को लेकर तनाव हो सकता है। अपने अवसरों को पहचानें और उन्हें भुनाने का प्रयास करें। निर्माण कार्यों में जल्दबाजी न करें अन्यथा काम बिगड़ सकते हैं। आप धन के मामले में चूक कर सकते हैं।


कन्या
आज परिवार की सुख-सुविधाओं का ध्यान रखें। आपको व्यवसाय में बड़ा धन लाभ हो सकता है। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर जोरों से चर्चा हो सकती है। जॉब बदलने का विचार बनाएंगे।


तुला
आज लोग आपसे द्वेष भाव रख सकते है। आपको उच्च पद और नेतृत्व का अवसर प्राप्त होगा। रिश्तेदारों पर ज्यादा विश्वास न करें। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करें। लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। पुरानी उधारी चुकाने में सफलता मिलेगी।


वृश्चिक
आज सरकारी कार्यों में अनुभवी लोगों की सलाह अवश्य ले लें। नजदीकी व्यक्तियों से संबंध प्रगाढ़ होंगे। विद्यार्थी पढ़ाई और परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। आपकी वाक् शैली की प्रशंसा होगी। क्रोध को अपने व्यक्तित्व पर हावी न होने दें।


धनु
आज विवाहेतर संबंधों की तरफ आप प्रवृत्त होंगे। परिजनों के साथ अपने व्यवहार को अच्छा रखें। एलर्जी और खांसी-जुकाम की समस्या हो सकती है। कारोबार में आप बड़ा निवेश कर सकते हैं। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी।


मकर
आज ऑफिस में बॉस आपकी प्रशंसा कर सकते हैं। करियर की समस्याओं का निवारण होगा। परोपकार में धन खर्च करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन जबरदस्त रहने वाला है। जॉब में पदोन्नति होने की संभावना है। संतान के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा।


कुंभ
आज किसी मित्र के साथ डिनर पर जा सकते हैं। शाम के समय किसी व्यावसायिक यात्रा के लिए जाने की संभावना बन रही है। आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। आपका व्यवहार लोगों के लिए मधुर रहेगा।


मीन
आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जा सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े संवेदनशील रहेंगे। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। मनोरंजन में आप धन खर्च कर सकते हैं। आपको किसी परेशानी से छुटकारा मिलने वाली है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
धड़कन
सुबह : 10.22
कैसे कहूं कि प्यार है
रात : 08.03

&pictures
प्रलय
सुबह : 10.31
द कश्मीर फाइल्स
रात : 08.00

SONY PIX
गूसबम्प्स
दोपहर : 12.13
मॉर्बियस
रात : 09.00

ZEE CINEMA
क्रैक
सुबह : 11.25
किसी का भाई किसी की जान
रात : 08.00

colors CINEPLEX
मेरी ताकत मेरा फैसला
सुबह :10.48
सैंधव
रात : 07.59

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

भिखारी – साहब 20 रु. दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी – लेकिन कॉफी तो 10 रु. की आती है।
भिखारी – मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ मे है न।
आदमी – अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी – नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

पत्नी – मैं रोज पूजा करती हूं। काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति – एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले,फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तुझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।





## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2090, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1965, फॉर्चुन ली. 1560, जय जवान 1510, सचिन 1550, सूरज 1535, अवसर 1640, राग गोल्ड 1625, गृहणी ली 1550, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1655, चक्र टिन 1905, ब्लू 1670, आशीर्वाद मस्टर्ड 1905, स्वास्तिक 2060 । किराना–(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 31000, लाल मिर्च 19000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–900 । चावल–(प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 10000–10700, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, चना काला 8350, दाल चना 9300, लाल हिंदुस्तान 9400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8400, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 13400, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15300, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी–डालमियां 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100 ।

# चार स्तरीय स्लैब बनाए रखने पर विचार

## दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए बदलाव पर जीएसटी मंत्री समूह ने की कर स्लैब पर चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्यों ने स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर जीएसटी का मुद्दा उठाया
- जीओएम के सुझावों पर नौ सितंबर को जीएसटी परिषद की बैठक में होगा विचार

जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए गठित मंत्री समूह (जीओएम) ने गुरुवार को मोटे तौर पर चार-स्तरीय स्लैब संरचना को बनाए रखने और कर अधिकारियों की समिति से कुछ वस्तुओं पर दरों में बदलाव के निहितार्थ का विश्लेषण कर जीएसटी परिषद के समक्ष पेश करने को कहा। जीओएम की बैठक में कुछ राज्यों ने स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का मुद्दा भी उठाया और आगे के डेटा विश्लेषण के लिए केंद्रीय और राज्य कर अधिकारियों वाली दर-निर्धारण समिति को भेज दिया।

जीओएम के सुझावों पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद की नौ सितंबर को होने वाली बैठक में विचार किया जाएगा। उस बैठक में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के समकक्ष भी शामिल होंगे। जीओएम के प्रमुख और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पहली बैठक के बाद कहा, जीओएम के कुछ सदस्य मांग कर रहे हैं कि जीएसटी के तहत कर स्लैब में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए। अभी इस पर और चर्चा होगी और उसके बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। जीओएम को रेस्तरां, पेय पदार्थ और ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्रों से मिले प्रतिवेदनों की समीक्षा की जाएगी और उनमें से कुछ को दर-निर्धारण समिति को भेजा जाएगा।

पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि मैंने कहा है कि जीएसटी स्लैब में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए। परिषद के समक्ष एक प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जीओएम की अगली बैठक नौ सितंबर की परिषद बैठक के बाद होगी।

### जीएसटी राजस्व केंद्र और राज्यों के बीच किया जाता है साझा

सीतारमण ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि जीएसटी लागू होने से पहले भी बीमा प्रीमियम पर कर लगाया जाता था और जीएसटी राजस्व केंद्र और राज्यों के बीच साझा किया जाता है। केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल, उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, गोवा के परिवहन मंत्री मौविन गोडिन्हो और राजस्थान के चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा मंत्री गजेंद्र सिंह भी इस मंत्री समूह के सदस्य हैं। जीएसटी परिषद ने जून में हुई पिछली बैठक में जीओएम को जीएसटी दर युक्तिकरण पर किए गए कार्यों का व्यापक अवलोकन या एक मसौदा रिपोर्ट देने का काम सौंपा था। इसमें कार्य की स्थिति, पैनल द्वारा अब तक कवर किए गए पहलू और पैनल के समक्ष लंबित कार्य शामिल होंगे।

### स्लैब 5, 12,18 और 28 प्रतिशत में ही मौजूद

भट्टाचार्य ने कहा, अभी ऐसा नहीं होगा। स्लैब पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत पर ही रहेंगे। अब परिषद इसकी समीक्षा करेगी। कर स्लैब में फेरबदल पर कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने कहा कि जीएसटी प्रणाली मोटे तौर पर स्थिर हो गई है लिहाजा इसमें कोई गतिरोध डालने से क्या हासिल होगा। स्वास्थ्य और जीवन बीमा कराधान पर बायरे गौड़ा ने कहा, हमने आगे की रिपोर्ट निर्धारण समिति से मांगी है। हमें यकीन नहीं है कि यह एजेंडे का हिस्सा है या नहीं। विपक्ष स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी हटाने की मांग कर रहा है, जिस पर 18 प्रतिशत की दर लागू होती है।

# क्रॉप सर्वे से छूटे 18 हजार गांवों से आया उपज में अंतर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 2023-24 में फसलों की उपज और उत्पादकता कम और ज्यादा होने का मामला
- 1.10 लाख गांव में 92 हजार का हुआ था डिजिटल क्रॉप सर्वे

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में 2022-23 की अपेक्षा 2023-24 में गेहूं, धान, दलहन, खाद्यान्न व तिलहन आदि की उपज में गिरावट नहीं आई है। एक वर्ष उपज और उत्पादकता में जो -1 से -86 फीसद तक कमी दर्शाई गई, उसकी वजह 18 हजार गांव का डिजिटल क्रॉप सर्वे न होना है। क्योंकि नई व्यवस्था के तहत राजस्व विभाग को उपज का आकलन 1.10 लाख गांव का डिजिटल क्रॉप सर्वे करके करना था, लेकिन 92 हजार गांव का ही हुआ। इससे एक वर्ष में बड़ी मात्रा में घटत-बढ़त के आंकड़ों ने कृषि विभाग मुश्किल में डाल दिया था। इसकी पुष्टि के लिए निदेशालय ने जिलों पर सत्यापन कराया तो सैकड़ों गांव सर्वे से छूटे मिलें। हालांकि रिपोर्ट अभी नहीं दी गई है।

**मैपिंग न होने से छूटे गांव, मैनुअली होगा सर्वे :** प्रदेश में रियल टाइम खतौनी के तहत सभी गांव की खतौनी डिजिटल की जा रही है। इस एकीकृत व्यवस्था में चकबंदी के गांव नहीं शामिल हो पाए हैं। हजारों गांव ऐसे हैं, जिनके अभिलेख नहीं है। इस वजह से 100 फीसद गांवों की मैपिंग नहीं हो पाई है। इसी कारण 18 हजार गांव का डिजिटल क्रॉप सर्वे नहीं हो पाया है। जिनका मैनअुली तरीके से सर्वे करके उपज के आंकड़े जोड़े जाएंगे। यह कार्य राजस्व विभाग को दिया गया है।

### एक वर्ष में आया था यह अंतर

| धान में कमी | | गेहूं में कमी | |
|---|---|---|---|
| उत्पादन | 86% | उत्पादन | : – 48.6 स |
| उत्पादकता | 21.8% | उत्पादकता | : – 21.8 |

प्रदेश में फसलों का क्षेत्रफल घटा नहीं बढ़ा है। कुछ गांवों के क्रॉप सर्वे से छूटने की बात सामने आई है। जिलों से सत्यापन करा रिपोर्ट मांगी है।
– आरके सिंह, अपर कृषि निदेशक (प्रसार) कृषि निदेशालय

# एमएसएमई के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाएं : स्वामीनाथन

मुंबई, एजेंसी

- सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रम को किफायती वित्त, भुगतान में देरी, बुनियादी ढांचे जैसी चुनौतियों का करना पड़ रहा सामना

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे. ने वित्तीय संस्थानों से एमएसएमई के प्रति संवेदनशील तथा सहानुभूतिपूर्ण रुख अपनाने और ऋणों के लिए पुनर्गठन विकल्प जैसे उपाय अपनाने का आह्वान किया।

भारतीय विदेशी मुद्रा डीलर संघ (एफईडीएआई) के वार्षिक दिवस पर डिप्टी गवर्नर ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रम (एमएसएमई) को किफायती वित्त तक पहुंच, भुगतान में देरी, बुनियादी ढांचे की अड़चनें और अनुपालन की आवश्यकताओं जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। भारत के आर्थिक बदलाव की यात्रा एमएसएमई क्षेत्र के मजबूत विकास के बिना पूरी नहीं हो सकती। उन्होंने बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में कहा, एमएसएमई न केवल अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, बल्कि वे वृद्धि, नवाचार तथा रोजगार का इंजन है। इनके लिए वित्तीय क्षेत्र को नवीन समाधान, संवेदनशीलता तथा दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना होगा। डिप्टी गवर्नर ने जोर दिया कि अर्थव्यवस्था में एमएसएमई की भूमिका को देखते हुए उनके प्रति संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

# देश की आर्थिक गति बरकरार, 6.5 से 7% वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी



- वित्त मंत्रालय ने जारी की गई मासिक आर्थिक रिपोर्ट में यह बात कही

अनियमित मानसून के बावजूद भारत की आर्थिक गति बरकरार है और आर्थिक समीक्षा में 6.5 से 7% की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का अनुमान सही लगता है। वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई। जुलाई की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2024-25 के पहले चार महीनों में गति बनाए रखी है।

वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया, चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार (अप्रैल-जुलाई) महीनों में वस्तु एवं सेवा कर संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह कर आधार के विस्तार तथा आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि के दम पर मुमकिन हुआ। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के क्रय प्रबंधकों के सूचकांक के मजबूत प्रदर्शन से भी घरेलू गतिविधियों में मजबूती का पता चलता है। विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि का कारण मांग का बढ़ना, नए निर्यात ऑर्डर में तेजी तथा उत्पादन कीमतों का बढ़ना है। राजकोषीय मोर्चे पर इसमें कहा गया कि बजट वित्त वर्ष 2024-25 ने राजकोषीय मजबूती का मार्ग प्रशस्त किया है। मजबूत राजस्व संग्रह, राजस्व व्यय में अनुशासन तथा मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के समर्थन से राजकोषीय घाटे में कमी आने का अनुमान है। साथ ही, इसमें कहा गया कि पूंजीगत व्यय को उच्च स्तर पर बनाए रखा गया है, जिससे नए निजी निवेश चक्र को समर्थन मिल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया, खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई 2024 में घटकर 3.5 प्रतिशत हो गई, जो सितंबर 2019 के बाद सबसे कम है। यह खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी का नतीजा है।

### जीडीपी वृद्धि दर छह तिमाहियों में सबसे कम

**नई दिल्ली।** सरकारी पूंजीगत व्यय में कमी तथा शहरी उपभोक्ता मांग में नरमी से भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अप्रैल–जून तिमाही में छह प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे कम है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने यह बात कही। इक्रा को 2024–25 में जीडीपीइ की दर के 6.8% रहने उम्मीद है, जो 2023–24 में दर्ज 8.2% से कम है। इक्रा ने सरकारी पूंजीगत व्यय में कमी तथा शहरी उपभोक्ता मांग में गिरावट के बीच 2024–25 की पहली तिमाही में जीडीपी के छह प्रतिशत पर आने का अनुमान लगाया है जो पिछली छह तिमाही में सबसे कम होगा। वित्त वर्ष 2023–24 की चौथी तिमाही में जीडीपी दर 7.8 प्रतिशत थी।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### बीएसएफ महानिदेशक ने किया जम्मू-कश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा का दौरा

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने बृहस्पतिवार को जम्मू के सीमावर्ती क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगते इलाकों का दौरा कर स्थिति और परिचालन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। चौधरी ने जवानों से भी बातचीत की और शीर्ष अधिकारियों ने उन्हें सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। बीएसएफ महानिदेशक नियुक्त होने के बाद चौधरी ने पहली बार जम्मू सीमांत क्षेत्र का दौरा किया है। जम्मू–कठुआ रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक शिव शर्मा ने पंसार सीमा चौकी पर चौधरी से मुलाकात की।

### बिहार: हादसे में एक परिवार के पांच लोगों की मौत

**आरा (बिहार)।** बिहार के भोजपुर जिले में आरा–बक्सर राजमार्ग पर गुरुवार को जीप के डिवाइडर से टकराने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। भोजपुर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार गुरुवार सुबह गजराजगंज थाना क्षेत्र में एनएच 922 पर बीबीगंज पुल के पास उक्त वाहन डिवाइडर से टकरा गया। मृतकों में भूप नारायण पाठक, बिपुल पाठक, रेनू देवी, अर्पिता पाठक और सिटी कुमार उर्फ हर्ष है।

### ओडिशा: दुकान पर पलटा टैंकर, पांच लोगों की मौत

**बरहामपुर।** ओडिशा के गंजाम जिले में गुरुवार सुबह बस से टक्कर के बाद टैंकर सड़क किनारे बनी चाय की दुकान पर पलट गया, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई और 12 घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना हिंजिली के पास समरझोला में राष्ट्रीय राजमार्ग 59 पर हुई। चार व्यक्तियों की मौके पर मौत हो गई थी जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख की राशि देने का ऐलान किया है।

### किसानों की समस्या के निदान को बनाएंगे समिति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह किसानों की शिकायतों का हमेशा के लिए सौहार्दपूर्ण समाधान करने के वास्ते जल्द ही एक बहुसदस्यीय समिति का गठन करेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए दो सितंबर की तारीख मुकर्रर की, साथ ही पंजाब एवं हरियाणा की सरकारों से किसानों के संभावित मुद्दों की जानकारी समिति को देने को कहा।

# काम पर लौटें चिकित्सक : सुप्रीम कोर्ट

## आंदोलनकारी डॉक्टरों के काम पर लौटने पर कार्रवाई न करने और सुरक्षा का सरकारों को दिया निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

### डॉक्टर से दरिंदगी



- तीन जजों की पीठ ने स्वत: संज्ञान मामले में सभी पक्षों की दलीलें सुनीं

उच्चतम न्यायालय ने कोलकता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज की स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ ड्यूटी के दौरान कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में आंदोलनरत देशभर के डॉक्टरों को अपने काम पर तत्काल लौटने की गुरुवार को अपील की और काम पर लौटने वाले आंदोलनकारी डॉक्टरों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने के साथ ही उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का सरकारों को निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने स्वतः संज्ञान मामले में सुनवाई के दौरान सभी संबंधित पक्षों की दलीलें सुनीं। चंद्रचूड़ ने डॉक्टर से कहा, न्याय और चिकित्सा हड़ताल पर नहीं जा सकते। क्या हम अब न्यायालय के बाहर जाकर बैठ सकते हैं? पीठ ने कहा, डॉक्टरों ने आशंका जताई है कि उनमें से कुछ पर प्रदर्शनों में शामिल होने से कार्रवाई हो रही है। हमें आश्वासन दिया गया है कि डॉक्टर काम पर लौट आएंगे और 22 अगस्त के आदेश के बाद काम पर वापस आने वाले डॉक्टरों पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। अदालत ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव को राज्य के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक करके काम पर लौटने के इच्छुक डॉक्टरों की सुरक्षा करने का निर्देश दिया।

### एम्स के चिकित्सकों ने 11 दिनों से जारी हड़ताल खत्म की

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों ने 11 दिनों से जारी हड़ताल को उच्चतम न्यायालय की अपील पर समाप्त करने की घोषणा की। शीर्ष अदालत ने इससे पहले दिन में प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से काम शुरू करने को कहा था और उन्हें आश्वासन दिया था कि काम पर लौटने के बाद उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जायेगी। एम्स रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हम उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद काम पर लौट रहे हैं।

### वित्तीय गड़बड़ी: एक साल बाद एसआईटी का गठन क्यों : अदालत

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल सरकार से पूछा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप पहली बार सामने आने के एक साल बाद विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन क्यों किया गया। सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली ने अदालत में याचिका दायर कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान हुईं कथित वित्तीय अनियमितताओं की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने की मांग की है। मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज ने पूछा कि आरोप सामने आने के एक साल बाद एसआईटी का गठन क्यों किया गया। मामले की सुनवाई शुक्रवार को फिर होगी।

# संसदीय समिति की बैठक, विपक्ष ने कई प्रावधानों पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, एहेंसी

वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार के लिए गठित संसद की संयुक्त समिति ने गुरुवार को मैराथन बैठक की, जिसमें कई विपक्षी सांसदों ने इस कानून के कई प्रावधानों को लेकर आपत्ति जताई। समिति की पहली बैठक में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की ओर से प्रस्तुति दी गई।

सूत्रों ने बताया कि भाजपा के सांसदों ने विधेयक में संशोधनों-खासकर महिलाओं को सशक्त बनाने संबंधी प्रावधान की सराहना की। बैठक में कई बार तीखी बहस हुई लेकिन विभिन्न दलों ने कई घंटे बैठकर विधेयक पर विचार दर्ज कराए, सुझाव दिए और स्पष्टीकरण मांगा। भाजपा की सहयोगी लोजपा (रामविलास) ने कहा कि मुस्लिम समुदाय को विचार-विमर्श के लिए बुलाया जाना चाहिए। भाजपा की सहयोगी तेदेपा ने भी इसका समर्थन किया। कई विपक्षी सदस्यों ने विधेयक के ऐसे खंडों और उनके औचित्य पर सवाल उठाया, जिनमें विवादित संपत्ति के स्वामित्व पर निर्णय लेने में जिलाधिकारियों को सशक्त बनाने और बोर्डों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने का प्रावधान है। वाईएसआर कांग्रेस के सांसद रेड्डी ने एक्स पर कहा कि उन्होंने हितधारकों द्वारा व्यक्त चिंताओं पर विधेयक का विरोध किया।

### रहमानी का दावा- नीतीश-नायडू ने विरोध का दिलाया यकीन

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने दावा किया कि मुस्लिम संगठनों के प्रतिनिधियों ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात की है, जिसमें दोनों नेताओं ने यकीन दिलाया कि वे वक्फ विधेयक का विरोध करेंगे। रहमानी ने कुछ शीर्ष मुस्लिम संगठनों के प्रमुखों के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की।

# लड़कियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं : अदालत

मुंबई, एजेंसी



- बदलापुर यौन शोषण स्तब्धकारी हाईकोर्ट ने स्वत: लिया संज्ञान

बंबई हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बदलापुर कस्बे के एक स्कूल में दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न की घटना को स्तब्धकारी करार देते हुए गुरुवार को कहा कि लड़कियों की रक्षा और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि घटना की जानकारी होने के बावजूद मामला दर्ज न करने के लिए स्कूल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। अदालत ने प्राथमिकी दर्ज करने में देरी के लिए पुलिस की भी आलोचना की। बंबई उच्च न्यायालय ने ठाणे जिले के एक स्कूल के शौचालय में पुरुष सहायक द्वारा 12 और 13 अगस्त को चार साल की दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न के मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, इस मामले में प्राथमिकी 16 अगस्त को दर्ज की गई और आरोपी को 17 अगस्त को गिरफ्तार किया गया। पीठ ने कहा कि जब तक जनता ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन नहीं किया और आक्रोश नहीं दिखाया तब तक पुलिस तंत्र आगे नहीं बढ़ा। अदालत ने प्रश्न किया, जब तक जनता जबरदस्त आक्रोश नहीं दिखाए तब तक क्या तंत्र सक्रिय नहीं होगा। या जनता के इस प्रकार के आक्रोश के बिना राज्य सक्रिय नहीं होगा। पीठ ने कहा कि पुलिस ने मामले की ठीक से जांच नहीं की। अदालत ने सवाल किया, जहां तीन से चार साल की छोटी बच्चियों का यौन उत्पीड़न किया गया हो, वैसे गंभीर मामले को पुलिस इतने हल्के में कैसे ले सकती है। अदालत ने कहा, अगर स्कूल सुरक्षित जगह नहीं हैं तो बच्चे क्या करें? तीन, चार साल के बच्चे ने क्या किया? यह बिल्कुल स्तब्धकारी (घटना) है।

### आरोपी के परिजन बोले- बेटे को फंसाया गया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बदलापुर में दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोपी के माता–पिता ने दावा किया कि उनका बेटा निर्दोष है और उसे फंसाया गया है। आरोपी के माता–पिता ने मराठी चैनल से कहा कि उनके बेटे के खिलाफ लगाए गए आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है।

## बृजभूषण पर आरोप लगाने वाली पहलवान की सुरक्षा करें बहाल

### यौन शोषण का मामला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने गुरुवार को पुलिस को उस महिला पहलवान की सुरक्षा तुरंत बहाल करने का निर्देश दिया, जिसने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने आदेश में कहा कि पहलवान को बयान दर्ज कराने के लिए शुक्रवार को कोर्ट में पेश होना होगा। अदालत तीन पहलवानों की उन आवेदनों पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें दावा था कि बुधवार रात को उनकी सुरक्षा हटा दी गई थी। वहीं दिल्ली पुलिस ने कहा कि किसी की सुरक्षा नहीं हटाई गई है। खिलाड़ी हरियाणा के है इसलिए वहां की पुलिस से सुरक्षा की बात हो रही है।

# ममता ने प्रधानमंत्री को लिखी चिट्ठी दुष्कर्म पर सख्त कानून बनाने की मांग

कोलकाता, एजेंसी

- प. बंगाल की मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया- ऐसे मामलों में सुनवाई 15 दिनों में होनी चाहिए पूरी

प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुष्कर्मियों को कड़ी सजा देने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग को लेकर गुरुवार को प्रधानमंत्री से आग्रह किया। साथ ही सुझाव दिया कि ऐसे मामलों में सुनवाई 15 दिनों में पूरी होनी चाहिए।

बनर्जी ने लिखे पत्र में कहा, ऐसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दों को सख्त कानून से संबोधित करने की जरूरत है, जिसमें ऐसे जघन्य अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर सजा का प्रावधान हो। पत्र की प्रतियां मीडिया को भी जारी की गयी। पूरे देश में दुष्कर्म के मामलों की बढ़ती घटनाओं की ओर प्रधानमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए बनर्जी ने कहा कि कई मामलों में दुष्कर्म के बाद हत्या भी कर दी जाती है। यह देखना भयावह है कि पूरे देश में प्रतिदिन लगभग 90 बलात्कार के मामले होते हैं। इससे समाज और राष्ट्र का विश्वास और विवेक डगमगाता है। हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम इसे समाप्त करें ताकि महिलाएं सुरक्षित महसूस करें।

## प्रशिक्षक और प्रशिक्षु पायलट का शव मिला

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर स्थित हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद लापता हुए दो सीट वाले विमान में सवार प्रशिक्षु पायलट और प्रशिक्षण देने वाले पायलट का शव चांडिल बांध में मिला जबकि विमान की तलाश जारी है। अधिकारियों ने बताया कि निजी उड़ान प्रशिक्षण संस्थान अलकेमिस्ट एविएशन का विमान सेसना 152 मंगलवार सुबह सोनारी हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद लापता हो गया था। प्रशिक्षु पायलट शुभ्रोदीप दत्ता व पायलट कैप्टन जीत शत्रु आनंद का शव मिला है।

# जमानत देना और शर्तें लगाना, दी चीज छीनने जैसा

नई दिल्ली, एजेंसी

- याचिकाकर्ता पर 13 प्राथमिकी हर मामले में अलग जमानतदार देने के आदेश पर सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि जमानत देना और शर्तें लगाना दाएं हाथ से दी चीज बाएं हाथ से छीनने जैसा है। कोर्ट ने कहा कि ऐसा आदेश जो संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार की रक्षा करेगा और उसकी उपस्थिति की गारंटी देगा, वह तर्कसंगत होगा।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक व्यक्ति की याचिका पर फैसला सुनाया, जिसके खिलाफ धोखाधड़ी सहित कई अपराधों के लिए कई राज्यों में 13 प्राथमिकियां दर्ज हैं। याचिकाकर्ता ने कोर्ट में दलील दी थी कि उसे इन 13 मामलों में जमानत दी गई थी और उसने दो मामलों में जमानत की शर्तें पूरी की हैं। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता की दलील थी कि वह अलग-अलग जमानतदार देने की स्थिति में नहीं है, जैसा कि 11 जमानत आदेशों में निर्देश है। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता अन्य मामलों में जमानतदार नहीं दे पाया है। जमानत देना और शर्तें लगाना, जो चीज दाहिने हाथ से दी गई है, उसे बाएं हाथ से छीनने के समान है।

### कर्मचारी समान योग्यता पर भी समान लाभ के पात्र नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को व्यवस्था दी कि कर्मचारियों के विभिन्न समूह अलग नियमों के दायरे में आते हैं और समान योग्यता प्राप्त करने पर भी वे समान लाभ के पात्र नहीं हैं। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने इसी के साथ दिल्ली हाईकोर्ट के 21 जुलाई, 2010 के आदेश और केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के 2003 के उस आदेश को रद कर दिया, जिसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) को पीएचडी करने पर अपने तकनीकी कर्मचारियों को वैज्ञानिकों के समान 1999 की योजना का लाभ देने को कहा था। आईसीएआर द्वारा 27 फरवरी, 1999 को शुरू योजना के तहत, कोई वैज्ञानिक सेवा के दौरान पीएचडी करने पर दो अग्रिम वेतन वृद्धि का पात्र था।

## सेबी प्रमुख के इस्तीफे और जेपीसी के गठन को लेकर कांग्रेस ने किया देशव्यापी प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी बुच के इस्तीफे और अदाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग को लेकर गुरुवार को देशव्यापी प्रदर्शन किया। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, पंजाब, गुजरात और कई अन्य राज्यों में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया।

अमेरिकी संस्था हिंडनबर्ग ने हाल में जारी रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि सेबी प्रमुख बुच और उनके पति की अदाणी समूह से जुड़ी कथित अनियमितताओं में इस्तेमाल किए अस्पष्ट विदेशी फंड में हिस्सेदारी थी। सेबी प्रमुख और उनके पति ने संयुक्त बयान जारी कर इन आरोपों को खारिज किया था। दिल्ली में जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन में दिल्ली कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव, वरिष्ठ नेता सचिन पायलट आदि शामिल हुए। उत्तर प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई में कांग्रेस नेताओं ने लखनऊ में राजभवन के सामने प्रदर्शन किया जेपीसी के गठन और सेबी प्रमुख के इस्तीफे की मांग की।

## खेल डायरी

### सतीश जापान ओपन के दूसरे दौर में हारे



**योकोहामा (जापान)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सतीश कुमार करूणाकरन ने गुरुवार को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में थाईलैंड के कंटाफोन वांगचारोएन के खिलाफ हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की। सतीश 70 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी से पहले गेम की बढ़त गंवाकर 21-18 18-21 8-21 से हार गये। इस तरह टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी खत्म हो गई। सतीश बुधवार को शुरूआती मैच में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन के रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में पहुंचे थे। सतीश ने अपना पहला बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट 2023 में ओडिशा मास्टर्स से जीता था।

### ससेक्स ने चेतेश्वर पुजारा से करार खत्म किया



**लंदन।** भारत के टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा अगले साल की काउंटी चैंपियनशिप के लिए ससेक्स की टीम में वापसी नहीं करेंगे क्योंकि इंग्लैंड के क्लब ने ऑस्ट्रेलिया के डेनियल ह्यूज की सेवाएं बरकरार रखने के लिए उन्हें कार्यमुक्त करने का विकल्प चुना है। क्लब ने यह भी घोषणा की कि वेस्टइंडीज के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडन सील्स इस काउंटी टीम की तरफ से चैंपियनशिप के शुरुआती मैचों में खेलेंगे। पुजारा 2024 में लगातार तीसरी बार ससेक्स की तरफ से खेले थे। ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फारब्रेस ने आधिकारिक वेबसाइट पर कहा, चेतेश्वर से करार खत्म करना आसान नहीं था लेकिन डेनियल हमारी जरूरत के अनुरूप टीम में फिट बैठे हैं और हमें खुशी है कि वह अगले पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### पैदल चाल एथलीट भावना पर 16 महीने का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष पैदल चाल एथलीट भावना जाट पर पिछले साल अगस्त में ठिकाने की जानकारी नहीं देने के लिए नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक (एडीडीपी) पैनल ने 16 महीने का प्रतिबंध लगाया है। महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल की पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी भावना को पिछले साल अगस्त में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने अस्थायी रूप से निलंबित किया था और उन्हें बुडापेस्ट से वापस बुला लिया गया था, जहां वह 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए पहुंची थीं। हालांकि उनका 16 महीने के प्रतिबंध का समय अस्थायी निलंबन की तारीख 10 अगस्त 2023 से शुरू हुआ। इस प्रकार उनका प्रतिबंध इस साल 10 दिसंबर को समाप्त हो जाएगा। नाडा नियमों के अनुच्छेद 2.4 के अंतर्गत एडीडीपी का फैसला 10 जुलाई को सुनाया गया था लेकिन इसे राष्ट्रीय डोपिंग रोधी निगरानी संस्था की वेबसाइट पर गुरुवार को ही प्रकाशित किया गया।

### अदिति, नेहा और पुलकित चैंपियन बनीं

**अम्मान (जोर्डन)।** भारतीय महिला पहलवान अदिति कुमारी, नेहा और पुलकित गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित कैडेट्स टूर्नामेंट के अपने वर्ग में अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियन बनीं। अदिति ने 43 किग्रा में यूनान की मारिया लौइजा गिकिका को 7-0 से हराया। वहीं नेहा ने 57 किग्रा के फाइनल में जापान की सो सुतसुई को पछाड़ दिया। पुलकित ने 65 किग्रा के फाइनल में तटस्थ एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रही डारिया फ्रोलोवा पर 6-3 से जीत हासिल की। वह 5-0 से आगे चल रही थीं लेकिन मुकाबले के अंत में उन्होंने पुशआउट प्वाइंट और सावधानी बरती, जिससे फ्रोलोवा को तीन अंक हासिल करने का मौका मिल गया। लेकिन पुलकित ने अंतिम 20 सेकेंड में अच्छा बचाव करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। मानसी लाठेर भी स्वर्ण पदक की दौड़ में बनी हुई हैं और 73 किग्रा के फाइनल में उनका मुकाबला हन्ना पिरस्काया से होगा।

**अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप**

## पहलवान साइनाथ पारधी ने जीता कांस्य पदक

**अम्मान, एजेंसी**


अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के साइनाथ पारधी ने पुरुषों की 51 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में कांस्य पदक जीता। जार्डन के अम्मान में बुधवार को हुई स्पर्धा में पारधी ने कजाकिस्तान के येरासिल मुसान को 3-1 से हराकर कांस्य पदक जीता।

इससे पहले उन्होंने रेपेचेज राउंड में अमेरिका के मुनारेटो डोमेनिक माइकल को 7-1 से हराकर कांस्य पदक के मुकाबले में अपनी जगह बनाई थी। इससे पहले मंगलवार को एक अन्य मुकाबले में भारतीय पहलवान रौनक दहिया ने पुरुषों की जीआर 110 किलोग्राम स्पर्धा में तुर्की के इमरुल्लाह कैपकन को 6-1 से हराकर पदक अपने नाम किया।



• अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कजाकिस्तान के येरासिल मुसान को हराया

## मेंटर के रूप में वापसी कर सकते हैं जहीर खान



**नई दिल्ली, एजेंसी**

• एक रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए फ्रेंचाइजी से चल रही है बातचीत

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में इस टूर्नामेंट में वापसी कर सकते हैं। यह 45 वर्षीय क्रिकेटर इससे पहले मुंबई इंडियंस में वैश्विक विकास का प्रमुख था। उन्होंने इसी फ्रेंचाइजी में 2018 से लेकर 2022 तक क्रिकेट निदेशक का पद भी संभाला था।

जहीर खान पहले 10 सत्र में एक क्रिकेटर के रूप में आईपीएल से जुड़े रहे। इस बीच उन्होंने तीन टीम मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) की तरफ से कुल मिलाकर 100 मैच खेले जिनमें उन्होंने 7.59 की इकोनॉमी रेट से 102 विकेट लिए। ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, जहीर खान की लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के मेंटर पद के लिए फ्रेंचाइजी से बातचीत चल रही है। यह फ्रेंचाइजी गौतम गंभीर के जाने के बाद किसी भारतीय पूर्व क्रिकेटर को अपने कोचिंग स्टाफ में जोड़ना चाहती है। गंभीर के रहते हुए लखनऊ की टीम 2022 और 2023 में दो बार प्ले-ऑफ में पहुंची थी।

### भारतीय कोच की तलाश में है पंजाब किंग्स

इस बीच पंजाब किंग्स ट्रेवर बेलिस की जगह किसी भारतीय खिलाड़ी को मुख्य कोच नियुक्त करने का इच्छुक है। रिपोर्टों के अनुसार पंजाब वीवीएस लक्ष्मण को मुख्य कोच नियुक्त करना चाहता था लेकिन यह संभव नहीं है क्योंकि भारत के पूर्व बल्लेबाज ने बीसीसीआई की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख के रूप में अपना कार्यकाल बढ़ा दिया है।

## ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर अहम होंगे पंत

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा- ऋषभ के अंदर जीत की भूख



**मुंबई, एजेंसी**

• भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की शृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी

• पंत ने 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया था

महान बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को लगता है कि जब भारतीय टीम पांच टेस्ट की शृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी तो ऋषभ पंत उसके लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे क्योंकि पिछले दौरे पर इस विकेटकीपर बल्लेबाज की जीत की भूख शानदार रही थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह पांच मैच की शृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी।

हेडन ने बुधवार को सीएट क्रिकेट रेटिंग अवाड्र्स के मौके पर पत्रकारों से कहा, ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी के अंदर जीत की भूख है और उसकी मसल मेमरी (प्रक्रियात्मक स्मृति) शानदार है। पिछली बार जब वह वहां खेला था तो वह अहम खिलाड़ी रहा था और ऑस्ट्रेलिया के दर्शकों को भी उसका खेल काफी पसंद आया था। उन्होंने कहा, पंत का खेल रोमांचक और बेहतरीन रहा था। फिर आपके पास अनुभवी खिलाड़ी जैसे विराट कोहली हैं जो फिर से अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे। बल्लेबाजी को देखते हुए मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि भारत ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर उससे भिड़ने के लिए किस तरह की रणनीति बनायेगा।

पंत ने 2022 में गंभीर कार दुर्घटना के बाद क्रिकेट में सफल वापसी की, उन्होंने 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया था जिसमें उन्होंने 97 और नाबाद 89 रन की शानदार पारियां खेलीं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे नाटकीय बदलावों में से एक में कई मुख्य खिलाड़ियों की कमी के बावजूद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया था। मेहमान टीम ने शुरुआती एडिलेड टेस्ट में 36 रन पर ऑल आउट होने के बाद वापसी करते हुए 2-1 की जीत से लगातार दूसरी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम की। कोहली को एडिलेड मैच के बाद निजी कारणों से स्वदेश लौटना पड़ा था जबकि मुख्य तेज गेंदबाज बुमराह और शमी समेत पांच खिलाड़ियों को चोट और फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण बाहर होना पड़ा था। हेडन ने कहा, भारतीय परिपेक्ष्य से यह चीज शानदार है कि पिछली जीत के दौरान उनके पास विराट कोहली नहीं थे। गाबा में जिस टीम ने जीत हासिल की थी, वह दूसरे दर्जे के गेंदबाजी लाइन अप वाली टीम थी। उन्होंने कहा, उस तरह के आत्मविश्वास की आप इस भारतीय इकाई से उम्मीद कर सकते हैं जो हमारी सरजमीं पर जाकर कहे, हमने पहले भी ऐसा किया है।

## गुकेश ने प्रज्ञाननंदा के खिलाफ बाजी ड्रॉ खेली

**सेंट लुई (अमेरिका), एजेंसी**

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर के अंतिम टूर्नामेंट सिंकफील्ड कप के तीसरे दौर में हमवतन आर प्रज्ञाननंदा के खिलाफ मुश्किल परिस्थितियों में होने के बावजूद बाजी ड्रॉ कराई। एक समय लग रहा था कि यह बाजी आसानी से ड्रॉ हो जाएगी लेकिन तभी गुकेश गलती कर बैठे।

प्रज्ञाननंदा हालांकि इसका फायदा नहीं उठा पाए और आखिर में दोनों भारतीय खिलाड़ी अंक बांटने पर सहमत हो गए। यह दोनों अभी समान 1.5 अंक लेकर संयुक्त जीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञाननंदा ने 2022 के बाद क्लासिकल बाजी में गुकेश को नहीं हराया है। फ्रांस के अलीरेज़ा फ़िरोज़ा ने भी कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हमवतन मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के खिलाफ बाजी ड्रॉ कराई। फिरोजा दो अंक लेकर रूस के इयान नेपोम्नियाचची के साथ अभी शीर्ष पर बने हुए हैं। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव भी अच्छी स्थिति में दिख रहे थे लेकिन उन्हें एक गलती बेहद महंगी पड़ी जिसका फायदा उठाकर फैबियानो कारूआना टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने में सफल रहे। तीसरे दौर में दूसरे विजेता नेपोम्नियाचची थे, जिन्होंने नीदरलैंड के अनीश गिरी के खिलाफ अपेक्षाकृत आसान जीत हासिल की। मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन ने भी वेस्ली सो के खिलाफ अपने लिए पर्याप्त मौके बनाए, लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा पाए और आखिर में उन्हें अंक बांटने पड़े।



• सिंकफील्ड कप के तीसरे दौर में दोनों भारतीय खिलाड़ी अंक बांटने पर सहमत हो गए

## अर्चना कामत ने टेबल टेनिस को अलविदा कहा

**नई दिल्ली।** अर्चना कामत को भारतीय जर्सी की कमी महसूस होगी लेकिन यह टेबल टेनिस खिलाड़ी भविष्य में अलग तरीके से अर्थशास्त्री के तौर पर देश की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल में पेरिस ओलंपिक में जर्मनी से क्वार्टर फाइनल में भारत की हार के कुछ दिनों बाद बेंगलुरु की 24 वर्षीय खिलाड़ी अर्चना ने अमेरिका की मिशिगन यूनिवर्सिटी में लोक नीति में स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने का फैसला किया। अर्चना ने जब अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की थी तब वह किशोरी थी इसलिये टेबल टेनिस से दूर जाने का फैसला उनके लिए काफी भावनात्मक रहा। लेकिन उन्हें अपने स्कूल के दिनों से ही पढ़ाई काफी पसंद थी। वह 10वीं और 12वीं में क्रमशः 98.7 और 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करके टॉपर रही थीं।

## लीड्स, बर्मिंघम, लॉर्ड्स, मैनचेस्टर ओवल करेंगे टेस्ट मैचों की मेजबानी

**लंदन, एजेंसी**

• 31 जुलाई से चार अगस्त 2025 तक होगा भारत का इंग्लैंड दौरा

• अगला डब्ल्यूटीसी चक्र 2025 से 2027 तक चलेगा

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अपने अगले चक्र का आगाज इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की शृंखला के साथ करेगी, जिसका शुरुआती मुकाबला 20 जून को तेज गेंदबाजों अनुकूल हेडिंग्ले में होगा। अगला डब्ल्यूटीसी चक्र 2025 से 2027 तक चलेगा और यह वर्तमान चक्र के फाइनल के ठीक बाद शुरू होगा। मौजूदा डब्ल्यूटीसी फाइनल भी इंग्लैंड में खेला जायेगा।

इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने रणनीतिक रूप से उन स्थानों पर मैच रखे हैं जहां इंग्लैंड के स्विंग गेंदबाजों को विशेष लाभ मिलेगा। दूसरा टेस्ट दो से छह जुलाई तक बर्मिंघम के एजबेस्टन में होगा। तीसरा टेस्ट 10 से 14 जुलाई के बीच लॉर्ड्स मैदान पर होगा, जबकि मैनचेस्टर का ओल्ड ट्रैफर्ड 23 से 27 जुलाई के बीच चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा। यह दौरा 31 जुलाई से चार अगस्त तक ओवल में अंतिम टेस्ट के साथ समाप्त होगा। शृंखला के पहले और दूसरे टेस्ट में एक सप्ताह जबकि तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच आठ दिनों का अंतराल है ताकि खिलाड़ियों को तरोताजा होने का पूरा मौका मिल सके।

### पहली बार महिला टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा लॉर्ड्स

**लंदन।** ईसीबी ने गुरुवार को घोषणा की कि ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान 2026 में भारत और इंग्लैंड के बीच महिला टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। यह पहली बार होगा जब यह मैदान इन दोनों टीमों के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। ईसीबी ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि जुलाई 2025 में भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला के बाद भारतीय टीम 2026 में एकमात्र टेस्ट के लिए वापस आयेगी। भारतीय टीम अगले साल 28 जून से 12 जुलाई के बीच पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला खेलेगी। टीम इसके बाद क्रमश: 16 (साउथम्पटन), 19 (लंदन) और 22 जुलाई (चेस्टर ली स्ट्रीट) को तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला खेलेगी। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गौल्ड ने कहा, यह वास्तव में एक विशेष अवसर होगा।

## आर श्रीधर बने अफगानिस्तान के सहायक कोच

**काबुल।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत के पूर्व क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर को अपनी टीम का सहायक कोच बनाया है। वह न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के होने वाली सीरीज में टीम के साथ जुड़ेंगे। श्रीधर लेवल-3 सर्टिफाइड कोच हैं। एसीबी ने कहा है कि भविष्य में श्रीधर का अनुबंध लंबे समय बढ़ाया जा सकता है। नब्बे के दशक में हैदराबाद के लिए बतौर बाएं हाथ के स्पिनर खेलने वाले श्रीधर ने अपने कोचिंग करियर की शुरुआत 2001 में की थी। वह 2014 अंडर-19 विश्व कप के समय में भारत की जूनियर टीम से जुड़े। इसी वर्ष उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में किंग्स इलेवन पंजाब की टीम के साथ भी काम किया। इसके बाद वह 2014 से 2021 तक लगातार सात सालों तक भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण कोच रहे।

## कभी कभार थोड़े से भाग्य की जरूरत होती है : द्रविड़

**मुंबई, एजेंसी**

महान क्रिकेटर राहुल द्रविड़ मानते हैं कि कभी कभी थोड़ी सी किस्मत भी बड़े मैच के नतीजों को प्रभावित कर सकती है, जिसके लिए उन्होंने वनडे विश्व कप फाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया से मिली दिल तोड़ने वाली हार और टीम की टी20 विश्व कप फाइनल में द. अफ्रीका के खिलाफ शानदार जीत का उदाहरण दिया।

भारत पिछले साल लगातार 10 मैच में जीत के बाद वनडे विश्व कप फाइनल में पहुंचा था लेकिन टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम जब खिताबी मुकाबले में आस्ट्रेलिया से भिड़ी तो उसके लिए कुछ भी कारगर नहीं रहा। छह महीने बाद कप्तान रोहित शर्मा और द्रविड़ ने मिलकर अधूरी कसर पूरी की। टी20 विश्व कप फाइनल में मजबूत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किस्मत ने भारतीय टीम का साथ दिया। द्रविड़ को सीएट क्रिकेट रेटिंग अवाड्र्स के दौरान लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा, मुझे इस पर विचार करने का समय मिला। मुझे उन बहुत सी चीजों को सोचने का समय मिला जो हमने की।



• द्रविड़ को सीएट क्रिकेट रेटिंग अवाड्र्स के दौरान लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिला था

## रिजवान-शकील की शतकीय पारियों ने खड़ा किया बड़ा स्कोर

**रावलपिंडी।** विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और उपकप्तान सउद शकील की शतकीय पारियों और पांचवें विकेट के लिए 240 रन की साझेदारी के दम पर पाकिस्तान ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन छह विकेट पर 448 रन पर पारी घोषित कर दी। रिजवान ने 239 गेंद में 11 चौके और तीन छक्के लगाकर 171 रन (नाबाद) की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली जबकि बायें हाथ के बल्लेबाज शकील ने लाल गेंद प्रारूप में अपनी शानदार लय जारी रखते हुए 261 गेंद में नौ चौके की मदद से 141 रन रन बनाये। दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश ने 12 ओवर में बिना किसी नुकसान के 27 रन बना लिये। सलामी बल्लेबाज शदमन इस्लाम 12 और जाकिर हसन 11 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए है।

## बॉलीवुड हलचल

### सलमान के नए गाने यू आर माइन का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के नये गाने यू आर माइन का टीजर रिलीज हो गया है। सलमान खान ने फिल्म इंडस्ट्री में कई स्टार्स को लॉन्च किया है और उनका करियर बनाया है। सलमान ने हाल ही में अपनी भांजी अलीजेह अग्निहोत्री को लॉन्च किया था और अब वह अपने भांजे अयान अग्निहोत्री का करियर बनाने में लगे हुए हैं। अयान, सलमान खान की बहन अलवीरा अग्निहोत्री और अतुल अग्निहोत्री का बेटा है। हाल ही में, अयान यानी अग्नि का पहला गाना और म्यूजिक वीडियो पार्टी फीवर रिलीज हुआ था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। अब अग्नि का एक और नया गाना यू आर माइन आ रहा है, जिसका टीजर सामने आ गया है। इस गाने को सलमान ने अपनी आवाज दी है और अग्नि ने इसमें रैप किया है। सलमान खान ने गाना यू आर माइन का टीजर अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि सलमान पेंटिंग करते हुए नजर आ रहे हैं और अग्नि उनके पास आकर मस्ती भरे अंदाज में उनसे उनके आर्टवर्क के बारे में सवाल पूछते हैं। साथ ही उन्हें रैप करके भी दिखाते हैं।

### 25 को होगा फिल्म क्रू का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

**मुंबई।** करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सैनन के अभिनय से सजी फिल्म क्रू का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर रविवार, 25 अगस्त को दोपहर एक बजे ज़ी सिनेमा पर होगा। फिल्म क्रू मध्यम वर्ग के संघर्षों को दर्शाती है, जिनमें पैसों, नैतिकता और अनचाही नौकरियों को लेकर संघर्ष दिखाए गए हैं, जिन्हें एक मनोरंजक और विश्वसनीय कहानी के जरिए बखूबी परोसा गया है। फिल्म क्रू के निर्देशक राजेश कृष्णन ने कहा, क्रू का सफर शुरू से अंत तक शानदार रहा। तब्बू, करीना कपूर और कृति सैनन जैसे शानदार कलाकारों के साथ काम करना खुशकिस्मती की बात है। उनकी केमिस्ट्री और सेट पर हमने एक-दूसरे को जो आज़ादी दी, उसने किरदारों और कहानी में कुछ इस तरह से जान फूंकी, जिसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी। मेरा लक्ष्य एक ऐसी फिल्म बनाना था, जिसमें हास्य और जज़्बातों का स्वाभाविक संतुलन हो और कलाकारों की सहजता ने इसे आसान बना दिया। मेरा मानना है कि दर्शकों को क्रू पसंद आएगी क्योंकि यह अपने विषय पर एक नया नज़रिया पेश करती है और मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि दर्शक इससे कैसे जुड़ते हैं। फिल्म क्रू तीन बिंदास फ्लाइट अटेंडेंट्स की कहानी है, जो सोने की तस्करी के जाल में फंस जाती हैं। जो किस्सा मस्ती और खेल से शुरू होता है, वो तब एक बड़ा मोड़ लेता है, जब उनकी अंतरात्मा जाग जाती है और फिर उनकी ज़िंदगी और ज्यादा उलझ जाती है।

## नवीन पटनायक ने हॉकी टीम को किया सम्मानित

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

• पेरिस ओलंपिक में भारत ने स्पेन को 2-1 से हराकर जीता था कांस्य पदक

• ओडिशा के पूर्व सीएम ने उम्मीद जताई की टीम लॉस एंजिल्स ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतेगी

ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस महीने की शुरुआत में पेरिस में ओलंपिक खेलों में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कुछ सदस्यों को गुरुवार को यहां सम्मानित किया। पेरिस ओलंपिक में भारत ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता था। पटनायक की अगुवाई वाली ओडिशा की पिछली सरकार ने भारतीय हॉकी को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई थी। ओडिशा 2018 से राष्ट्रीय पुरुष और महिला टीमों को प्रायोजित कर रहा है। पटनायक ने उम्मीद जताई की टीम 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतेगी।

पटनायक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी को मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई। मुझे उम्मीद है कि अगली बार आप स्वर्ण पदक लाएंगे। इस मौके पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की के साथ सुमित, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक और संजय मौजूद थे। सुमित ने उस समय हॉकी का समर्थन करने के लिए पटनायक को धन्यवाद दिया जब खेल को इसकी सबसे अधिक आवश्यकता थी। ललित ने कहा कि ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री ने व्यापक पैमाने पर इस खेल का उद्धार किया। इससे पहले भारतीय टीम का बुधवार को यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया था और ओडिशा सरकार ने उसे सम्मानित किया। राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने टीम के सदस्यों के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की जिसमें राज्य के स्टार खिलाड़ी अमित रोहिदास को चार करोड़ रुपये दिए गए। भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश को 50 लाख रुपये दिए गए जबकि टीम के अन्य खिलाड़ियों को 15-15 लाख रुपये दिए गए। सहयोगी स्टाफ को 10-10 लाख रुपये दिए गए।



### मीराबाई चानू और नीलकांत सम्मानित

**इंफाल।** पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाली भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू और हॉकी खिलाड़ी नीलकांत शर्मा को बुधवार को मणिपुर पुलिस ने सम्मानित किया। यहां जारी बयान के अनुसार पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने यहां एक समारोह में मीराबाई और नीलकांत को सम्मानित किया। नीलकांत पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य थे। भारत ने तीसरे स्थान के मैच में स्पेन को हराकर लगातार दूसरे ओलंपिक खेल में कांस्य पदक हासिल किया। बयान के अनुसार, मणिपुर पुलिस को उनकी उपलब्धियों और राष्ट्र के प्रति योगदान पर गर्व है और उनके भविष्य के प्रयासों में हर संभव प्रोत्साहन और समर्थन का आश्वासन दिया जाता है। मीराबाई राज्य पुलिस में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हैं, जबकि नीलकांत भारतीय रेलवे में काम करते हैं।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

